CMYK

news@group5.in group5news group5news

www.group5news.com

www.group5news.com/epaper

हिन्दी दैनिक

# ग्रुप-5 समाचार

सदैव आपके साथ...

लखनऊ || शनिवार || 12 अप्रैल , 2025 वर्षः 17 || अंक : 113 || पृष्ठः 12 || मूल्यः 2/-



अंदर पढ़ें » 07 जोमैटो ने इस देश के कारोबार को किया बंद » 08 एकमात्र कप्तान जिसने 200 के स्ट्राइक रेट से की .. » 11 मानुषी छिल्लर से सीखिए कैसे चुनें ऐसे ..

# दिल्ली की सड़कों पर छोटी इलेक्ट्रिक बसें उतारने की तैयारी

- **नए नाम से ब्रांडिंग करेगी सरकार 300 बसों की ब्रांडिंग होनी बाकी**

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** दिल्ली सरकार 9 मीटर लंबाई वाली छोटी साइज की इलेक्ट्रिक बसों को इसी महीने सड़कों पर उतारने की तैयारी कर रही है। इनके परिचालन की राह में आ रही मुख्य बाधा को अब दूर कर लिया गया है और बस निर्माता कंपनियों व ऑपरेटरों को बसें परिचालन के लिए पूरी तरह तैयार रखने का निर्देश दे दिया है। हालांकि, अभी इनकी नए सिरे से ब्रांडिंग होना बाकी है। पिछली सरकार ने इन छोटी इलेक्ट्रिक बसों को मोहल्ला बसों के नाम से चलाने का निर्णय लिया था, लेकिन अब नई सरकार एक नए नाम के साथ इन बसों को सड़कों पर उतारेगी। सूत्रों से मिली जानकारी के मुताबिक, सरकार ने इलेक्ट्रिक बसें मुहैया कराने वाली तीनों कंपनियों जेबीएम, पीएमआई और स्विच मोबिलिटी को 6 महीने का वक्त दे दिया है। इस दौरान इन कंपनियों को आई कैट और एआरएआई जैसी एक्सपर्ट एजेंसियों से अपनी बसों की जांच करवा के स्वदेशीकरण के



सर्टिफिकेशन की प्रक्रिया को पूरा करना होगा और सभी जरूरी डॉक्यूमेंट्स ट्रांसपोर्ट विभाग को सब्मिट करने होंगे। इसके लिए इन कंपनियों ने सरकार को लिखित में अंडरटेकिंग भी दे दी है। कुशक नाला डिपो पर 9 मीटर लंबाई वाली 300 इलेक्ट्रिक बसें पहले से ही आकर खड़ी हैं। इनमें से 180 बसें बिल्कुल रेडी कंडीशन में हैं। सरकार से ग्रीन सिग्नल मिलते ही 10 दिनों के अंदर उन पर नए सिरे से ब्रांडिंग करके उन्हें सड़कों पर उतारा जा सकता है। इसके अलावा क्लस्टर स्कीम के तहत चलाने के लिए भी 12 मीटर लंबाई वाली बड़ी साइज की 80 इलेक्ट्रिक बसें भी तैयार हैं। डीटीसी की भी कुछ इलेक्ट्रिक बसें सड़कों पर उतरने के लिए तैयार है। बताया जा रहा है कि छोटी-बड़ी 300 से अधिक इलेक्ट्रिक बसों को सड़कों पर उतारने की तैयारी है, जिसके बाद पुरानी बसों के फेज आउट होने से पैदा होने वाली बसों की कमी को काफी हद तक दूर किया जा सकेगा।

## तमिलनाडु में बीजेपी और एआईएडीएमके का गठबंधन

- **आगामी विधानसभा चुनाव एक साथ लड़ेंगी दोनों पार्टियां, अमित शाह ने किया बड़ा ऐलान**





**चेन्नै (एजेंसी)।** अन्नाद्रमुक यानी एआईएडीएमके और बीजेपी ने शुक्रवार को 2026 के तमिलनाडु विधानसभा चुनावों के लिए गठबंधन की घोषणा की। एक संयुक्त प्रेस कॉन्फ्रेंस में यह जानकारी दी गई। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने औपचारिक रूप से इसका ऐलान किया। उन्होंने यह भी बताया कि चुनाव में एनडीए का नेतृत्व के पलानीस्वामी करेंगे। बताया गया है कि दोनों पार्टियां मिलकर चुनाव लड़ेंगी और पलानीस्वामी राज्य स्तर पर एनडीए का नेतृत्व करेंगे। इस ऐलान से कुछ देर पहले ही बीजेपी ने नए प्रदेश अध्यक्ष के नाम की घोषणा की। बीजेपी ने तमिलनाडु में नयनार नागेंद्र को राज्य की कमान सौंपी है।

## यूपी के आगरा की मस्जिद में माहौल बिगाड़ने की साजिश

- **मांस का टुकड़ा रखने वाला मुस्लिम युवक अरेस्ट**

**आगरा (एजेंसी)।** उत्तर प्रदेश आगरा की जामा मस्जिद में मांस का टुकड़ा रखे जाने के बाद से सनसनी मची हुई थी। माहौल तनावपूर्ण हो गया। मामले की जानकारी मिलते ही पुलिस ऐक्टिव हुई और आरोपी



को पुलिस गिरफ्तार कर लिया है। युवक नजीउद्दीन पुत्र सलाउद्दीन निवासी ढोलीखार थाना मंटोला है। पुलिस के अनुसार, युवक स्कूटी से मस्जिद आया था। उसने दुकान से एक सफेद रुमाल खरीदा। उसे अपने मुंह पर बांध लिया।

## जम्मू-कश्मीर के किश्तवाड़ में मारा गया एक आतंकी

- **जंगली इलाके में सेना ने 2-3 आतंकियों को घेरा, एनकाउंटर जारी**

**श्रीनगर (एजेंसी)।** जम्मू-कश्मीर के किश्तवाड़ जिले के घने जंगलों में चल रहे एनकाउंटर में सुरक्षाबलों ने शुक्रवार को एक आतंकी मार गिराया है। 2-3 आतंकियों को अभी सुरक्षाबलों ने घेर रखा है। एनकाउंटर



जारी है। अभी तक किसी सुरक्षाकर्मी के घायल होने की खबर नहीं है। सुरक्षा बलों ने 9 अप्रैल को चत्रू जंगल के इलाके में संदिग्ध गतिविधि देखी थी, जिसके बाद आतंकियों और सुरक्षाबलों के बीच फायरिंग शुरू हुई थी। यहां बड़ी तादाद में सुरक्षा बल तैनात हैं। आसपास के गांवों में भी अलर्ट है। स्थानीय लोगों से भी सतर्क रहने और संदिग्ध गतिविधि की सूचना देने की अपील की गई है।

**बिहार और बंगाल चुनाव से भी आगे है पार्टी की नजर**

# 'वक्फ' का राजनीतिक फायदा उठाने में जुटी बीजेपी

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** वक्फ (संशोधन) विधेयक के कानून बनने के बाद से विपक्ष ने बीजेपी और मोदी सरकार को घेरने में कोई कसर नहीं छोड़ रखी है। सारी तैयारी इस साल अक्टूबर-नवंबर में होने वाले बिहार विधानसभा चुनाव और अगले साल के पश्चिम बंगाल और केरल जैसे राज्यों में चुनाव

- **20 अप्रैल से 'जनजागरण अभियान' चलाएगी बीजेपी**

को लेकर है। जहां कांग्रेस और विपक्ष में उसके अन्य साथियों को लग रहा है कि यह एक ऐसा मुद्दा है, जिस पर न सिर्फ मुस्लिम वोट गोलबंद होगा, बल्कि ईसाई जैसे अन्य अल्पसंख्यक समुदाय पर भी डोरे डाले जा सकते हैं। लेकिन, भाजपा ने इस चुनौती को भी अवसर में बदलने की तैयारी शुरू कर दी है। बीजेपी 20 अप्रैल से 15 दिनों के लिए 'वक्फ सुधार जनजागरण अभियान' शुरू करने जा रही है। नाम से तो लग रहा है कि पार्टी इसके माध्यम से नए वक्फ कानून से जुड़ी गलतफहमियां दूर करने वाली है, लेकिन इसके माध्यम से वह विपक्ष की ओर से इस मुद्दे पर चलाए जा रहे नैरेटिव को न सिर्फ काटने की तैयारी में है, बल्कि इसके





माध्यम से अपना चुनावी समीकरण भी मजबूत करना चाहती है। गुरुवार को बीजेपी के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा की अगुवाई में पार्टी मुख्यालय में 'वक्फ सुधार जनजागरण अभियान' को लेकर एक वर्कशॉप का आयोजन किया गया।

### पसमांदा और मुस्लिम महिला ईसाई समुदाय पर फोकस

वक्फ सुधार जनजागरण अभियान की औपचारिक शुरुआत से पहले पार्टी इसी तरह के वर्कशॉप जिला और प्रदेश स्तर पर भी आयोजित करने जा रही है। दरअसल, इसके माध्यम से बीजेपी न सिर्फ मुस्लिम महिलाओं तक नए वक्फ कानून की हकीकत पहुंचाना चाहती है, बल्कि पसमांदा मुसलमानों से लेकर ईसाई समुदाय तक इससे जुड़ी सही जानकारियां ले जाना चाहती है। दरअसल, वक्फ कानून के खिलाफ देश के कई हिस्सों में प्रदर्शन हो रहे हैं और कहीं न कहीं विपक्ष भी इस मुद्दे को जिंदा रखना चाहता है। लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी तो यहां तक आरोप लगा चुके हैं कि बीजेपी यहीं तक नहीं रुकने वाली, वह ईसाइयों से जुड़े स्थानों को भी टारगेट करना चाहती है। यह सब कुछ बिहार, पश्चिम बंगाल और केरल विधानसभा चुनावों के मद्देनजर हो रहा है। इन सभी राज्यों में मुस्लिम मतदाताओं की जनसंख्या बहुत ज्यादा मायने रखते है। वहीं केरल और नॉर्थ ईस्ट में ईसाई वोटरों की भी खास अहमियत है। यही वजह है कि बीजेपी अपने अल्पसंख्यक मोर्चे के माध्यम से न सिर्फ पिछड़े मुसलमानों तक नए कानून से संबंधित जानकारी पहुंचाना चाहती है, बल्कि ईसाई वोटरों तक भी पुराने वक्फ कानून की जानकारी देना चाहती है कि इसमें बदलाव करना क्यों जरूरी हो गया था।

### एनडीए दलों की चिंता दूर करने की भी कोशिश!

हो सकता है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 16 अप्रैल को हरियाणा में होने वाले एक कार्यक्रम में नए वक्फ कानून पर अपना नजरिया जाहिर कर सकते हैं। इसी दिन करने वाला है। बता दें कि जब संसद में वक्फ संशोधन विधेयक पर बहस हो रही थी तो विदेश दौरे पर होने की वजह से वह उसमें शामिल नहीं हो पाए थे। क्योंकि, विपक्ष इस कानून को बीजेपी के खिलाफ बहुत बड़ा हथियार समझ बैठा है, इसलिए हो सकता है कि अपने अंदाज में पीएम मोदी इससे होने वाले सियासी फायदे के लिए बिसात बिछानी शुरू कर दें। इसकी संभावना इस वजह से भी बढ़ गई है, क्योंकि बिहार में नीतिश कुमार के जेडीयू और चिराग पासवान की एलजेपी (रामविलास) और जीतन राम मांझी के हिंदुस्तान आवाम मोर्चा को नए कानून की वजह से चुनावों में असहजता का सामना करना पड़ सकता है।

# टॉप-सीक्रेट मिशन के तहत भारत लाया गया तहव्वुर राणा

- **सुरक्षाबलों के मोबाइल जमा हुए, फ्लाइट की रियल टाइम मॉनीटरिंग, हाथ भी अधिकारियों ने पकड़े**





**नई दिल्ली (एजेंसी)।** 2008 मुंबई आतंकी हमले के मास्टरमाइंड 64 साल के तहव्वुर राणा को 10 अप्रैल को स्पेशल विमान से अमेरिका से भारत लाया गया। राणा का प्रत्यर्पण टॉप-सीक्रेट मिशन 'ऑपरेशन राणा' के तहत हुआ। ऑपरेशन के दौरान जब राणा को अमेरिका से फ्लाइट में भारत लाया जा रहा था, जब एनआईए का एक अधिकारी पूरे रास्ते उसका हाथ पकड़कर बैठा रहा। ऐसा इसलिए ताकि तहव्वुर राणा खुद को कोई नुकसान न पहुंचा सके। राणा अभी 18 दिन की एनआईए कस्टडी में है, जहां उससे पूछताछ की जाएगी। भारत लाए जाने के बाद उसे दिल्ली की पटियाला हाउस कोर्ट में पेश किया गया था। जहां एनआईए ने उसकी कस्टडी मांगी थी। राणा ने मुंबई 26/11 अटैक के मुख्य आरोपी डेविड कोलमैन हेडली की मदद की थी। 26 नवंबर 2008 को मुंबई में आतंकवादी संगठन लश्कर-ए-तैयबा के 10 आतंकियों ने हमले किए। ये हमले चार दिनों तक चले। इन हमलों में कुल 175 लोग मारे गए, जिनमें 9 हमलावर भी शामिल थे और 300 से अधिक लोग घायल हुए। प्रत्यर्पण में एनआईए के सामने एक और बड़ी चुनौती थी वह थी ऑपरेशन राणा की भनक पाकिस्तान स्थित आतंकवादी गुटों को न लगने देना।

### देर रात 2 बजे कोर्ट ने दिया कस्टडी की फैसला

तहव्वुर राणा की दिल्ली की पटियाला हाउस कोर्ट ने 18 दिन की एनआईए की कस्टडी में भेज दिया। एजेंसी ने आतंकी हमलों को अंजाम देने में राणा की भूमिका की जांच करने के लिए कोर्ट से 20 दिन की रिमांड मांगी थी। स्पेशल जज चंद्रजीत सिंह ने बंद कमरे में मामले की सुनवाई की और 10 अप्रैल की देर रात 2 बजे फैसला सुनाया। एनआईए ने पटियाला हाउस कोर्ट में जब तहव्वुर राणा की कस्टडी मांगी तो कहा कि उससे पूछताछ जरूरी है। एजेंसी ने कहा कि मुंबई हमले की साजिश का पर्दाफाश करने के लिए हिरासत में लेकर पूछताछ करनी होगी। आतंकी हमलों को अंजाम देने में राणा की भूमिका की भी जांच करेंगे।



# वक्फ कानून के खिलाफ कोलकाता में सड़कों पर उतरे स्टूडेंट्स

**श्रीनगर में बीजेपी का प्रदर्शन, मुस्लिम पर्सनल लॉ बोर्ड का वक्फ बचाव अभियान शुरू**

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** नए वक्फ कानून के विरोध में पश्चिम बंगाल के कोलकाता में प्रदर्शन किया जा रहा है, ये प्रदर्शन आलिया यूनिवर्सिटी के छात्र कर रहे हैं। मुस्लिम संगठनों ने भी छात्रों का समर्थन किया है। बड़ी संख्या में लोग इस प्रदर्शन में जमा हुए हैं। इधर, जम्मू-कश्मीर के श्रीनगर में पीपुल्स डेमोक्रेटिक पार्टी के कार्यकर्ताओं ने शुक्रवार सुबह विरोध प्रदर्शन किया। पुलिस ने पार्टी ऑफिस के बाहर ही बैरिकेड्स लगाकर प्रदर्शनकारियों को रोक दिया। यह विरोध प्रदर्शन टीएमसी के महासचिव खुर्शीद आलम के नेतृत्व में किया गया। टीएमसी कार्यकर्ता नए वक्फ कानून के विरोध में शहर के केंद्र की ओर मार्च करना चाहते थे, लेकिन पुलिस ने उन्हें इसकी इजाजत नहीं दी। दरअसल, ऑल इंडिया मुस्लिम पर्सनल लॉ बोर्ड का शुक्रवार से देशभर में वक्फ बचाव अभियान शुरू हो गया है। इसका पहला फेज 07 जुलाई यानी 87 दिन तक चलेगा। इसमें वक्फ कानून के विरोध में 1 करोड़ हस्ताक्षर कराए जाएंगे। जो पीएम मोदी को भेजे जाएंगे। इसके बाद अगले फेज की रणनीति तय की जाएगी। बोर्ड के महासचिव मौलाना फजलुर रहीम मुजद्दिदी ने वीडियो मैसेज जारी किया है। वीडियो में मुजद्दिदी ने सरकार पर सांप्रदायिक एजेंडा चलाने और धर्मनिरपेक्षता को कमजोर करने का आरोप लगाया है। उन्होंने वीडियो में कहा- यह अभियान वक्फ संपत्तियों की रक्षा और विधेयक को निरस्त करने की मांग को लेकर चलाया जा रहा है। बोर्ड का मानना है कि यह विधेयक स्वायत्तता को नुकसान पहुंचाएगा।

# पीएम ने एयरपोर्ट पर ही मांगी गैंगरेप केस की जानकारी

**कमिश्नर से कहा-दोषी बचने न पाएं, 23 लड़कों ने 7 दिन तक किया था गैंगरेप**

**वाराणसी (एजेंसी)।** पीएम नरेंद्र मोदी शुक्रवार सुबह 10 बजकर 7 मिनट पर अपने 50वें दौरे पर वाराणसी पहुंचे। एयरपोर्ट पर उतरते ही पीएम ने पुलिस कमिश्नर मोहित अग्रवाल से छात्रा से गैंगरेप केस को लेकर सवाल-जवाब किए। उन्होंने कमिश्नर से वारदात की पूरी जानकारी ली। कहा- सभी दोषियों पर सख्त ऐक्शन हो। साथ ही, ऐसी घटना दोबारा न होने पाए। यह घटना 15 दिन पहले की है कमिश्नर ने पीएम मोदी को केस की पूरी स्टेटस रिपोर्ट बताई। उन्होंने कहा कि इस मामले में मुख्य आरोपी समेत 9 लोगों को जेल भेजा जा चुका है। तीन और आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है। मुख्य आरोपी का कैफे सील कर दिया गया है। दरअसल, वाराणसी में ग्रेजुएशन की छात्रा से 29 मार्च को 23 लड़कों ने 7 दिन तक गैंगरेप किया था, फिर उसे सड़क पर फेंक कर भाग गए थे। छात्रा बदहवास हालत में घर पहुंची और दो दिन तक बेहोश रही थी। एयरपोर्ट से पीएम हेलिकॉप्टर से मेहंदी गंज पहुंचे। यहां सीएम योगी ने उनका स्वागत किया। उन्हें कमल छतरी भेंट की। पीएम ने यहां 3,884 करोड़ के 44 प्रोजेक्ट्स का लोकार्पण और शिलान्यास किया। इसके बाद पीएम मोदी ने करीब 35 मिनट तक जनसभा को संबोधित किया। स्पीच में उनका फोकस में किसानों और महिलाओं पर रहा। जो लोग सिर्फ सत्ता हथियाने के लिए दिन रात खेल खेलते रहते हैं। उनका सिद्धांत है- परिवार का साथ, परिवार का विकास। 2036 में ओलिंपिक भारत में हो, इसके लिए हम प्रयासरत हैं। ओलिंपिक में मेडल के लिए काशी के नौजवानों को अभी से तैयारी शुरू करनी होगी। पीएम ने भोजपुरी में कहा- काशी के हमरे परिवार के लोगन के हमार प्रणाम, आप सब लोग। यहां हमें आपन आशीर्वाद देला।



# युद्ध, संघर्ष, मानवीय मूल्यों से जुड़ी चिंताएं हमारे सामने

- **पीएम बोले-इन चुनौतियों का समाधान अद्वैत के विचार में मिलेगा**

**भोपाल।** अशोकनगर के ईसागढ़ स्थित श्री आनंदपुर धाम पहुंचे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि आनंदपुर धाम में आकर मन अभिभूत है। हृदय आनंद से भर गया। जिस भूमि का कण-कण संतों की तपस्या से सींचा गया हो, जहां परमार्थ परंपरा बन गया हो। वो



धरती साधारण नहीं है। हमारे संतों ने अशोकनगर के बारे में कहा था कि यहां शोक आने से डरता है। पीएम मोदी ने कहा कि दुनिया में भौतिक उन्नति के बीच मानवता के लिए युद्ध, संघर्ष और मानवीय मूल्यों से जुड़ी कई चिंताएं हमारे सामने हैं। इनकी जड़ में क्या है। इनकी जड़ में अपने और पराए की मानसिकता है। ये मानसिकता मानव से मानव को दूर करती है। आज विश्व भी सोच रहा है इनका समाधान कहां मिलेगा। इनका समाधान अद्वैत के विचार में मिलेगा। अद्वैत यानी यहां कोई द्वैत नहीं है। इससे पहले पीएम मोदी ने परमहंस अद्वैत मत के मंदिरों में दर्शन किए। प्रमुख गुरू से भेंट की। वे सत्संग कार्यक्रम में शामिल हुए हैं।

# राहुल गांधी ने रणथंभौर में की टाइगर सफारी

**एरोहेड और शावकों की अठखेलियां देखी, कांग्रेस कार्यकर्ता के साथ फोटो खिंचवाई**

**सवाई माधोपुर (एजेंसी)।** कांग्रेस नेता और लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी निजी यात्रा पर रणथंभौर में हैं। राहुल गांधी ने गुरुवार सुबह-शाम और शुक्रवार को सुबह लगातार टाइगर सफारी का लुत्फ उठाया। इस दौरान उन्हें लगातार तीनों सफारी में बाघ-बाघिन के दीदार हुए। जोन नंबर 2 में फिमेल टाइगर को शिकार करते देखा। राहुल गांधी ने गुरुवार सुबह जोन नंबर 3 के गूलर वन क्षेत्र में बाघिन सिद्धि के दीदार हुए। यहां शावक को स्वच्छंद घूमते देखकर राहुल गांधी खासे उत्साहित दिखाई दिए। गुरुवार शाम की पारी में जोन नंबर 2 में फीमेल टाइगर के दीदार किए। इस दौरान उन्होंने बाघिन टी-84 एरोहेड व उसके शावकों की अठखेलियां देखी। राहुल गांधी ने शिवराज एनीकट वन क्षेत्र में बाघिन और उसके शावकों को शिकार का लुत्फ उठाता देखा। जिसे उन्होंने अपने कैमरे में कैद किया। वहीं शुक्रवार सुबह की पारी में राहुल गांधी ने रणथंभौर के जोन नंबर 2 और 3 में सफारी की। जहां उन्होंने जोन नंबर 2 पर रिद्धि व उसके शावक और जोन नंबर 3 में ऐरोहेड व उसके शावकों के दीदार किए। आज सुबह की पारी में टाइगर सफारी करने पहुंचे राहुल गांधी ने लोगों के साथ फोटो पर खिंचवाई इस दौरान आज सुबह की पारी में जब राहुल गांधी ने टाइगर पार्क के मैन गेट पर कांग्रेस के ब्लॉक अध्यक्ष छुट्टन लाल मीणा से मुलाकात की। उन्होंने करीब 2 मिनट बात करके फोटो भी खिंचवाई। छुट्टन लाल मीणा सवाई माधोपुर गणेश धाम पर रणथंभौर के टी-शर्ट, टोपी और हैंडीक्राफ्ट सामान बेचते हैं। जानकारी के अनुसार कांग्रेस नेता राहुल गांधी अहमदाबाद में आयोजित कांग्रेस के राष्ट्रीय अधिवेशन से बुधवार को सीधे अहमदाबाद से फ्लाइट से जयपुर पहुंचे।



CMYK

## पुलिस हैण्डबाल क्लस्टर 'हैण्डबाल-बास्केटबाल' प्रतियोगिता का समापन

# डीजीपी ने खिलाड़ियों को किया सम्मानित



**लखनऊ, (ग्रुप 5 संवाददाता)।** पुलिस महानिदेशक ने प्रथम अखिल भारतीय पुलिस हैण्डबाल क्लस्टर-2024-25 (हैण्डबाल-बास्केटबाल) प्रतियोगिता का समापन समारोह में विजेताओं को किया सम्मानित। प्रथम अखिल भारतीय पुलिस हैण्डबाल क्लस्टर-2024-25 (हैण्डबाल-बास्केटबाल) प्रतियोगिता का मुख्य अतिथि प्रशान्त कुमार पुलिस महानिदेशक ने शुक्रवार को 35वी वाहिनी पीएसी महानगर लखनऊ में समापन किया। इस अवसर पर पुलिस महानिदेशक ने मार्च पास्ट की सलामी ली गयी तथा मान प्रणाम ग्रहण किया एवं विजेता खिलाड़ियों को सम्मानित किया गया। पांच दिवसीय प्रतियोगिता के समापन के अवसर पर प्रतियोगिता में प्रतिभाग करने वाले देश के विभिन्न राज्यों, केन्द्र शासित प्रदेशों एवं केन्द्रीय अर्धसैनिक बलों की 75 टीमों के 311 महिला खिलाडी व 757 पुरुष खिलाडियों का हार्दिक स्वागत एवं अभिनन्दन करते हुए कहा गया कि इस भव्य खेल के महाकुंभ के समापन के अवसर पर मन गर्व से भरा है, लेकिन दिल कहीं न कहीं भावुक भी है। पूरे देश से आई टीमों ने इस आयोजन को सिर्फ प्रतिस्पर्धा का मंच नहीं, बल्कि एक परिवार की तरह जीवंत बना दिया। इन कुछ दिनों में आप सभी ने सिर्फ खेल ही नहीं खेले है, बल्कि रिश्ते भी गढ़े, यादे भी बनाई और उत्तर प्रदेश पुलिस के साथ एक ऐसा आत्मीय संबंध जोड़ दिया जो समय के साथ और गहरा होता जाएगा। पुलिस महानिदेशक ने खिलाडियों को सम्बोधित करते हुए कहा कि खेल केवल प्रतिस्पर्धा का माध्यम नहीं, बल्कि व्यक्तित्व के निर्माण की एक सशक्त प्रक्रिया हैं। विशेष रूप से जब हम पुलिस बल की बात करते हैं, तो खेल केवल मनोरंजन नहीं, बल्कि दायित्वबोध, निर्णय क्षमता, और साहस को पोषित करने का माध्यम बन जाते हैपुलिस महानिदेशक प्रशान्त कुमार, अपर पुलिस महानिदेशक पीएसी सुजीत पाण्डेय, पुलिस महानिरीक्षक पीएसी मध्यजोन प्रीतिन्दर सिंह, पुलिस महानिरीक्षक पीएसी आशुतोष कुमार सहित पुलिस एवं प्रशासन के उच्चाधिकारी प्रतियोगिता के उत्कृष्ठ व्यवस्थापन एवं सफल आयोजन तथा इस चौम्पियनशिप में जीतने वाली सभी टीमों के खिलाड़ियों के साथ-साथ चौम्पियनशिप में प्रतिभाग करने वाले सभी खिलाड़ियों उनके कोच, मैनेजर व प्रतियोगिता से जुड़े सभी लोगो को बधाई दी।

### सेवानिवृत आईपीएस अधिकारी के निधन पर पुलिस मुख्यालय में शोक सभा, डीजीपी ने अर्पित की श्रद्धांजलि



**लखनऊ।** सेवानिवृत्त आईपीएस अधिकारी के निधन पर उनकी स्मृति में पुलिस मुख्यालय में शोक सभा का आयोजन शुक्रवार को पुलिस मुख्यालय स्थित सभागार में विक्रम श्रीवास्तव (आईपीएस-आरआर-1973) सेवानिवृत्त पुलिस महानिदेशक के 27मार्च-2025 को हुये निधन के परिपेक्ष्य में शोक-सभा का आयोजन किया गया। पुलिस महानिदेशक प्रशान्त कुमार सहित वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों ने दिवंगत पुलिस अधिकारी को श्रद्धांजलि अर्पित की गयी। विक्रम श्रीवास्तव का जन्म 18 मार्च, 1952 को इलाहाबाद में हुआ था। वर्ष 1973 में भारतीय पुलिस सेवा में चयनित हुए। प्रशिक्षण के उपरान्त वह सहायक पुलिस अधीक्षक कानपुर नगर, सेनानायक 36वीं वाहिनी पीएसी वाराणसी, पुलिस अधीक्षक रेलवे इलाहाबाद, पुलिस अधीक्षक, रामपुर, एटा, पुलिस अधीक्षक सीबीसीआईडी मुख्यालय लखनऊ, पुलिस अधीक्षक प्रशिक्षण एवं सुरक्षा लखनऊ के पदों पर नियुक्त रहे तथा यहीं से वर्ष 1985 में केन्द्रीय प्रतिनियुक्ति पर प्रस्थान किये।

# एलडीए ने मोहनलालगंज में तीन अवैध प्लाटिंग पर चलाया बुलडोजर





**लखनऊ, (ग्रुप 5 सं.)।** लखनऊ विकास प्राधिकरण द्वारा शहर में अवैध प्लाटिंग के खिलाफ लगातार चलाये जा रहे अभियान के क्रम में शुक्रवार को प्रवर्तन टीम ने मोहनलालगंज क्षेत्र में कार्यवाही की। इस दौरान लगभग 40 बीघा, 7 बीघा और 50 बीघा क्षेत्रफल में की जा रही 03 अवैध प्लाटिंग को ध्वस्त किया गया। प्रवर्तन जोन-2 के जोनल अधिकारी शशिभूषण पाठक ने बताया कि उमाकांत सिंह व अन्य द्वारा स्पर्श सिटी के नाम से मौरावा रोड, भसण्डा, मोहनलालगंज में लगभग 40 बीघा क्षेत्रफल में अनाधिकृत रूप से प्लाटिंग का कार्य करते हुए अवैध कालोनी विकसित की जा रही थी। प्राधिकरण से ले-आउट स्वीकृत कराये बिना अवैध तरीके से की जा रही इस प्लाटिंग को पूर्व में ध्वस्त किया गया था। लेकिन, विपक्षियों द्वारा पुनः स्थल पर विकास कार्य कराते हुए भूखण्ड बेचने का प्रयास किया जा रहा था। इस पर मंगलवार को प्रवर्तन टीम द्वारा स्थल पर पुनः विकास कार्यो को ध्वस्त किया गया। वहीं, इससे से लगभग आधा किलोमीटर की दूरी पर सुनील कुमार चौबे, राकेश तिवारी व अन्य द्वारा लगभग 07 बीघा क्षेत्रफल में अवैध रूप से प्लाटिंग का कार्य किया जा रहा था। इसी तरह लवकुश यादव पुत्र हरदेव लाल यादव द्वारा उपवन सिटी (संस्कृति इन्फ्रा कम्पनी) के नाम से रानीखेड़ा, डेहवा, मौरावा रोड, थाना-मोहनलालगंज में लगभग 50 बीघा क्षेत्रफल में अनाधिकृत रूप से प्लाटिंग का कार्य करते हुए अवैध कालोनी विकसित की जा रही थी। प्राधिकरण से ले-आउट स्वीकृत कराये बिना की जा रही इन अवैध प्लाटिंग के विरूद्ध विहित न्यायालय द्वारा ध्वस्तीकरण के आदेश पारित किये गये थे। जिसके अनुपालन में प्रवर्तन टीम द्वारा पुलिस बल के सहयोग से अवैध प्लाटिंग के ध्वस्तीकरण की कार्यवाही करायी गयी। जिसमें डेवलपर द्वारा स्थल पर विकसित की गयी सड़क, नाली, बाउन्ड्रीवॉल आदि को ध्वस्त कर दिया गया।

# बिजलीकर्मियों को घटिया सुरक्षा उपकरण उपलब्ध करा रही कंपनी, शिकायत के बाद जांच की तैयारी

**ग्रुप 5 संवाददाता**







**लखनऊ।** बिजली विभाग में हर साल लाइनों पर काम करते हुए बड़ी संख्या में कर्मचारियों की मौत हो जाती है। मौत होने के पीछे की बड़ी वजह सुरक्षा उपकरणों की कमी है। जो उपकरण उपलब्ध कराए भी जा रहे हैं उनकी भी क्वालिटी अच्छी नहीं है। कर्मचारियों ने घटिया क्वालिटी के सुरक्षा उपकरण उपलब्ध कराए जाने की शिकायत अधिकारियों से की है। इनमें गम बूट, अकुशल जूते, हेलमेट, ग्लव्स और सेफ्टी बेल्ट प्रमुख हैं। बिजली की लाइनों पर काम करने वाले कर्मियों की सुरक्षा के लिए मध्यांचल विद्युत वितरण निगम लिमिटेड की तरफ से सुरक्षा उपकरणों की खरीद के लिए एक कंपनी को टेंडर दिया जो उपकरण उपलब्ध करा रही है। कर्मचारियों का आरोप है कि उपकरण घटिया क्वालिटी के हैं। सिर पर लगाया जाने वाला हेलमेट हो या फिर गमबूट किसी भी उपकरण की क्वालिटी मानक के अनुरूप नहीं है। कर्मचारियों का कहना है कि अगर वह इन उपकरण के साथ लाइन पर काम करते हैं तो घटना के समय घटिया उपकरण जान बचाने के काम नहीं आते हैं। विद्युत दुर्घटनाओं से हर साल बड़ी संख्या में कर्मियों की मौत हो जाती है। कई कर्मचारी अपने अंग खो देते हैं। कर्मचारियों की सुरक्षा के लिए कई बार शक्ति भवन स्तर से आदेश निर्देश दिए गए हैं। हर बार यह आरोप लगा कि कर्मियों को सुरक्षा उपकरण नहीं मिल पाते जिस कारण दुर्घटना के समय कर्मचारियों की जान जाने का खतरा पैदा हो जाता है। इससे बचने के लिए डिस्कॉम स्तर पर सुरक्षा उपकरणों की खरीद का अनुबंध किया जा रहा है। इस अनुबंध के बाद टीएण्डएम को लखनऊ विद्युत संपूर्ति प्रशासन (लेसा) में सुरक्षा उपकरण की आपूर्ति का ठेका दिया गया। कम्पनी इन दिनों लखनऊ के अलग-अलग डिवीजन में उपकरण वितरित कर रही है। इन उपकरणों में गमबूट, अकुशल जूते, हेलमेट, सेफ्टी बेल्ट और ग्लव्स शामिल हैं।

### कमीशनखोरी की आशंका

सुरक्षा के नाम पर जो उपकरण खरीदे गए हैं उनकी जांच उच्च अधिकारियों ने कराई गई होगी। उपकरणों को मानक पर परखा भी गया होगा। क्वालिटी चेक की रिपोर्ट भी बनी होगी अधिकारियों ने उसे मान्य भी किया होगा। इसके बाद भी कर्मचारियों को घटिया क्वालिटी के उपकरण दिए जा रहे हैं इसका सीधा सा मतलब है कि उपकरण पास कराने में कम्पनी ने बड़ा खेल किया होगा। उपकरण पास करने वाले अधिकारियों ने कर्मचारियों की सुरक्षा को नजरअंदाज करते हुए अपने निजी हित साधे होंगे। उनकी इस लापरवाही का खामियाजा लाइफ स्टाफ को अपनी जान देकर चुकाना पड़ सकता है।

### क्या कहते हैं संविदा कर्मचारी यूनियन के प्रांतीय महामंत्री

संविदा कर्मचारी यूनियन के प्रांतीय महामंत्री देवेंद्र पांडेय का कहना है कि कर्मचारियों के साथ ऊर्जा विभाग में कुछ भी अच्छा नहीं हो रहा है। हर साल 600 के करीब कर्मचारी बिजली का काम करते हुए अपनी जान से हाथ धो रहे हैं। एक हजार से 1200 कर्मचारी घायल हो रहे हैं। उन्हें इलाज भी नहीं मिल रहा है। मुआवजा भी देने में कोताही की जा रही है। अधिकारी मनमानी कर रहे हैं। घटिया सेफ्टी उपकरण की भी शिकायत हो रही है।

### कर्मचारी खड़े कर रहे सवाल

कर्मचारियों का आरोप है कि सेफ्टी उपकरण की क्वालिटी सही नहीं है। इन उपकरणों का प्रयोग किया जाना सुरक्षा की दृष्टि से ठीक नहीं होता। कैमरे से इतर ये कर्मचारी बताते हैं कि यह उपकरण उन्हें सुरक्षा प्रदान नहीं करते। हेलमेट की क्वालिटी इतनी खराब है कि नीचे गिरने से ही उसमें दरार आ रही है। भीतर की प्लास्टिक सिर में लगाते ही निकल जा रही है। हेलमेट आईएसआई मार्क भी नहीं है। इसी प्रकार गमबूट का निचला हिस्सा दोनों ओर से पकड़ने से ही भीतर की ओर मुड़ जाता है। जो यह बताता है कि सोल करंट से उनकी सुरक्षा नहीं कर सकता। इसी तरह ग्लव्स की गुणवत्ता भी सही नहीं है। 11 केवी तार को पकड़कर काम करने की क्षमता इनमें नहीं हैं। कर्मचारी इन सुरक्षा उपकरणों को लेना नहीं चाहते। उनका कहना है कि अधिकारियों से इसकी शिकायत की लेकिन कोई सुनवाई नहीं हो रही है। विभागीय अधिकारी कर्मियों पर उपकरण लेने का दबाव बना रहे हैं। क्षेत्रीय अभियंताओं का कहना है कि आला अधिकारियों के निर्देश का पालन करना उनका मजबूरी है।

## संदिग्ध परिस्थितियों में कर्मचारी घायल इलाज के दौरान मौत

**लखनऊ, (ग्रुप 5 सं)।** अमेठी के जगदीशपुर कस्बे में नौकरी के दौरान एक कर्मचारी संदिग्ध परिस्थितियों में घायल हो गया। जिसे इलाज के लिए सुशान्त गोल्फ सिटी के एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया जहां इलाज के दौरान शुक्रवार को मौत हो गई। मृतक के भाई अजय कुमार निवासी ग्राम सलेमपुर असन्दर बाराबंकी ने बताया कि भाई आदित्य सिंह प्रीमियम चिक फीड्स प्रालि जगदीशपुर अमेठी में नौकरी करता था। 8 अप्रैल को फोन कर सूचना दी गई की आदित्य को सिर में चोट आने के कारण उसे एडमिट कराया गया है। जिनकी इलाज के दौरान शुक्रवार को मृत्यु हो गयी।

# कांग्रेस ने निजी स्कूलों द्वारा मनमानी किये जाने को लेकर राज्यपाल को संबोधित ज्ञापन सौंपा



**लखनऊ, (ग्रुप 5 सं)।** निजी स्कूलों द्वारा मनमानी फीस वसूली जाने एवं अपने द्वारा बताई गई दुकानों से ही किताबें और यूनिफॉर्म मनमाने दामों पर खरीदने के जबरन दबाव के विरोध में शहर कांग्रेस कमेटी लखनऊ के अध्यक्ष अमित श्रीवास्तव 'त्यागी' एवं डॉक्टर शहजाद आलम और जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष रुद्र दमन सिंह 'बबलू' के संयुक्त तत्वाधान में राज्यपाल को संबोधित ज्ञापन जिलाधिकारी लखनऊ के माध्यम से सौंपा गया। ज्ञापन में शहर कांग्रेस कमेटी लखनऊ के अध्यक्ष अमित श्रीवास्तव 'त्यागी' एवं डॉक्टर शहजाद आलम, जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष रुद्र दमन सिंह 'बबलू' ने संयुक्त रूप से यह मांग की कि इस भीषण महंगाई में एक तरफ अभिभावकों को अपना घर चलाना मुश्किल हो रहा है। वहीं स्कूलों के इस लूट तंत्र के कारण अभिभावकों को घनघोर मानसिक प्रताड़ना से गुजरना पड़ रहा है। उन्होंने कहा की निजी स्कूलों का या आचरण ना लोकतंत्र और ना ही कल्याणकारी राज्य के सिद्धांतों के अनुकूल है। कांग्रेस पार्टी निजी स्कूलों के इस निरंकुश और शोषक प्रवृत्ति की घोर भर्त्सना करती है एवं राज्यपाल आपसे यह मांग करती है कि इस लूट तंत्र का त्वरित संज्ञान लेते हुए निजी स्कूलों हेतु फीस किताबें एवं यूनिफार्म के लिए न्यायोचित एवं छात्र हितकारी नियमावली अविलंब बनवाने की कृपा करें, और उत्तर प्रदेश की सरकार को निर्देशित करने का कष्ट करें। ज्ञापन कार्यक्रम में प्रमुख रूप से उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के निवर्तमान कोषाध्यक्ष शिव पांडे, पूर्व विधायक श्याम किशोर शुक्ला, राजेंद्र पांडे किश्वर जहां, एडवोकेट आरबी सिंह, रईस अहमद, फखरुल इस्लाम, मोहम्मद हाशिम विनोद रावत जैसेराम पाल देवानंद तिवारी, मोहम्मद उबेद खान, आकिल हुसैन सीजू, आदर्श दयावान, मोहम्मद नसीम, अमन यादव, संजय श्रीवास्तव, सावंत श्रीवास्तव राम लखन वर्मा, शन्नो खान, जेबा मालिक, जैस रामपाल आदि पदाधिकारी गण उपस्थित हुए।

## 2027 में जिनकी सत्ता जाने वाली है, वे सौर ऊर्जा का झूठा वादा कर रहे : अखिलेश

**लखनऊ।** समाजवादी पार्टी (सपा) के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं उत्तर प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने शुक्रवार को दावा किया कि 2027 में राज्य में जिनकी सत्ता का सूरज अस्त होने वाला है वो सौर ऊर्जा का झूठा वादा कर रहे हैं। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ पर निशाना साधते हुए यादव ने एक्स पर पोस्ट कर कहा, 2027 में जिनकी सत्ता का सूरज अस्त होने वाला है वो उत्तर प्रदेश में सौर ऊर्जा का झूठा वादा कर रहे हैं। जुमलाई-भाजपाई की बातों पर अब जनता खुद सवाल कर रही है। यादव ने जनता की तरफ से सवाल उठाते हुए कहा, सूरज क्या आज देखा जो सोलर एनर्जी का ख्याल सत्ता में आठ साल रहने के बाद आया? जो सोलर प्लांट्स सपा सरकार में कन्नौज, उन्नाव, सीतापुर व अन्य जगह बने थे, उनकी देखरेख-उनके रखरखाव की कोई भी व्यवस्था क्यों नहीं की गई? सपा सरकार में बने लेकिन भाजपा सरकार में बंद पड़े सोलर प्लांट्स को चालू करने की क्या योजना बनी है और इसके लिए कितना बजट दिया गया है? सपा प्रमुख ने कहा, क्या राजनीतिक फायदा उठाने के लिए नए सोलर प्लांट्स अपने लोगों को ही नहीं दिए जा रहे? क्या नए सोलर प्लांट्स लगाने के पीछे कमीशन या चंदा वसूली की भाजपाई चाल सक्रिय है? क्या गारंटी है कि इन नए सोलर प्लांट्स की भाजपा सरकार उपेक्षा नहीं करेगी? उन्होंने हाल में एक सरकारी योजनाओं में अनियमितता और भ्रष्टाचार के मामले में निलंबित किए गए भारतीय प्रशासनिक सेवा (आईएएस) के एक अधिकारी के संबंध में सवाल करते हुए कहा, क्या भाजपा सरकार ने उस अधिकारी के बारे में पहले से जांच-पड़ताल कर ली है जो अरबों-खरबों की इस महाघोटाला योजना को शुरू करवाएगा लेकिन पांच प्रतिशत एडवांस कमीशन नहीं मांगेगा या ये सब धंधा ऊपरी मिलीभगत से चुपके-चुपके हो रहा है।

# 10 साल में उत्तर प्रदेश बना सबसे बड़ा रेलवे नेटवर्क, बुलेट स्पीड से दौड़ेंगी ट्रेनें

**ग्रुप 5 संवाददाता**



**लखनऊ।** देश में रेल कनेक्टिविटी के मामले में उत्तर प्रदेश सबसे आगे है। यहां 9,000 किलोमीटर तक बड़ा रेलवे नेटवर्क है। यात्रियों की सुरक्षा और सुविधा को देखते हुए ट्रेन की पटरियों के साथ ही स्पीड पर फोकस किया जा रहा है। मिशन रफ्तार के तहत 300 किमी तक नई पटरियां बिछाई गई हैं। जिससे ट्रेनों की स्पीड 160 किलोमीटर प्रति घंटा हो जाएगी। क्रॉसिंग को खत्म कर अंडरपास बनाया जा रहा है। पुराने कोचों को एलएचबी कोच में बदला जा रहा है। कवच डिवाइस से ट्रेनों को लैस करने के साथ ही पटरियों पर ऑटोमैटिक सिग्नलिंग प्रणाली लगाई जा रही है। आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस का भी उपयोग किया जा रहा है। रेलवे में डिजिटल लेनदेन को तेजी से बढ़ाया जा रहा है। उत्तर रेलवे लखनऊ के मंडल रेल प्रबंधक सचिंद्र मोहन शर्मा बताते हैं कि हमें स्पीड अप करने की जरूरत है। हमने 300 किलोमीटर से ज्यादा लाइनों का 100 से 110 किलोमीटर करने के लिए प्रपोजल बोर्ड को भेजा है। धीरे-धीरे हम समय में भी कटौती करेंगे और हाई स्पीड का सबको फायदा देंगे।

### चारबाग स्टेशन के रि डेवलपमेंट पर खर्च होंगे 494 करोड़

अमृत भारत स्टेशन योजना के तहत उत्तर रेलवे के वैसे तो 44 स्टेशनों को शामिल किया गया है। इनमें लखनऊ के भी स्टेशन शामिल हैं। 44 रेलवे स्टेशनों की सूची में लखनऊ के कायाकल्प पर 494 करोड़ रुपये खर्च किए जाने हैं। अन्य स्टेशनों में अमेठी, दर्शन नगर, बाराबंकी जंक्शन, भदोही, जौनपुर जंक्शन, शाहगंज जंक्शन, जंघई जंक्शन, उतरेटिया जंक्शन, प्रतापगढ़ जंक्शन, प्रयाग, फूलपुर, रायबरेली जंक्शन, सुल्तानपुर जंक्शन, उन्नाव जंक्शन और काशी स्टेशन शामिल हैं।

### किस स्टेशन पर खर्च होंगे कितने करोड़

लखनऊ 494 करोड़ अमेठी 22.7, करोड़ दर्शन नगर 21.9 करोड़, बाराबंकी जंक्शन 33.4 करोड़, भदोही 22.5 करोड़, जौनपुर जंक्शन 38.7 करोड़, शाहगंज जंक्शन 20.3 करोड़, जंघई जंक्शन 28.4 करोड़, उतरेटिया जंक्शन 36 करोड़, प्रतापगढ़ जंक्शन 32.6 करोड़, प्रयाग जंक्शन 38.6 करोड़, फूलपुर 21.4 करोड़, रायबरेली जंक्शन 40.7 करोड़, सुल्तानपुर जंक्शन 36.9 करोड़, उन्नाव जंक्शन 29.8 करोड़, काशी 350 करोड़. गौरीगंज 11.42 करोड़, मोहनलालगंज 7.24 करोड़, बछरावां 6.74 करोड़, मडियाहूं 11.74 करोड़, चिलबिला 12.39 करोड़, बादशाहपुर 8.94 करोड़, लोहता 14.20 करोड़, व्यासनगर 9.99 करोड़, शिवपुर 11.50 करोड़, अकबरपुर जंक्शन 16.02 करोड़, बाबतपुर 10.22 करोड़, जाफराबाद 9.39 करोड़, निहालगढ़ 12.64 करोड़, हैदरगढ़ 22.5 करोड़, जौनपुर सिटी 24.34 करोड़, श्री कृष्णा नगर 26.43 करोड़, भरत कुंड 174 करोड़, लंभुआ 11.89 करोड़, कानपुर पुल वाया किनारा 30.71 करोड़, मानक नगर जंक्शन 16.52 करोड़, मल्हौर जंक्शन 43.73 करोड़, फाफामऊ जंक्शन 28.37 करोड़, ऊंचाहार 19.16 करोड़, कुंडा हरनामगंज 10.59 करोड़, लालगंज 10.65 करोड़, तकिया 10.59 करोड़, अयोध्या 240.89 करोड़

### मैकेनिक इंटरलॉकिंग स्टेशन खत्म

सचिंद्र मोहन शर्मा ने बताया, 28 स्टेशनों के मैकेनिक इंटरलॉकिंग (एमआई) का काम हुआ है। पिछले एक साल में यह बहुत बड़ा काम किया गया है। अब कोई भी मैकेनिक इंटरलॉकिंग वाला स्टेशन नहीं बचा है। जो आखिरी स्टेशन बीघापुर था उसे भी हमने कर दिया है। इलेक्ट्रॉनिक इंटरलॉकिंग हम लोग ले आए हैं। उन्होंने बताया कि 50 किलोमीटर की हम फेंसिंग भी कर चुके हैं। दो स्टेशन के बीच हमने नई इंटरलॉकिंग की है। गंगा ब्रिज का एक बड़ा काम चल रहा है। अयोध्या, जौनपुर, शाहगंज, वाराणसी की रिमॉडलिंग की। एक नया गंगा ब्रिज 2600 करोड़ रुपये का सैंक्शन हो गया है। हम 100त्न इलेक्ट्रिफाईड हो गए हैं। गाड़ियों की बात करें तो ट्रेन और मालगाड़ियां बढ़ाई हैं। अमृत भारत, वंदे भारत ट्रेन आई। कुंभ के समय हमने ट्रेनों में 100 कोच बढ़ा दिए थे। कुछ स्पेशल और चलाएंगे। नई-नई गाड़ियां और आएंगी, जो लॉन्ग डिस्टेंस के लिए संचालित की जाएंगी। अगर कोई अयोध्या आना चाहता है तो दर्शन नगर और सलारपुर में हमारी पूरी तैयारी है। उन्हें हैंडल कर सकते हैं। अगर कोई प्रयाग आना चाहता है तो हमने फाफामऊ डेवलप कर लिया है। प्रयागराज जंक्शन डेवलप कर लिया है। वहां पर हम हैंडल कर लेंगे। इसी तरह बनारस में इस बार हमने काशी और लोहता में कुछ गाड़ियां टर्मिनेट की और स्टॉपेज दिए। भदोही एक बड़ा स्टेशन है उसको भी डेवलप किया जा रहा है।

# ग्राइंडर-ऐप के माध्यम से फ्रेंडशिप कर घुसे थे घर में लुटेरे

- दोनों लुटेरे गिरफ्तार, स्कूटी व 45हजार रुपये बरामद
- मारपीट कर हाथ-पैर बांधकर दिया था लूट को आंजाम
- ऐशो-आराम व शौक पूरी करने के लिये करते थे लूटपाट





**लखनऊ, (ग्रुप 5 सं.)।** राजधानी में बीते 9अप्रैल को ग्राइंडर-ऐप के माध्यम से फ्रेंडशिप करने के बहाने घर पर आकर बंधक बनाकर मारपीट की गई थी व लुट की घटना को दिया था अंजाम। इस मामले में पुलिस ने दो लुटेरों को गिरफ्तार किया है। लुटेरों के पास से 45000 हजार रुपए और घटना में प्रयुक्त स्कूटी बरामद किया गया है। पुलिस ने बताया कि कृष्णेन्दु चटर्जी पुत्र स्व.अरविन्द चटर्जी निवासी 79ए रविन्द्रपल्ली ने इस मामलें में मुकदमा दर्ज करवाया था। ग्राइंडर-ऐप के माध्यम से फ्रेंडशिप के लिये युवक को बुलाया था। लुटेरें युवक ने आने के बाद बातचीत की उसके बाद हाथ और आँख तथा मुह बाध दिया जिसके बाद उसने एक और युवक को बुला लिया और मारपीट की और जाते जाते अलमारी में रखी पर्स व बैग में रखे रुपये करीब तीन-लाख रुपये लेकर चले गये थे। पुलिस की टीमें लुटेरों को पकड़ने के लिये लगायी गयी। इसके बाद मुखबिर की सूचना पर पुलिस टीम कल्याण अपार्टमेन्ट के पास पहुंची तो मजार की तरफ स्कूटी से दो युवक आते दिखाई दिये। जिनकी गतिविधियाँ संदिग्ध प्रतीत हो रही थी। संदेह के आधार पर स्कूटी रोककर नाम पता पूछा गया तो स्कूटी चला रहे ने अपना नाम निकित शर्मा पुत्र कमलेश शर्मा तथा स्कूटी पर पीछे बैठे युवक ने अंकित शर्मा पुत्र कमलेश शर्मा जानकीपुरम बताया। स्कूटी को चेक किया गया तो स्कूटी की डिग्गी में एक काले व भूरे रंग का पर्स मिला जिसे खुलवाकर देखा गया तो एक आधार कार्ड कृष्णेन्द्र चटर्जी पुत्र अरविन्द्र चटर्जी निवासी- 79ए रविन्द्रपल्ली इन्दिरानगर तथा पर्स में पाँच-पाँच सौ के 90 नोट रुपये 45 हजार बरामद हुए।

### लुटेरों ने बतायी लूट की पूरी कहानी

पीड़ित कृष्णेन्द्र चटर्जी ने अपने घर की लोकेशन व्हाट्स ऐप पर लोकेशन भेजकर मिलने के लिए लुटेरों को फ्रेण्ड समझकर बुलाया था। दोनों भाई जुपिटर स्कूटी से कृष्णेन्द्र चटर्जी से मिलने उनके घर पर गये। बात करने पर कृष्णेन्द्र चटर्जी घर के बाहर आकर लुटेरें को अपने साथ घर के अन्दर ले गये। लुटेरें का भाई उनके घर से दूर स्कूटी लेकर बाहर ही खड़ा रहा। घर के अन्दर जाकर कृष्णेन्द्र चटर्जी के साथ बातचीत करता रहा। बातचीत के दौरान ही उनकी बातचीत से जब जानकारी हुई की कृष्णेन्द्र चटर्जी के घर की अलमारी में नकद रुपये रखे हैं तो लुटेरें ने बाहर खड़े अपने भाई को फोन कर बुला लिया था। दोनों ने मिलकर कृष्णेन्द्र चटर्जी के हाथ पीछे से बांध दिये तथा मुंह व आँख बांधकर अलमारी में रखे रुपये लेकर दोनों अपनी स्कूटी से भाग गये थे। था। बताया कि ऐशो-आराम के लिए डायल-1090 चौराहे जा रहे थे कि पुलिस ने पकड़ लिया।

### दोनों लुटेरों ने पूछताछ में बताया की सगे भाई है

कड़ाई से पूछताछ करने पर दोनों ने बताया कि दोनों सगे भाई हैं। पीड़ित कृष्णेन्द्र चटर्जी से उनकी पहचान ग्राइंडर-ऐप के माध्यम से फ्रेंडशिप करने के लिये हुयी थी। उसके बाद आपस में व्हाट्सऐप चैट, व्हाट्सऐप कॉल व मोबाइल नंबर से बातचीत होने लगी। पीड़ित ने वाट्सएप पर लोकेश्न भेजकर मिलने के लिये लुटेरों को बुलाया था। तभी घटना को अंजाम दिया गया।

## लखनऊ-सीतापुर हाईवे पर भीषण हादसा

# ट्राला–कंटेनर में जोरदार टक्कर, दो की दर्दनाक मौत

» कंटेनर के नीचे दबे मजदूर, ड्राइवर को केबिन काटकर निकाला

» घण्टों लगा रहा जाम, सड़क पर कंटेनर पलटा

**ग्रुप 5 संवाददाता**







**लखनऊ।** लखनऊ-सीतापुर हाईवे पर शुक्रवार शाम कंटेनर-ट्राला में जोरदार टक्कर हो गई। इससे कंटेनर सड़क पर पलट गया, जिसके नीचे दबने से दो मजदूरों की मौत हो गई, जबकि ट्राला ड्राइवर केबिन में फंस गया। पुलिस ने गैस कटर की मदद से केबिन काटकर गंभीर घायल ड्राइवर को निकाल कर बक्शी का तालाब सीएचसी में भर्ती कराया। हादसा बीकेटी तहसील के रामपुर बेहडा गांव के पास हुआ। मृतकों की पहचान खीरी के नैमिष और माल थाना क्षेत्र के विपिन रावत के रूप में हुई है। कंटेनर रोड पर पलटने से हाईवे की एक लेन पर एक घंटे तक जाम लगा रहा। पुलिस ने दोनों शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिये भेज दिया है और आगे की कार्यवाही को करने में लगी हुयी है। कहा जा रहा है कि सड़क पर पलटा कंटेनर लखीमपुर जा रहा था। पुलिस ने बताया कि कंटेनर में बोरिंग मशीन और पाइप लदे थे। चालक बालकराम आठ मजदूरों को साथ लेकर लखीमपुर जा रहा था। इस दौरान बेहड़ा चक्की के पास गाड़ी के पहिए में चिंगारी उठने पर वाहन रोका। दो मजदूर वाहन से उतर कर पहिए की ग्रीसिंग कर रहे थे। इसी दौरान लखनऊ के ओर से आए ट्राला ने पीछे से जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी तेज थी कि कंटेनर पलट गया। इस दौरान पहिए में ग्रीस लगा रहे नैमिष और विपिन रावत नीचे दब गए। पास की ही दुकान पर खड़े कंटेनर चालक बालकराम और मजदूर साथी दौड़कर आए। ट्रेलर के नीचे दबे मजूदरों को निकालने की कोशिश शुरू की। सूचना पर पहुंची बीकेटी और इटौंजा पुलिस ने क्रेन मंगवाकर ट्रेलर को सीधा करवाया। तब तक दोनों मजूदरों की मौत हो गई। वहीं ट्राला के केबिन में फंसे ड्राइवर को गैस कटर से केबिन काटकर बाहर निकाला गया। उसे तुरंत बीकेटी राजकीय 100 शैय्या अस्पताल में भर्ती कराया गया। पुलिस ने मृतकों के शव को कब्जे में लेकर मॉर्च्युरी में रखवाया है।

### पुलिस ने कहा कि शराब के नशे में था ट्राला चालक

पुलिस ने बताया कि हरदोई का रहने वाला ट्राला चालक नीरज मिश्रा शराब के नशे में था। आरोपी का मेडिकल कराया गया है। वहीं एमवी एक्ट में मामला दर्ज कर विधिक कार्रवाई की जा रही है।

### क्या थी पूरी घटना

शुक्रवार शाम करीब 4:30 बजे घैला पुलिस चौकी के पास सड़क दुर्घटना की सूचना पुलिस को मिली थी। वाहन संख्या यूपी44 एच 2323 जो सड़क के किनारे खड़ी थी उसे वाहन संख्या एचआर69 एफ 6859 ने टक्कर मार दी। जिससे दूसरी वाहन कंटेनर पलट गई। इससे दो लोगों की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गयी। जिनकी पहचान नैमिष निवासी बेरिया गोला लखीमपुर खीरी और विपिन रावत पुत्र बाराती रावत निवासी गोपालपुर माल लखनऊ के रुप में हुयी। पुलिस ने मौके पर पहुंच कर घायल ड्राइवर को सौ सैय्या हॉस्पिटल में इलाज हेतु भर्ती कराया गया।

# टैंकर में पीछे से हुई ट्रक की टक्कर, मजदूर की मौत

**ग्रुप 5 संवाददाता**

**लखनऊ।** गोसाईंगंज इलाके में टैंकर में ट्रक की टक्कर लगने से टैंकर पर बैठे मजदूर गिरकर घायल हो गया। जिसे अस्पताल ले जाया गया जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। इसके साथ ही दो अन्य भी घायल हो गये। जिसे प्राथमिक उपचार के बाद अस्पताल से छुट्टी दे दी गयी। मिली जानकारी के अनुसार अकबरपुर बाराबंकी का रहने वाला कमल(20) गोसाईंगंज में मजदूरी करता था। पीड़ित के भाई धुन्नू ने बताया बताया कि उनका भाई कमल पानी का टैंकर पर बैठकर चालक लवकुश एवं साथी मजदूर बरसाती के साथ उन्नाव जा रहा था, तभी रास्ते में गोसाईंगंज क्षेत्र में ट्रक चालक टैंकर में पीछे से टक्कर मार दी। जिससे कि कमल रोड पर गिरकर गम्भीर रूप से घायल हो गया। वहीं ट्रैक्टर चला रहा लवकुश एवं बरसती भी मामूली रूप से घायल हो गए लोगों ने पुलिस को सूचना दी। मौके पर पहुंची पुलिस घायलों को इलाज के लिए सीएचसी गोसाईंगंज पहुंचाया। जहां डॉक्टरों ने कमल को मृत घोषित कर दिया। वही दोनों घायलों का प्राथमिक इलाज के बाद छुट्टी दे दी गई। मृतक के परिवार में पिताभुलई मां सुरसता है। शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिये भेज दिया गया है।

# चार गुमशुदा मोबाईल फोन पुलिस ने लौटाए



**लखनऊ, (ग्रुप 5 संवाददाता)।** सुशांत गोल्फ सिटी पुलिस ने सीईआईआर पोर्टल पर दर्ज चार गुमशुदा मोबाइल बरामद कर उन्हें उनके मालिकों को दे दिया है। सुशांत गोल्फ सिटी के प्रभारी निरीक्षक अंजनी कुमार मिश्रा के नेतृत्व में उप निरीक्षक दीपांकर गुप्ता ने तकनीकी विश्लेषण के जरिए मोबाइलों को ट्रेस किया। पुलिस ने अलग-अलग स्थानों से इन्हें बरामद किया। पुलिस ने लोगों को मोबाइल खोने की स्थिति में महत्वपूर्ण सुझाव दिए। बताया कि मोबाइल गायब होने पर सबसे पहले यूपी कॉप पर लॉस्ट-आर्टिकल में रजिस्ट्रेशन करें। पुराने सिम को ब्लॉक करवाएं और नया सिम लें। CEIRपोर्टल पर जाकर खोए हुए मोबाइल का विवरण दर्ज करें। फॉर्म में पुलिस कंप्लेंट नंबर, व्यक्तिगत जानकारी और पहचान पत्र की डिटेल भरें। फॉर्म जमा करने के बाद मिली शिकायत आईडी को सुरक्षित रखें।

# कुत्ते को लेकर पड़ोसियों में झगड़ा, मुकदमा दर्ज

**लखनऊ, (ग्रुप 5 संवाददाता)।** बिजनौर इलाके में एक पालतू कुत्ते को लेकर दो पड़ोसियों के बीच झगड़ा हो गया। इसी झगड़े के चलते छुहारा खेड़ा निवासी महिला नीरज सिंह बीती 6 अप्रैल को उनकी बेटी दृष्या दुकान जा रही थी। तभी इसी दौरान पड़ोसी अजय कुमार राय का कुत्ता उसे काटने के लिए दौड़ा। रास्ते में मुहल्ले के एक व्यक्ति ने उसे दौड़ कर बचाया। जब नीरज शिकायत करने गया तो अजय राय और उनकी पत्नी चिढ़ गयी और धमकी दे डाली। सेना में तैनात नीरज अपने पति अजय प्रताप सिंह शिकायत लेकर गये तो कुत्ता मालिक अजय राय लड़ाई झगड़ा करने लगे। आरोप है कि अजय राय ने अजय प्रताप के पेट में कई घूंसे मार दिए। तब वहां मौजूद मोहल्ले के जयशंकर सिंह, राजेश बर्नवाल और उनकी पत्नी अभिलाषा बर्नवाल ने किसी तरह बीच बचाव कराया। अजय राय के पास न तो कुत्ते का लाइसेंस है और न ही उसका वैक्सीनेशन कराया । पीड़ित का आरोप है कि अजय राय दंपति अभी भी उन्हें और उनकी बेटियों को जान से मारने की धमकी दे रहे हैं। बिजनौर पुलिस नीरज की शिकायत पर मुकदमा दर्ज कर आगे की कार्रवाई में लग गई है।

# इकाना स्टेडियम में आईपीएल मैच के दृष्टिगत बदला रहेगा यातायात



» शहीद पथ पर नहीं चलेंगी ई-रिक्शा

» ई-रिक्शा, ऑटो पीएचक्यू, यूपी-112 पास सवारी उतारेंगे

» स्टेडियम के पास रहने वाले वैकल्पिक मार्ग का प्रयोग करेंगे

**ग्रुप 5 संवाददाता**

**लखनऊ।** इकाना स्टेडियम में आईपीएल मैच के दृष्टिगत यातायात-व्यवस्था के लिये मैच समाप्ति तक यातायात बदला रहेगा। बताया गया है कि शहीद पथ पर मैच के दौरान रोडवेज व अन्य सभी बसें व व्यवसायिक वाहन (छोटे बड़े) प्रतिबन्धित रहेगी। अन्य वैकल्पिक मार्ग खुले होंगे, जिनका प्रयोग कर सकेंगे। निजी वाहनो एवं किराये की टैक्सी-कार आदि पर रोक नहीं होगी। सुल्तानपुर रोड पर उपरोक्त वाहन अमूल तिराहा से डायवर्ट होंगे एवं अर्जुनगंज कैण्ट की तरफ से आ रहे वाहन कटाई पुल से। रोजवेज की तरफ से निर्गत डायवर्जन प्लान प्राईवेट बसें भी सख्ती से पालन करेंगे। मैच के दौरान सिटी बसें चलेंगी, जो शहीद पथ पर हुसड़िया एवं सुशान्त गोल्फ सिटी के मध्य नही रूकेंगी एवं सड़क की दाई ओर चलेंगी। ई-रिक्शा शहीद पथ पर प्रतिबन्धित है। ई-रिक्शा सर्विस रोड पर भी मैच के दिन प्रतिबन्धित रहेगा। इसी प्रकार आटो भी शहीद पथ पर प्रतिबन्धित रहेंगे। अर्जुनगंज की तरफ से आने वाली ई-रिक्शा, ऑटो अहिमामऊ से बायें मुड़कर पीएचक्यू, यूपी-112, मातृत्व अस्पताल के पीछे वाली सड़क पर सवारी उतारेंगे एवं पीएचक्यू के सामने से होते हुये जी-20 तिराहें से गोमतीनगर की तरफ जायेंगे। सुल्तानपुर रोड़ से आने वाले आटो/ई-रिक्शा बायें मुड़कर लूलू मॉल की तरफ जाकर सवारी उतारेंगे। किसी भी दशा में अहिमामऊ से 500 मी0 की परिधि में सवारी न उतारेंगे न बैठायेंगे। सिटी बस की तरह हुसड़िया से सुशान्त गोल्फ सिटी के बीच शहीद पथ पर सवारी न बैठायेंगे और न ही सवारी उतारेंगे। वहीं एयरपोर्ट की तरफ से आने वाले वाहन अहिमामऊ से पहले सवारी उतारेंगे। अर्जुनगंज की तरफ से आने वाली वाहन अहिमामऊ से बायें मुड़कर पीएचक्यू, यूपी-112, मातृत्व अस्पताल के पीछे वाली सड़क पर सवारी उतारेंगे एवं पीएचक्यू के सामने से होते हुए जी-20 तिराहे से गोमतीनगर के तरफ जायेंगे। कहा गया है कि जिन वाहन स्वामियों के पास वाहन पास होगा वह अहिमामऊ से एचसीएल की तरफ जाकर वाटर टैंक तिराहा से प्लासियों होते हुए चिन्हित पार्किंग में वाहन पार्क करेंगे। इसके अलावा जिन वाहन स्वामियों के पास वाहन पास उपलब्ध नही है वह भी अहिमामऊ से एचसीएल होकर जायेंगे। उनमें से पहले आने वाले वाहन स्वामियों को प्लासियों मॉल में पार्किंग दिया जायेगा। प्लासियों मॉल की पार्किंग भर जाने के पश्चात वाटर टैंक तिराहे से एचसीएल के बीच पार्किंग होगी।

### पुलिस मुख्यालय के पास पिक एण्ड ड्रॉप स्टैण्ड रहेगा

पीएचक्यू, यूपी-112 मुख्यालय के पीछे की सड़क की तरफ अस्थाई पिक एण्ड ड्राप स्टैण्ड होगा, जहां निजी वाहन, ऑटो रिक्शा सवारी उतार सकेंगे, बैठा सकेंगे। कोई भी व्यक्ति बिना ड्यूटी कार्ड या टिकट के स्टेडियम के अन्दर प्रवेश नही करेगा, पकड़े जाने पर सख्त कार्यवाही की जायेगी एवं अनाधिकृत प्रवेश दण्डनीय अपराध होगा। सिक्का, ईयरफोन, ज्वलनशील पदार्थ आदि आईसीसी/वीसीसीआई के निर्देशानुसार पूर्णतः प्रतिबन्धित है। जिसके घर इकाना स्टेडियम के आस-पास है वह वैकलपिक मार्ग का प्रयोग करेंगे। जिससे असुविधा न हो।

### प्लॉसियों मॉल के पीछे वाहन पार्क करेंगे

समस्त दो पहिया वाहन अहिमामऊ से एचसीएल तिराहा होते हुये प्लॉसियों मॉल के पीछे वाहन पार्क करेंगें। वीवीआईपी-वीआईपी के साथ आने वाले स्कोर्ट स्टेडियम से वापस होकर मॉल अथवा पीएचक्यू के पीछे वाली सड़कों पर वाहन पार्क करेंगे। स्टेडियम के पास किसी भी दशा में वाहन पार्क न किया जाय। वाहनों का प्लासियों मॉल के सामने या स्टेडियम के सामने ईधर-ऊधर अवैध पार्किंग करने पर टोईंग एवं क्लैम्प लगाने की कार्यवाही की जायेगी। टिकट पर क्यूआर कोड दर्ज होगा जिसको स्कैन करने पर पार्किंग स्थलों का विवरण मैप सहित प्रदर्शित होगा। सुरक्षाकर्मी जो विशिष्ट अथवा अतिविशिष्ट दर्शकों के साथ आयेंगे, उन्हें अन्दर जाने की अनुमति नही होगी। पार्किंग क्षेत्र स्थापित रहेंगें। मात्र टिकट धारक ही विभिन्न प्रकार के स्टैण्ड में प्रवेश करेंगे। मैच के दिन टिकटों की विक्री का कोई काउन्टर स्टेडियम में नही होगा। अतः पूर्व से ही टिकट (हार्ड कापी) खरीदकर लेकर आयें। ऑनलाईन बुकिंग की दशा में टिकट की हार्ड कॉपी लेकर आयें। हार्ड कॉपी न होने की दशा में प्रवेश निषेध होगा। मैच प्रारम्भ होने के 03 घण्टे पूर्व प्रवेश दिया जायेगा। अंतिम प्रवेश दूसरी पारी के मध्य तक दिया जायेगा, फिर प्रवेश अनुमन्य नहीं होगा। स्टेडियम में दुबारा प्रवेश अनुमन्य नहीं है अर्थात मैच छोड़कर बाहर निकल जाने पर दोबार स्टेडियम में प्रवेश नही मिलेगा।

# जमीन हड़पने के आरोप में मुकदमा दर्ज

**ग्रुप 5 संवाददाता**

**लखनऊ।** बिजनौर कोतवाली इलाके में उत्तराखंड निवासी योगिता देवी वर्मा ने सरोजनीनगर स्थित पालखेड़ा, पिपरसंड निवासी दीपक पाल, अज्ञात महिला, उन्नाव के सरदार नगर, मल्हौली निवासी शैलेंद्र कुमार, बाराबंकी के खान मोहम्मदपुर निवासी कौशल सिंह, बिजनौर के परवर पूरब निवासी नीरज शुक्ला और यहीं के जालिम खेड़ा, माती निवासी रतीश कुमार के खिलाफ जमीन हड़पने की रिपोर्ट दर्ज कराई है। पुलिस इस मामलें में आरोपियों से पूछताछ कर तफ्तीश करने में लगी हुयी है। मिली जानकारी के अनुसार योगिता देवी के मुताबिक उन्होंने 2007 में सरोजनीनगर तहसील क्षेत्र के परवर पूरब स्थित सौसीर खेड़ा में 0.273 हेक्टेयर जमीन खरीदी थी। आरोप है कि दीपक पाल ने बाद में एक फर्जी महिला को योगिता वर्मा बताकर 1 फरवरी 2024 को जमीन अपने नाम करा ली। इसमें शैलेंद्र कुमार और कौशल सिंह गवाह बने। बाद में दीपक पाल ने 24 अक्टूबर 2024 को यह जमीन नीरज शुक्ला को बेच दी। नीरज शुक्ला ने उसी दिन जमीन का इकरारनामा रतीश कुमार के नाम कर दिया। पीड़ित योगिता का कहना है कि वह अपनी एकमात्र संतान के साथ उत्तराखंड में रहती हैं। उनके पति एसडीएम मंसूरी में कार्यरत थे और 2014 में कैंसर से उनका निधन हो गया था। तब से वह समय-समय पर जमीन का निरीक्षण करने आती रहती थीं। उनका कहना है की जानकारी होने पर बीते 2 अप्रैल 2025 को जिलाधिकारी लखनऊ से इसकी शिकायत की। तब जिलाधिकारी ने एसीपी कृष्णानगर को जांच के निर्देश दिए। आरोप है कि आरोपी खेत में लगे तार हटाकर अवैध निर्माण की कोशिश कर रहे हैं। आरोप लगाया कि बीती 2-3 अप्रैल की रात में आरोपी ने जेसीबी से जमीन की खुदाई भी शुरू कर दी गई। फिलहाल बिजनौर पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।


# कार्यालय अधिशासी अभियन्ता, प्रान्तीय खण्ड, लोक निर्माण विभाग, सुलतानपुर

पत्रांकः- 2263/2ए/2025-26 दिनाँक :- 07.04.2025

## ई-निविदा सूचना (द्वितीय आमंत्रण)

राज्यपाल महोदय, उ0प्र0 की ओर से अधिशासी अभियन्ता, प्रान्तीय खण्ड, उ0प्र0 लोक निर्माण विभाग द्वारा प्रतिशत दर पर उत्तर प्रदेश लोक निर्माण विभाग में मार्ग कार्य हेतु रजिस्टर्ड श्रेणी ए, बी, सी एवं डी के अर्ह एवं अनुमोदित ठेकेदारों से ई-टेण्डरिंग के माध्यम से निविदा आमंत्रित की जाती है। निविदादाता को सलाह दी जाती है कि यह न्यूनतम अर्हता के सम्बन्ध में निविदादाता निर्देश पुस्तिका में वर्णित ठेका प्राप्त करने के नियमों से अवगत हो लें।

| क्र0 सं0 | कार्य का नाम | आंकलित धनराशि (रू0 लाख में) | धरोहर धनराशि (रू0 लाख में) | निविदा शुल्क | कार्य पूर्ण कराने की अवधि | अधिशासी अभियन्ता का पता | अधीक्षण अभियन्ता का पता | मुख्य अभियन्ता का पता |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 | 10 |
| 1 | अहदा-बिरसिंहपुर-दियरा-लम्भुआ मार्ग (प्रमुख जिला मार्ग संख्या-189ई) के किमी0 26 में अतिवृष्टि के कारण क्षतिग्रस्त मार्ग के विशेष मरम्मत का कार्य। | 2.00 | 0.20 | 944.00 | 02 माह | प्रांतीय खण्ड, लो0नि0वि0, सुलतानपुर | सुलतानपुर-अमेठी वृत्त लो0नि0वि0, सुलतानपुर | अयोध्या क्षेत्र, लो0नि0वि0 अयोध्या |
| 2 | एल0बी0 मार्ग किमी0-169 से बेलवारी के सम्पर्क मार्ग के किमी0 1 में अतिवृष्टि के कारण क्षतिग्रस्त मार्ग के विशेष मरम्मत का कार्य। | 1.60 | 0.16 | 944.00 | 02 माह | प्रांतीय खण्ड, लो0नि0वि0, सुलतानपुर | सुलतानपुर-अमेठी वृत्त लो0नि0वि0, सुलतानपुर | अयोध्या क्षेत्र, लो0नि0वि0 अयोध्या |
| 3 | बुलाकी का पुरवा (मलवा) के सम्पर्क मार्ग के किमी0 1 एवं 2 में अतिवृष्टि के कारण क्षतिग्रस्त मार्ग के विशेष मरम्मत का कार्य। | 1.72 | 0.17 | 944.00 | 02 माह | प्रांतीय खण्ड, लो0नि0वि0, सुलतानपुर | सुलतानपुर-अमेठी वृत्त लो0नि0वि0, सुलतानपुर | अयोध्या क्षेत्र, लो0नि0वि0 अयोध्या |
| 4 | डीह डग्गूपुर सम्पर्क मार्ग के किमी0-3 एवं 4 में अतिवृष्टि के कारण क्षतिग्रस्त मार्ग का विशेष मरम्मत का कार्य। | 2.73 | 0.27 | 944.00 | 02 माह | प्रांतीय खण्ड, लो0नि0वि0, सुलतानपुर | सुलतानपुर-अमेठी वृत्त लो0नि0वि0, सुलतानपुर | अयोध्या क्षेत्र, लो0नि0वि0 अयोध्या |
| 5 | गड़ौली सम्पर्क मार्ग के किमी0 1 एवं 2 में अतिवृष्टि के कारण क्षतिग्रस्त मार्ग का विशेष मरम्मत का कार्य। | 3.29 | 0.33 | 944.00 | 02 माह | प्रांतीय खण्ड, लो0नि0वि0, सुलतानपुर | सुलतानपुर-अमेठी वृत्त लो0नि0वि0, सुलतानपुर | अयोध्या क्षेत्र, लो0नि0वि0 अयोध्या |
| 6 | हयातनगर मधुवन सम्पर्क मार्ग के किमी0 1 में अतिवृष्टि के कारण क्षतिग्रस्त मार्ग का विशेष मरम्मत का कार्य। | 3.13 | 0.31 | 944.00 | 02 माह | प्रांतीय खण्ड, लो0नि0वि0, सुलतानपुर | सुलतानपुर-अमेठी वृत्त लो0नि0वि0, सुलतानपुर | अयोध्या क्षेत्र, लो0नि0वि0 अयोध्या |
| 7 | लखपेड़वा पलिया सम्पर्क मार्ग के किमी-4,5,6एवं 7 में अतिवृष्टि के कारण क्षतिग्रस्त मार्ग का विशेष मरम्मत का कार्य। | 2.13 | 0.21 | 944.00 | 02 माह | प्रांतीय खण्ड, लो0नि0वि0, सुलतानपुर | सुलतानपुर-अमेठी वृत्त लो0नि0वि0, सुलतानपुर | अयोध्या क्षेत्र, लो0नि0वि0 अयोध्या |
| 8 | मल्हौटी (नानेमऊ) सम्पर्क मार्ग के किमी0 1 में अतिवृष्टि के कारण क्षतिग्रस्त मार्ग का विशेष मरम्मत का कार्य। | 1.30 | 0.13 | 944.00 | 02 माह | प्रांतीय खण्ड, लो0नि0वि0, सुलतानपुर | सुलतानपुर-अमेठी वृत्त लो0नि0वि0, सुलतानपुर | अयोध्या क्षेत्र, लो0नि0वि0 अयोध्या |
| 9 | निहनवा सम्पर्क मार्ग के किमी0 1 में अतिवृष्टि के कारण क्षतिग्रस्त मार्ग का विशेष मरम्मत का कार्य। | 1.12 | 0.11 | 944.00 | 02 माह | प्रांतीय खण्ड, लो0नि0वि0, सुलतानपुर | सुलतानपुर-अमेठी वृत्त लो0नि0वि0, सुलतानपुर | अयोध्या क्षेत्र, लो0नि0वि0 अयोध्या |
| 10 | पुरूषोत्तमपुर पिच रोड से अहदा होते हुए पी0एम0जी0एस0वाई0 सम्पर्क मार्ग में अतिवृष्टि के कारण क्षतिग्रस्त मार्ग का विशेष मरम्मत का कार्य। | 4.33 | 0.43 | 944.00 | 02 माह | प्रांतीय खण्ड, लो0नि0वि0, सुलतानपुर | सुलतानपुर-अमेठी वृत्त लो0नि0वि0, सुलतानपुर | अयोध्या क्षेत्र, लो0नि0वि0 अयोध्या |
| 11 | एल0बी0 मार्ग किमी-149 से सिरवारा सम्पर्क मार्ग के किमी 2 एवं 3 में अतिवृष्टि के कारण क्षतिग्रस्त मार्ग का विशेष मरम्मत का कार्य। | 2.90 | 0.29 | 944.00 | 02 माह | प्रांतीय खण्ड, लो0नि0वि0, सुलतानपुर | सुलतानपुर-अमेठी वृत्त लो0नि0वि0, सुलतानपुर | अयोध्या क्षेत्र, लो0नि0वि0 अयोध्या |

➢ विल आफ क्वान्टिटी में लगाई गयी दरें जी0एस0टी0 को छोड़ते हुए लगाई गयी है।

निविदा आनलाइन दिनाँक 15.04.2025 की पूर्वाहन 9:00 बजे से दिनाँक 22.04.2025 की अपराह्न 12.00 बजे तक डाउनलोड की जा सकती है एवं दिनांक 22.04.2025 की अपरान्ह 12:00 बजे तक अपलोड की जा सकती है। उक्त निविदा की तकनीकी बिड दिनाँक 22.04.2025 को अपरान्ह 12.30 बजे खोली जायेगी। शासनादेश संख्या 1/2018/3070/78-2-2018-42 आई0टी0/2017 (22) दिनांक 03.01.2018 में निहित व्यवस्थानुसार निविदा की तकनीकी एवं वित्तीय बिड खोले जाने के उपरान्त निविदादाता द्वारा मूल अभिलेख व्यक्तिगत रुप से विभाग/कार्यालय में प्रस्तुत किये जाने है। निविदादाता द्वारा मूल अभिलेख प्रस्तुत न किये जाने की दशा में शासनादेश में निहित प्राविधानों के अनुरुप कार्यवाही की जायेगी।

निविदाओं का तकनीकी मूल्यांकन प्रहरी साफ्टवेयर के माध्यम से किया जाना है, जिसकी विस्तृत जानकारी बिड डाक्यूमेंट के साथ संलग्न निविदा सूचना में उपलब्ध है।

निविदादाता सम्बन्धी शेष सभी शर्तें https://etender.up.nic.in पर देखी जा सकती है।

**अधिशासी अभियन्ता**
**प्रान्तीय खण्ड, लो0नि0वि0,**
**सुलतानपुर**

**www.upidadv.gov.in**
**UPID : 232229 Dt. : 11/04/2025**


# एलिवेटेड रोड का निर्माण कम्पनी की फिर आयी लापरवाही सामने

**लखनऊ, (ग्रुप 5 सं.)।** बंथरा इलाके में शुक्रवार को गर्डर सेट करने वाली ग्रेन-ट्री मशीन कानपुर रोड एलिवेटेड रोड का निर्माण कर रही थी तभी इसी दौरान कम्प्यूटर छात्रा का दुपट्टा बुरी तरह से फंस कर घायल हो गई। घायलावस्था में उसे एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। जहां ओर उसकी स्थिति नाजुक बनी है। लखनऊ- कानपुर एलिवेटेड रोड का निर्माण कर रही पीएनसी कंपनी द्वारा किया जा रहा है। बंथरा क्षेत्र में इसी वक्त फ्लाईओवर का निर्माण कंपनी द्वारा ग्रेन ट्री मशीन के जरिए गर्डर सेट किया जा रहा हैं। बंथरा निवासी भल्ला गौतम की बेटी सुप्रिया बंथरा कस्बे में ही कानपुर रोड स्थित एक निजी कंप्यूटर ट्रेनिंग सेन्टर पर कंप्यूटर की ट्रेनिंग कर रही है। तभी इसी दौरान वह कंप्यूटर सेंटर से अपने घर लौट रही थी। लखनऊ हॉस्पिटल के पास सड़क पार करते वक्त ग्रेन ट्री मशीन के बगल से गुजरने पर उसका दुपट्टा मोटर में फंस गया। जिससे उसकी दुपट्टे से उसका गला कस गया और वह लहूलुहान हो गई। गंभीर हालत में आनन फानन उसे सरोजनीनगर में अमौसी रेलवे स्टेशन के पास स्थित एक निजी अस्पताल में पहुंचाया गया। जहां उसका इलाज जारी है। उधर बताया जा रहा है कि अस्पताल में उसकी हालत नाजुक बनी हुई है।


## ग्रीष्मकालीन विशेष रेलगाड़ियों की संख्या में वृद्धि

**रेलयात्रियों की सुविधा के लिए आगामी ग्रीष्मकाल के दौरान रेलवे द्वारा पहले से ही घोषित अनेक ग्रीष्मकालीन विशेष रेलगाड़ियों के अलावा निम्नलिखित ग्रीष्मकालीन विशेष रेलगाड़ियों का भी संचालन किया जायेगा, जिनका विस्तृत विवरण निम्नानुसार है:-**

**04219/04220 शाहगंज – अयोध्या धाम – शाहगंज अनारक्षित एक्सप्रेस विशेष रेलगाड़ी** — 180 फेरे

| गाड़ी सं. 04219 आगमन | प्रस्थान | ↓ स्टेशन ↑ | गाड़ी सं. 04220 आगमन | प्रस्थान |
|---|---|---|---|---|
| ---- | 22:35 | शाहगंज | 04:40 | ---- |
| 01:40 | ---- | अयोध्या धाम | ---- | 02:10 |

**चलने के दिनः 04219 शाहगंज** से एवं **04220 अयोध्या धाम से** दिनांक 12.04.2025 से 10.07.2025 तक। **ठहरावः** मालीपुर, अकबरपुर एवं गोशाईगंज स्टेशन। **स्थानः** सामान्य श्रेणी।

**03311/03312 धनबाद जं. – चंडीगढ़ – धनबाद जं. एक्सप्रेस विशेष रेलगाड़ी** — 06 फेरे

| गाड़ी सं. 03311 आगमन | प्रस्थान | ↓ स्टेशन ↑ | गाड़ी सं. 03312 आगमन | प्रस्थान |
|---|---|---|---|---|
| ---- | 23:50 | धनबाद जं. | 09:00 | ---- |
| 13:45 | 13:55 | लखनऊ | 19:10 | 19:20 |
| 04:30 | ---- | चंडीगढ़ | ---- | 06:00 |

**चलने के दिनः 03311 धनबाद जं.** से दिनांक 15, 18 एवं 22.04.2025 (मंगलवार व शुक्रवार) को एवं **03312 चंडीगढ़** से दिनांक 17, 20 एवं 24.04.2025 (गुरुवार और रविवार) को। **ठहरावः** गोमोह जं., पारसनाथ, हजारीबाग रोड, कोडरमा, गया, सासाराम, भभुआ रोड, पंडित दीन दयाल उपाध्याय जं., लखनऊ, शाहजहांपुर, बरेली, मुरादाबाद, गाजियाबाद, दिल्ली जं., पानीपत एवं अंबाला छावनी स्टेशन। **स्थानः** 3 टियर वाता.।

**03313/03314 धनबाद जं. – चंडीगढ़ –धनबाद जं. एक्सप्रेस विशेष रेलगाड़ी** — 24 फेरे

| गाड़ी सं. 03313 आगमन | प्रस्थान | ↓ स्टेशन ↑ | गाड़ी सं. 03314 आगमन | प्रस्थान |
|---|---|---|---|---|
| ---- | 23:50 | धनबाद जं. | 09:00 | ---- |
| 07:45 | 07:50 | वाराणसी जं. | 00:45 | 00:50 |
| 04:30 | ---- | चंडीगढ़ | ---- | 06:00 |

**चलने के दिनः 03313 धनबाद जं.** से प्रत्येक शनिवार को दिनांक 12.04.2025 से 28.06.2025 तक एवं **03314 चंडीगढ़** से प्रत्येक सोमवार को दिनांक 14.04.2025 से 30.06.2025 तक। **ठहरावः** गोमोह जं., पारसनाथ, हजारीबाग रोड, कोडरमा, गया, सासाराम, भभुआ रोड, पंडित दीन दयाल उपाध्याय जं., लखनऊ, शाहजहांपुर, बरेली, मुरादाबाद, गाजियाबाद, दिल्ली जं., पानीपत एवं अंबाला छावनी स्टेशन।
**स्थानः** 2 टियर वाता., 3 टियर वाता. एवं 3 टियर वाता. इकॉनमी।

**01029/01030 लोकमान्य तिलक (ट.) – छपरा जं. – लोकमान्य तिलक (ट). एक्सप्रेस विशेष रेलगाड़ी** — 14 फेरे

| गाड़ी सं. 01029 आगमन | प्रस्थान | ↓ स्टेशन ↑ | गाड़ी सं. 01030 आगमन | प्रस्थान |
|---|---|---|---|---|
| ---- | 22:55 | लोकमान्य तिलक (ट.) | 08:00 | ---- |
| 06:00 | 06:10 | वाराणसी जं. | 01:20 | 01:30 |
| 13:15 | ---- | छपरा जं. | ---- | 19:00 |

**चलने के दिनः 01029 लोकमान्य तिलक (ट.)** से प्रत्येक रविवार को दिनांक 13.04.2025 से 25.05.2025 तक एवं **01030 छपरा जं.** से प्रत्येक मंगलवार को दिनांक 15.04.2025 से 27.05.2025 तक। **ठहरावः** ठाणे, कल्याण जं., इगतपुरी, नासिक रोड, जलगांव जं., भुसावल जं., इटारसी जं., जबलपुर, कटनी, सतना, मानिकपुर जं., प्रयागराज छिवकी, जौनपुर जं., औंडिहार जं, गाज़ीपुर सिटी एवं बलिया जं. स्टेशन।
**स्थानः** 2 टियर वाता. एवं 3 टियर वाता.

रेलयात्रियों से अनुरोध है कि किसी भी अन्य सूचना और विस्तृत समय–सारणी की जानकारी के लिए रेलमदद हेल्पलाईन नं. 139 पर सम्पर्क करें अथवा रेलवे की वेबसाईट https://enquiry.indianrail.gov.in अथवा NTES ऐप देखें।

1102/2025

पर हमें फॉलो करें

उत्तर रेलवे
सदैव आपकी सेवा में
हमें www.nr.indianrailways.gov.in पर मिलें

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

# काशी का कलेवर बदला, नई काशी देखने के लिए हर श्रद्धालु उतावला : मुख्यमंत्री योगी



**वाराणसी।** महाकुंभ के बाद प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के पहली बार शुक्रवार को अपने संसदीय क्षेत्र काशी पहुंचने पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने उनका आभार जताया। उन्होंने कहा कि विगत 11 वर्षों में प्रधानमंत्री के नेतृत्व और मार्गदर्शन में हुए विकास से काशी का कलेवर बदल गया है और अब नई काशी और उसके नए कलेवर को देखने के लिए पूरे देश के श्रद्धालु उमड़ रहे हैं। मुख्यमंत्री ने कहा, हर किसी ने पिछले 11 वर्ष में बदलती हुई काशी को देखा है। यह वही काशी है, जो संकरी गलियों के लिए जानी जाती थी, अपने जाम के लिए जानी जाती थी। काशी शिक्षा का प्राचीन केंद्र रही है, लेकिन अस्त-व्यस्त पड़े शिक्षा के केंद्रों के साथ ही स्वास्थ्य के लिए, पर्यटन के लिए, कनेक्टिविटी के लिए पिछले 11 वर्षों में यहां 50,000 करोड़ रुपए से अधिक की परियोजनाएं आई हैं। उन्होंने कहा कि आज भी प्रधानमंत्री के कर कमलों से काशी में लगभग 4000 करोड़ की परियोजनाओं का शिलान्यास और लोकार्पण हो रहा है। इस अवसर पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को राधा-कृष्ण की लीलाओं से आच्छादित अंगवस्त्र पहनाकर और स्मृति चिह्न भेंट करके उनका स्वागत एवं अभिनंदन किया। प्रधानमंत्री को स्मृति चिह्न के रूप में वाराणसी की जीआई टैग प्राप्त काष्ठकला के तहत निर्मित कमल छत्र भेंट किया गया। मुख्यमंत्री ने कहा, हरियाणा, महाराष्ट्र और दिल्ली विधानसभा चुनाव में ऐतिहासिक विजय के साथ ही दिव्य और भव्य महाकुंभ के आयोजन के उपरांत प्रधानमंत्री की यह पहली काशी यात्रा है। उन्होंने कहा, दिव्य और भव्य महाकुंभ के इस आयोजन में काशी भी इसका साक्षी बना। देश और दुनिया से आने वाला हर श्रद्धालु पिछले 11 वर्ष में प्रधानमंत्री जी के नेतृत्व और मार्गदर्शन में इस नई काशी और बाबा विश्वनाथ की पावन धरा को नए कलेवर के रूप में देखने के उतावला दिखाई दे रहा था। मुख्यमंत्री ने कहा कि 45 दिनों के इस आयोजन के अवसर पर काशी में भी एक महा समागम दिखाई दे रहा था और इस दौरान तीन करोड़ से अधिक श्रद्धालुओं ने यहां स्थित बाबा विश्वनाथ के पावन धाम के दर्शन किए। आदित्यनाथ ने कहा कि महाकुंभ की सफलता, उसकी भव्यता और उसकी दिव्यता प्रधानमंत्री जी के मार्गदर्शन और नेतृत्व में एक नई ऊंचाई को छूती हुई दिखाई दी। उन्होंने का कि नमामि गंगे परियोजना के बाद हर श्रद्धालु जिसने मां गंगा, मां यमुना और मां सरस्वती की त्रिवेणी में डुबकी लगाई उसने अपने आप को अभिभूत होता हुआ पाया। उन्होंने कहा कि नमामि गंगे परियोजना की सफलता के कारण महाकुंभ भी आज सफल हुआ है। मुख्यमंत्री ने कहा कि काशी और उत्तर प्रदेश के उत्पादों को राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर मान्यता प्रदान करने के लिए प्रधानमंत्री जी के प्रयास सार्थक साबित हुए हैं। उन्होंने कहा कि काशी और उसके अगल-बगल के जनपदों को सर्वाधिक जीआई टैग अब तक प्राप्त हो चुके हैं और उत्तर प्रदेश, देश के अंदर जीआई टैग में नंबर एक स्थान हासिल कर रहा है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री के कर कमलों से आज 21 नए जीआई टैग के प्रमाणपत्र प्रदान किए जा रहे हैं। स्थानीय हस्तशिल्पियों और कारीगरों के उत्पादों को राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर एक नई पहचान दिलाने के लिए यह प्रयास किए गए हैं। आदित्यनाथ ने कहा कि आयुष्मान भारत एक गरीब को स्वास्थ्य की सुविधा उपलब्ध कराने के लिहाज से मील का पत्थर साबित हुआ है। देश के अंदर 50 करोड़ से अधिक लोग और उत्तर प्रदेश के 10 करोड़ से अधिक लोग इस योजना से सीधे-सीधे लाभान्वित हुए हैं। उत्तर प्रदेश समेत पूरे देश में अब वय वंदना योजना कार्ड के माध्यम से 70 वर्ष से अधिक उम्र के प्रत्येक बुजुर्ग को 5,00,000 रुपए की स्वास्थ्य सुविधा प्रदान की गई है और काशी में अब तक 50,000 से अधिक बुजुर्गों ने इसका कार्ड बनवा लिया है। इस अवसर पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के अलावा उत्तर प्रदेश की राज्यपाल आनंदी बेन पटेल, उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य, उपमुख्यमंत्री बृजेश पाठक, गुजरात विधानसभा के अध्यक्ष शंकर भाई चौधरी, भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष चौधरी भूपेंद्र सिंह मौजूद रहे।(भाषा)

## महाराजा सुहेलदेव का स्मारक भारत की विजय और विदेशी आक्रांताओं के लिए चुनौती का प्रतीकः योगी

**वाराणसी।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शुक्रवार को कहा कि महाराजा सुहेलदेव का स्मारक भारत की विजय और आक्रांताओं के लिए चुनौती का प्रतीक है। मुख्यमंत्री योगी ने शुक्रवार को वाराणसी में पिंडरा खंड के फतेपुर में सुहेलदेव भारतीय समाज पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं उत्तर प्रदेश सरकार के पंचायती राज मंत्री ओमप्रकाश राजभर की माता दिवंगत जितना देवी राजभर की प्रथम पुण्यतिथि पर आयोजित श्रद्धांजलि सभा को संबोधित कर रहे थे। एक आधिकारिक बयान के अनुसार अपने संबोधन में योगी ने कहा, महाराज सुहेलदेव ने 1000 साल पहले आक्रांता सालार मसूद और उसकी तीन लाख सैनिकों की विशाल सेना को पराजित कर भारत की विजय पताका फहराई थी लेकिन गुलामी की मानसिकता ने उनके गौरवशाली इतिहास को भुला दिया। ओमप्रकाश राजभर ने समाज के सामने उस गौरव को फिर से जीवित किया है। योगी ने कहा, यह सौभाग्य की बात है कि आज ऐसी पुण्य भूमि पर हूं, जो चक्रवर्ती सम्राट सुहेलदेव के पराक्रम की गवाह है। उन्होंने कहा कि आज महाराज सुहेलदेव का स्मारक बनकर तैयार हो चुका है, जो भारत की विजय और आक्रांताओं के लिए एक चुनौती का प्रतीक है। मुख्यमंत्री ने कहा, यह स्मारक उन लोगों के लिए भी चेतावनी है जो आज भी देश को बांटने और गद्दारी करने की साजिश रच रहे हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि किसी भी पुत्र के लिए, इससे बड़ा पुण्य कार्य नहीं हो सकता कि वह अपनी माता की स्मृति को जीवित रखने के लिए आयोजन करे और ओमप्रकाश राजभर ने यह कर दिखाया है जिन्होंने अपने माता-पिता के संस्कारों से अपने संघर्षों का मार्ग प्रशस्त किया। योगी ने भगवान राम का उदाहरण देते हुए कहा, माता की महिमा अपरंपार है। श्री राम ने स्वर्णमई लंका को भी मातृभूमि से छोटा माना। इसी भावना से ओमप्रकाश राजभर ने अपने माता-पिता की परंपरा और संस्कारों को आगे बढ़ाया है। मुख्यमंत्री ने ओमप्रकाश राजभर के दोनों पुत्र अरुण राजभर तथा अरविंद राजभर सहित पूरे परिवार को बधाई दी। उन्होंने इस अवसर पर आए सभी लोगों का आभार व्यक्त किया और फतेपुर की धरती को नई ऊंचाई देने का संकल्प दोहराया। योगी ने राष्ट्र के विरोध में काम करने वालों को आगाह करते हुए कहा कि सुहेलदेव का इतिहास हर उस गद्दार के लिए सबक है, जो देश को तोड़ने की कोशिश करेगा।(भाषा)

# वाराणसी में सामूहिक दुष्कर्म मामले में तीन और आरोपी गिरफ्तार

**वाराणसी।** वाराणसी में पुलिस ने हाल में 19 वर्षीय युवती के साथ कथित सामूहिक दुष्कर्म के मामले तीन और आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस के एक अधिकारी ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। पुलिस के अनुसार तीन आरोपियों को बृहस्पतिवार को गिरफ्तार किया गया। इन गिरफ्तारियों के साथ ही पुलिस ने मामले के 23 आरोपियों में से 12 को गिरफ्तार कर लिया। शुक्रवार को जारी एक आधिकारिक बयान के अनुसार प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शुक्रवार को अपने वाराणसी दौरे के दौरान सामूहिक दुष्कर्म की घटना पर गंभीर चिंता जताते हुए कड़ा रुख अपनाया। वाराणसी हवाई अड्डे पर उतरते ही उन्होंने पुलिस आयुक्त, मंडलायुक्त और जिलाधिकारी से इस मामले में विस्तृत जानकारी ली। प्रधानमंत्री ने अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए कि इस जघन्य अपराध के सभी दोषियों की पहचान कर उन पर कड़ी से कड़ी कार्रवाई सुनिश्चित की जाए। प्रधानमंत्री के निर्देश के कुछ देर बाद ही अधिकारियों ने तीन और आरोपियों की गिरफ्तारी की जानकारी साझा की। इस बीच, छावनी क्षेत्र के सहायक पुलिस आयुक्त (एसीपी) विदुष सक्सेना ने शुक्रवार को कहा, कथित सामूहिक दुष्कर्म के मामले में पुलिस ने कुल 23 आरोपियों में से 12 को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने सभी 11 नामजद और एक अन्य संदिग्ध आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। इससे पहले पीड़िता की मां की शिकायत के आधार पर 11 नामजद और 12 अज्ञात लोगों के खिलाफ मामला दर्ज किया गया था। सक्सेना ने कहा कि अज्ञात में दर्ज 11 अन्य आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए पुलिस टीम लगातार छापेमारी कर रही है और जल्द ही सभी को गिरफ्तार कर लिया जाएगा। नामजद आरोपियों की पहचान राज विश्वकर्मा, समीर, आयुष, सोहेल, दानिश, अनमोल, साजिद, जहीर, इमरान, जैब, अमन और राज खान के रूप में हुई है। शिकायत के अनुसार, पीड़िता के साथ 29 मार्च से चार अप्रैल के बीच कई जगहों पर 23 लोगों ने कथित तौर पर सामूहिक दुष्कर्म किया। पीड़िता के परिवार ने छह अप्रैल को इस संबंध में शिकायत दर्ज कराई। पुलिस ने पहले बताया था कि भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) की धारा 70(1) (सामूहिक दुष्कर्म), 74 (महिला की शील भंग की कोशिश में हमला या आपराधिक बल का प्रयोग), 123 (आपराधिक इरादे से जहर देना), 126(2) (गलत इरादे से रोकना), 127(2) (बंधक बनाना) और 351(2) (आपराधिक धमकी) के तहत मामला दर्ज किया गया है। पीड़िता की मां ने फोन पर बताया, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने अपने वाराणसी दौरे में अधिकारियों से मेरी बिटिया का हाल जाना, जिससे यह जाहिर है कि मोदी को हमारी फिक्र है। परंतु मैं खुद प्रधानमंत्री से मिलकर अपनी बेटी का दुख बताना चाहती हूं। पीड़िता की मां ने कहा, मैं चाहती हूं कि मेरी बेटी के साथ ऐसा जघन्य अपराध करने वालों को कड़ी से कड़ी सजा मिले ताकि भविष्य में कोई किसी की बिटिया के साथ ऐसा करने से पहले हजार बार सोचे। **(भाषा)**

# सीएचसी अधीक्षक ने किया संचारी दस्तक अभियान का निरीक्षण

**सिरौलीगौसपुर बाराबंकी, (ग्रुप 5 सं.)।** सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के अधीक्षक डॉ. संतोष सिंह ने शुक्रवार को संचारी दस्तक अभियान का निरीक्षण किया। उन्होंने ग्रामीणों को स्वच्छता के महत्व से अवगत कराया। डॉ सिंह ने कहाकि शुद्ध पेयजल और स्वच्छता से कई बीमारियों से बचा जा सकता है। उन्होंने शौचालय के नियमित उपयोग पर जोर दिया। साथ ही शौच के बाद और भोजन से पहले साबुन से हाथ धोने की सलाह दी। अधीक्षक ने घरों में चूहे,मच्छर और छछूंदर से बचाव के उपाय बताए। उन्होंने सुझाव दिया कि पशु बाड़े आबादी से दूर बनाए जाएं। रात में मच्छरदानी का उपयोग करें। शाम को फुल स्लीव कपड़े पहनें। घर के आसपास सफाई रखें और पानी जमा न होने दें। दस्तक अभियान के तहत आंगनवाड़ी और आशा कार्यकर्ता घर-घर जाकर स्टीकर लगाएंगी। वे बीमार लोगों



की सूची बनाएंगी। साथ ही संचारी रोगों से बचाव की जानकारी देंगी। डॉ. सिंह ने लोगों से आग्रह किया कि बुखार, जुकाम, खांसी जैसी मौसमी बीमारियों के लक्षण दिखें तो तुरंत डॉक्टर को दिखाएं। समय पर इलाज से बीमारी को जड़ से खत्म किया जा सकता है। कार्यक्रम में आशा सुमन,आशा संगिनी नीतू, बीसीपीएम शैलेश कुमार और चंद्रेश वर्मा मौजूद रहे।

# सड़क सुरक्षा जागरूकता अभियान के तहत की गई अनूठी पहल

» यातायात नियमों का उल्लंघन करने वालों को गुलाब का फूल देकर किया जागरूक



**सिरौलीगौसपुर बाराबंकी, (ग्रुप 5 सं.)।** बदोसरांय सड़क सुरक्षा जागरूकता अभियान के तहत एक अनूठी पहल की गई। उपजिलाधिकारी प्रीति सिंह की अगुवाई में यातायात नियमो का उल्लंघन करने वालो को दंड की बजाय गुलाब का फूल देकर जागरूक किया गया। रामसेवक यादव चौराहे पर आयोजित इस कार्यक्रम में राजकीय इंटर कॉलेज सिरौलीगौसपुर के प्रधानाचार्य अनंत कुमार यादव और कोतवाली बदोसरांय के निरीक्षक संतोष कुमार भी मौजूद रहे। टीम ने बिना हेलमेट बाइक चलाने वालों और बिना सीट बेल्ट कार चलाने वालों को रोका। छात्राओं ने उन्हें गुलाब भेंट किया और यातायात नियमों का पालन करने की अपील की। कार्यक्रम में आशीष कुमार अवस्थी, सुनील कुमार कश्यप, प्रेम यादव, चंद्रशेखर,अनीता सिंह, संदीप के साथ विद्यालय के कई छात्र-छात्राएं शामिल हुए। इस अभियान का मुख्य उद्देश्य लोगों को सड़क सुरक्षा के प्रति संवेदनशील बनाना और यातायात नियमों के पालन के लिए प्रेरित करना था।

# राष्ट्रीय लोक अदालत की सफलता हेतु बैंक अधिकारीगण के साथ बैठक का हुआ आयोजन

**अम्बेडकरनगर, (ग्रुप 5 सं.)।** राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण, नई दिल्ली एवं उत्तर प्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, लखनऊ के निर्देशों के क्रम में राम सुलीन सिंह, जनपद न्यायाधीश अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, के निर्देशानुसार जनपद न्यायालय, कलेक्ट्रेट परिसर, जनपद की समस्त तहसील एवं अन्य विभागों में आयोजित होने वाली राष्ट्रीय लोक अदालत की सफलता हेतु एडीआर भवन जनपद न्यायालय में मोहन कुमार, विशेष न्यायाधीश, पाक्सो अधिनियम / नोडल अधिकारी, राष्ट्रीय लोक अदालत की अध्यक्षता में एवं भारतेन्दु प्रकाश गुप्ता, अपर जिला जज , सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, की उपस्थिति में आगामी



राष्ट्रीय लोक अदालत में बैंकों के प्री-लिटिगेशन ऋण वादों एवं बीएसएनएल के वादों को नियत कर अधिक से अधिक संख्या में सुलह-समझौता के माध्यम से निस्तारित करवाने हेतु जनपद के बैंकों एवं बीएसएनएल के अधिकारीगण के साथ बैठक का आयोजन किया गया। मोहन कुमार, विशेष न्यायाधीश, पाक्सो अधिनियम नोडल अधिकारी, राष्ट्रीय लोक अदालत, द्वारा बैठक में उपस्थित बैंकों के अधिकारीगण को निर्देशित किया गया कि आगामी राष्ट्रीय लोक अदालत को सफल बनाने के लिए अधिक से अधिक प्री-लिटिगेशन ऋण वादों, प्रकरणों एवं भारत संचार निगम लिमिटेड के वादों को नियत कर निस्तारित कराने का प्रयास करें व अपना सक्रिय सहयोग प्रदान करें तथा आगामी राष्ट्रीय लोक अदालत हेतु चिन्हित ऋण वादों के नोटिस ससमय कार्यालय जिला विधिक सेवा प्राधिकरण को उपलब्ध करायें जिससे वादकारियों को नोटिस के माध्यम से सूचना दी जा सके एवं वादकारी अधिक से अधिक संख्या में राष्ट्रीय लोक अदालत में सुलह समझौता हेतु उपस्थित हो सकें। सभी उपस्थित अधिकारियों द्वारा निर्देशानुसार कार्य करने एवं आगामी राष्ट्रीय लोक अदालत की सफलता हेतु अपनी प्रतिबद्धता व्यक्त की गई।

# भाजपा ने हमेशा सभी वर्गों के साथ समान व्यवहार किया : अंगद सिंह

**सिरौलीगौसपुर बाराबंकी, (ग्रुप 5 सं.)।** भाजपा के स्थापना दिवस पर बाराबंकी के सिरौलीगौसपुर में आयोजित बूथ चलो अभियान मे विधान परिषद सदस्य अंगद सिंह ने महत्वपूर्ण बाते कही।उन्होने बताया कि प्रधानमंत्री ने 2047 तक भारत को विकसित राष्ट्र बनाने की रणनीति तैयार कर ली है। एमएलसी ने कहाकि प्रधानमंत्री सबका साथ,सबका विश्वास और सबका विकास के मंत्र के साथ देश को आगे बढ़ा रहे है। उन्होंने जातिवाद पर चिंता जताते हुए कहाकि सभी को जातियों से ऊपर उठकर देशप्रेम की भावना जगानी होगी। उन्होंने विपक्ष पर भी निशाना साधा। कहाकि विपक्षी दल बिना जानकारी के भाजपा को बदनाम करने का दुष्प्रचार करते हैं। उन्होंने दावा किया कि भाजपा ने हमेशा सभी वर्गों के



साथ समान व्यवहार किया है। कार्यक्रम के बाद एमएलसी ने गांव में प्रधानमंत्री आवास योजना के लाभार्थियों से मुलाकात की और उनका हाल-चाल जाना। कार्यक्रम में मंडल अध्यक्ष संदीप रावत, रामकुमार वर्मा, अमरेंद्र प्रताप सिंह, दुर्गेश दीक्षित समेत कई कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# सड़क निर्माण कार्य का अधिकारियों ने की गुणवत्ता की जांच

**सिरौलीगौसपुर बाराबंकी, (ग्रुप 5 सं.)।** क्षेत्र मे बदोसराय-सफदरगंज मुख्य मार्ग से गांवो को जोड़ने वाली सड़क निर्माण कार्य पूरा हो गया है।यह सड़क शेर अली पुरवा से होते हुए भवानीपुरदरौली और महमदपुर सहित कई गांवों को जोड़ती हुई कन्धाई तारापुर तक बनकर तैयार हो गई । शुक्रवार को लोक निर्माण विभाग के सहायक अभियंता एडिशन सिंह ने अवर अभियंता सिल्की अग्रवाल के साथ नवनिर्मित सड़क का निरीक्षण किया। उन्होंने कई स्थानों पर सड़क की चौड़ाई की नाप की। साथ ही सड़क की गुणवत्ता की जांच के लिए कुछ हिस्सों को खुदवाकर भी देखा। सहायक अभियंता एडिशन सिंह ने बताया कि सड़क की गुणवत्ता, लंबाई और चौड़ाई सभी मानकों के अनुरूप पाई गई है। साइट



से नमूने लेकर के लैब में जांच के लिए भी भेजा गया गया है।यह सड़क करीब 5 किलोमीटर लंबी है।

# ऐतिहासिक होगा खेल महाकुंभ, रेड कार्पेट पर होगा मार्च पास्ट

**अम्बेडकरनगर, (ग्रुप 5 सं.)।** खेल के क्षेत्र में बड़ा इतिहास रचने जा रहा है यहां आयोजित खेल महाकुंभ में देश भर के हैंडबॉल खिलाड़ी हिस्सा लेंगे, इनके स्वागत की ऐसी तैयारी युद्ध स्तर पर की जा रही है। अतिथि देवो भवः के साथ जनपद खेल की प्रथम पंक्ति में खड़ा दिखाई पड़ेगा। जिलाधिकारी ने बताया कि मैदान के चारों तरफ रेड कार्पेट होगा जिस पर मार्च पास्ट होगा। इस खेल को ऐतिहासिक बनाने के लिए जिलाधिकारी आयोजन अध्यक्ष लगातार बैठक और खेल मैदान का निरीक्षण कर अधिकारियों को कार्यक्रम की बारीकियों से अवगत करा रहे हैं। इसी क्रम में आयोजन अध्यक्ष, जिलाधिकारी अविनाश सिंह ने राजकीय हवाई पट्टी ग्राउंड पर आगामी 20 अप्रैल से 24 अप्रैल 2025 तक आयोजित होने वाले 47वें राष्ट्रीय पुरुष हैंडबॉल प्रतियोगिता स्थल का भौतिक निरीक्षण कर तैयारी का जायजा लिया तथा मौके पर कार्य कर रहे विभागों के अधिकारियों को तीव्र गति से सभी कार्यो को करने एवं अपेक्षित समय



में पूर्ण करने के निर्देश दिए। इस अवसर पर जिलाधिकारी ने कहा कि पूरे देश से विभिन्न प्रदेशों एवं क्लबों की 34 टीमें यथा उत्तर प्रदेश, हरियाणा, तेलंगाना, मणिपुर, चंडीगढ़, पांडिचेरी, दिल्ली, छत्तीसगढ़, मध्य प्रदेश, कर्नाटक, राजस्थान, उड़ीसा, जम्मू एवं कश्मीर, गुजरात, बिहार, केरल, महाराष्ट्र, पश्चिम बंगाल, पंजाब, झारखंड, आंध्र प्रदेश, हिमाचल प्रदेश, तमिलनाडु, मुंबई हैंडबॉल अकैडमी, स्पोर्ट्स कैस्टल, असम, आर्यावर्त, यशस्वी एकेडमी. एसएन पांडे हैंडबॉल एकेडमी, दमन एवं दीव, अरुणाचल प्रदेश, गोवा, पांडिचेरी, लक्ष्यद्वीप इस प्रतियोगिता में प्रतिभाग कर रही हैं। कुल मिलाकर जनपद अंबेडकर नगर में हैंडबॉल खेल के महाकुंभ का आयोजन किया जा रहा है। इसमें बड़ी संख्या में सिलेक्टर भी आएंगे, जिसमें राष्ट्रीय स्तर की टीमों का सलेक्शन करेंगी। यहां से इंटरनेशनल मैच खेलने के लिए टीमें सीधे ओमान जाएंगी। यहां पर जो खिलाड़ी आएंगे जिससे उनका सिलेक्टर की वजह से वास्तव में चयन हो सकेगा। साथ ही साथ यहां पर एस ए आई ने उनके लिए कई आकर्षक घोषणाएं की हैं, जो इनके आर्थिक पहलू ,नौकरी से संबंधित है। इसके साथ ही साथ जिला प्रशासन द्वारा प्रथम विजेता, द्वितीय विजेता, तृतीय विजेता एवं चतुर्थ विजेता को कैश अवॉर्ड से सम्मानित करने की भी तैयारी की जा रही है। इस आयोजन से ग्रामीण अंचलों में खेल प्रतिभाओं को सामने लाने में सहायता मिलेगी। खेल प्रतियोगिता के भव्य एवं दिव्य आयोजन हेतु जिला प्रशासन पूरी तन्मयता के साथ युद्ध स्तर पर सजाने एवं संवारने के लिए लगा हुआ है। पूरा प्रयास रहेगा कि जितने लोग पूरे देश से आएं उन्हें बेहतर से बेहतर सुविधाएं सुगमता से उपलब्ध हों और जब यहां से वे लौट कर जाएंगे तो अंबेडकर नगर में प्रतियोगिता की मीठी यादें हमेशा उनके जेहन में बनी रहें। निरीक्षण के उपरांत कलेक्ट्रेट सभागार में जिलाधिकारी ने राष्ट्रीय हैंडबाल प्रतियोगिता के सकुशल आयोजन हेतु गठित की गई समस्त टीमों के नोडल अधिकारियों के साथ कलेक्ट्रेट सभागार में बैठक की। बैठक में जिलाधिकारी ने एक-एक करके नोडल अधिकारियों उनके कार्यो के प्रगति की जानकारी ली। इस अवसर पर जिलाधिकारी ने खिलाड़ियों के जनपद में आगमन से लेकर उनके आवागमन, ठहरने, भोजन, पानी एवं स्नान आदि व्यवस्थाओं के साथ-साथ प्रतियोगिता के समय एवं उसके उपरांत उन्हें उपलब्ध कराई जाने वाली व्यवस्थाओं, नाइट मैच में प्रकाश व्यवस्था, प्रतियोगिता के भव्य एवं दिव्य शुभारंभ, खिलाड़ियों एवं अतिथियों के स्वागत आदि की तैयारियों के संबंध में आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि इस राष्ट्रीय प्रतियोगिता का आयोजन जनपद के गौरव की बात है अतः सभी अधिकारी पूरी तन्मयता के साथ सौंपे गए दायित्वों का निर्वहन करें।

## संक्षिप्त समाचार

### युवक ने नवविवाहिता का अश्लील वीडियो वायरल किया, मामला दर्ज

**भदोही।** पुलिस ने 25 साल की एक नवविवाहिता से अश्लील हरकत करने और चोरी छिपे उसका अश्लील वीडियो बनाकर सोशल मीडिया पर वायरल करने के आरोप में एक युवक और उसके परिजनों के खिलाफ मामला दर्ज किया है। पुलिस अधीक्षक अभिमन्यु मांगलिक ने पीटीआई-भाषा को बताया कि यह मामला सदर कोतवाली ज्ञानपुर के एक गांव का है। उन्होंने कहा कि महिला की तहरीर पर युवक प्रवेश राय, उसके पिता सुनील, माता राजकुमारी और मामा सुजीत राय के खिलाफ बृहस्पतिवार को सुसंगत धाराओं में मुकदमा दर्ज किया गया। तहरीर के मुताबिक, महिला का पति रोजी रोटी के सिलसिले में अक्सर बाहर रहता है और गांव के ही प्रवेश राय का अकेले रह रही पीड़ित महिला के घर आना-जाना था। पुलिस ने बताया कि प्रवेश ने चोरी से महिला की कुछ आपत्तिजनक फोटो और वीडियो बनाकर उसे फेसबुक और इंस्टाग्राम पर वायरल कर दिया। उन्होंने बताया कि प्रवेश राय ने अपने पिता सुनील राय और माता राजकुमारी को एक दिन महिला के घर भेजा जहां उन दोनों ने अश्लील फोटो और वीडियो के आधार पर महिला को ब्लैकमेल करके उससे सोने-चांदी के आभूषण देने की मांग की। महिला ने अपनी इज्जत बचाने के लिए अपने पास रखे लाखों के जेवरात प्रवेश के माता -पिता को दे दिया। इसके बाद भी प्रवेश महिला के घर आकर उसके साथ अश्लील हरकत करता था और महिला के पति और एक छोटे बच्चे की हत्या करने की धमकी देता था। महिला ने इस पूरी घटना में प्रवेश के मामा सुजीत का पूरा हाथ होने की बात कही है। मांगलिक ने बताया कि ज्ञानपुर थाना में मामला दर्ज कर इस मामले की विवेचना पुलिस क्षेत्राधिकारी चमन सिंह चावड़ा को सौंपी गई है। **(भाषा)**

### दंपति ने भांजे की गला घोंटकर हत्या की, दोनों आरोपी गिरफ्तार

**बहराइच।** जिले के एक गांव में पुलिस ने एक दंपति को अपने भांजे की हत्या करने के आरोप में गिरफ्तार किया है। पुलिस अधिकारियों ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। पुलिस ने बताया कि दंपति ने अपने 22 वर्षीय भांजे को अपने परिवार की एक लडक़ी के साथ कथित तौर पर आपत्तिजनक स्थिति में देखने के बाद उसकी हत्या कर दी। अधिकारियों ने बताया कि भानु प्रताप उर्फ सुधीर का शव 29 मार्च को धर्मनपुर गांव के बाहर एक स्कूल के पास एक बोरे में मिला था और उसके गले में रस्सी बंधी हुई थी। अपर पुलिस अधीक्षक (ग्रामीण) दुर्गा प्रसाद तिवारी ने संवाददाताओं से बताया कि बहराइच का औराही गांव निवासी भानु प्रताप उर्फ सुधीर (22) रामगांव थानांतर्गत धर्मनपुर में अपने मामा चेतराम गौतम के घर आया था तभी यह घटना हुई। उन्होंने बताया कि भानु के पिता कमलेश कुमार ने अपने पुत्र की हत्या का आरोप चेतराम और उसके परिवार पर लगाया जिसके बाद पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू की। उन्होंने बताया कि पुलिस जांच के दौरान सीसीटीवी फुटेज, मोबाइल रिकॉर्ड, फोन कॉल विवरण, गवाहों के बयान और परिस्थितिजन्य साक्ष्य का विश्लेषण किया गया। उन्होंने बताया कि छानबीन में चेतराम और उसकी पत्नी सुंदरी देवी द्वारा कथित तौर पर हत्या किए जाने के साक्ष्य मिले जिसके बाद बृहस्पतिवार को दंपति को गिरफ्तार कर लिया गया। उन्होंने कहा, आरोपियों ने पूछताछ के दौरान अपना अपराध कबूल कर लिया। तिवारी ने बताया कि शव का पोस्टमार्टम कराया गया है।**(भाषा)**

### विवाह नहीं होने पर भी साथ रह सकते हैं वयस्क दंपतिः इलाहाबाद उच्च न्यायालय

**प्रयागराज।** इलाहाबाद उच्च न्यायालय ने दो अलग-अलग धर्म मानने वाले महिला-पुरुष को दंपति के रूप में साथ रहने के एक मामले में कहा कि संविधान के तहत बालिग दंपति एक साथ रह सकते हैं, भले ही उन्होंने विवाह नहीं किया हो। इस दंपति से पैदा हुई बच्ची द्वारा दायर रिट याचिका पर सुनवाई करते हुए न्यायमूर्ति शेखर बी. सराफ और न्यायमूर्ति विपिन चंद्र दीक्षित की पीठ ने कहा, इस बच्ची के मां-बाप अलग-अलग धर्मों से हैं और 2018 से साथ रह रहे हैं। यह बच्ची एक साल चार महीने की है। बच्ची की मां के पहले के सास-ससुर से, उसके (बच्ची के)मां-बाप को खतरे की आशंका है। अदालत ने आठ अप्रैल के अपने निर्णय में कहा, हमारे विचार से संविधान के तहत वे मां-बाप जो वयस्क हैं, साथ रहने के हकदार हैं। भले ही उन्होंने विवाह नहीं किया हो। अदालत ने संभल के पुलिस अधीक्षक को यह सुनिश्चित करने का निर्देश दिया कि यदि बच्ची के मां-बाप थाना से संपर्क करें तो उनकी प्राथमिकी चंदौसी थाना में दर्ज की जाए। **(भाषा)**

## संक्षिप्त समाचार

### विकासनगर में लगातार तीसरे दिन भी हादसा, डंपर ने युवक को रौंदा

**देहरादून, एजेंसी।** शहर में लगातार तीसरे दिन भी हादसा हो गया। दिल्ली-यमुनोत्री राष्ट्रीय राजमार्ग पर एक तेज रफ्तार डंपर ने बाइक सवार को रौंद दिया। दुर्घटना में कालसी निवासी युवक की मौत हो गई। हादसा इतना खतरनाक था कि बाइक डंपर के नीचे फंस गई। इस कारण करीब एक घंटे तक दिल्ली-यमुनोत्री राष्ट्रीय राजमार्ग पर जाम लगा रहा। सूचना पर पहुंची पुलिस ने डंपर को सड़क से हटाया। उसके बाद राजमार्ग पर यातायात सुचारू हुआ। बुधवार को सुबह 11ः59 पर पुलिस को स्पूलपुर में मिड वे रेस्टोरेंट के पास एक डंपर और बाइक की टक्कर की सूचना मिली। बाजार चौकी प्रभारी वैभव गुप्ता टीम के साथ मौके पर पहुंचे। पुलिस ने घायल बाइक सवार को 108 इमरजेंसी एंबुलेंस से अस्पताल भिजवाया। जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। मौके पर मौजूद लोगों ने पुलिस को बताया कि डंपर तेज गति से आ रहा था। वहीं, एक गली से बाइक सवार निकल रहा था। सड़क पर दोनों वाहनों की जबरदस्त टक्कर हो गई। बाइक डंपर के आगे फंस गई। डंपर चालक घटना के बाद मौके से फरार हो गया। कोतवाली प्रभारी विनोद गुसाईं ने बताया कि मृतक की पहचान कालसी के देऊ गांव निवासी प्रदीप चौहान (28) पुत्र खजान सिंह के रूप में हुई है। बताया कि प्रदीप कालसी से किसी काम के लिए बाइक से विकासनगर की ओर आया था। मृतक का पंचनामा भरने के बाद शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। मृतक प्रदीप चौहान तीन भाइयों में सबसे बड़ा था। उसकी चार बहनें भी हैं। प्रदीप स्नातक के बाद प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कर रहा था। कोतवाली प्रभारी ने बताया कि परिजनों और तहरीर मिलने पर कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

### गुरुद्वारा गली में युवक ने घर में लगाई फांसी, मौत

**देहरादून, एजेंसी।** कोतवाली क्षेत्र की गुरुद्वारा गली में एक युवक ने घर में फांसी लगा ली। मृतक काफी समय से मानसिक अवसादग्रस्त बताया जा रहा था। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। बुधवार तड़के पुलिस को गुरुद्वारा गली में एक युवक के फांसी लगाने की सूचना मिली। कोतवाली प्रभारी विनोद गुसाईं ने बताया कि युवक चुन्नी से बने फंदे से पंखे के सहारे लटक रहा था। उसकी मौत हो चुकी थी। मृतक की पहचान गुरुद्वारा गली निवासी मुकुल राव (26) पुत्र स्व. योगराज के रूप में हुई है। युवक काफी समय से मानसिक अवसाद में था। मृतक की मां ने पुलिस को बताया कि रात करीब डेढ़ बजे तक बेटा उनके साथ था। उन्होंने बेटे से कहा भी था कि सब कुछ ठीक हो जाएगा। फिर वह सोने चला गया। सुबह उन्होंने देखा कि उनका बेटा पंखे के सहारे फंदे से लटक रहा है। कोतवाली प्रभारी ने बताया कि एक युवती भी युवक के साथ रह रही थी। घटना के समय युवती भी कमरे में थी। मृतक का पंचनामा भरने के बाद शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है।

### दिनदहाड़े काल बनकर सड़कों पर दौड़ रहे डंपर और ट्रैक्टर

**देहरादून, एजेंसी।** पछवादून में नियम के विरुद्ध दिन में भी खनिज से भरे डंपर और ट्रैक्टर-ट्रॉली सड़कों पर फर्राटा भर रहे हैं। इन वाहनों की रफ्तार लोगों के लिए काल बन रही है। लगातार दुर्घटनाओं के मामले सामने आने के बाद भी पुलिस और परिवहन विभाग जांच के लिए सड़कों पर नहीं उतर रहे हैं। बुधवार को डंपर के नीचे आने से प्रतियोगी परीक्षा की तैयारी कर रहे युवक की सांसें थम गईं। वहीं, परिवार की उम्मीदें भी बेटे के असमय जाने के साथ टूट गईं। यह डंपर और ट्रैक्टर-ट्रॉली की चपेट में आने से मौत का पहला मामला नहीं है। इस तरह से हादसे पछवादून क्षेत्र में लगातार हो रहे हैं। दून-पांवटा और दिल्ली यमुनोत्री राष्ट्रीय राजमार्ग के साथ विकासनगर, हरबर्टपुर, सहसपुर क्षेत्र के बाजारों व अंदरूनी गलियों तक में खनिज से भरे डंपरों और ट्रैक्टर-ट्रॉली की दिनभर आवाजाही जारी रहती है। कई बार नाबालिग के हाथ में ही डंपर और ट्रैक्टर-ट्रॉली का स्टेयरिंग थमा दिया जाता है। स्कूल, अस्पतालों और बाजारों से दिनभर डंपर और ट्रैक्टर-ट्रॉली दनदनाते हुए निकलते रहते हैं। बच्चों को स्कूल, कॉलेज, ट्यूशन और बाहर खेलने के लिए भेजने पर माता-पिता को उनकी कुशलता की चिंता लगी रहती है। वहीं, कामकाजी लोगों के घर पहुंचने तक उनके परिवार चिंतित रहते हैं। सहसपुर के सिंघनीवाला में बस दुर्घटना के बाद पुलिस की नींद खुली है।

# उत्तराखंड की राजनीति में भूचाल, भाजपा में शामिल हो रहे कांग्रेस के 10 विधायक !



**देहरादून, एजेंसी।** भाजपा नेता मथुरा दत्त जोशी के 10 कांग्रेस विधायकों के भाजपा में शामिल होने के बयान से प्रदेश की राजनीति गर्मा गई है। इस बयान पर प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष करन माहरा ने पलटवार किया है। उन्होंने कहा कि भाजपा में कांग्रेस के कई नेता पहले ही जा चुके हैं। उनसे सत्ताधारी दल में उथल-पुथल मची है। अब कांग्रेस के लिए कोई वैकेंसी नहीं बची है।

कांग्रेस छोड़कर भाजपा में सम्मिलित हुए मथुरा दत्त जोशी ने मुख्य विपक्षी दल के 10 विधायकों के भाजपा में शामिल होने के संबंध में बयान दिया था। जोशी का कहना है कि ये विधायक शीघ्र कांग्रेस को छोड़कर भाजपा में सम्मिलित होंगे।

अहमदाबाद में कांग्रेस के राष्ट्रीय अधिवेशन से एकजुटता का मंत्र लेकर उत्तराखंड लौटते ही कांग्रेस नेताओं में मथुरा दत्त जोशी के बयान ने चौंका दिया। प्रदेश में वर्ष 2027 में विधानसभा चुनाव होने हैं। कांग्रेस सत्ता में वापसी के लिए पूरा प्रयास कर रही है। राष्ट्रीय अधिवेशन में ऐसे प्रदेशों में पार्टी को मजबूत बनाने पर विशेष बल दिया गया, जहां विधानसभा चुनाव आने वाले वर्षों में तय हैं। जोशी के बयान को इसी से जोड़कर देखा जा रहा है।

उधर, प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष करन माहरा ने मथुरा दत्त जोशी पर पलटवार करते हुए कहा कि जोशी से पहले कई वरिष्ठ नेता कांग्रेस छोड़कर भाजपा में गए। इससे भाजपा के नेताओं में बेचैनी है। सत्ताधारी दल में उथल-पुथल मची है। उन्हें यही लगता है कि भाजपा में अब कांग्रेस के लिए वैकेंसी फुल है। कांग्रेस पूरी तरह एकजुट है। पार्टी विधायकों के कहीं जाने का कोई सवाल ही नहीं उठता।

### प्रदेश में शराब की नई दुकानें खोलने पर रोक, शिकायतें मिलने के बाद सीएम धामी ने दिए निर्देश

**देहरादून, एजेंसी।** शराब की नई दुकानें खोलने के विरोध में जिलाधिकारियों के समक्ष आपत्तियां दर्ज हुई हैं। इन आपत्तियों के चलते मुख्य सचिव ने नई दुकानों के आवंटन की प्रक्रिया पर पुनर्विचार करने के निर्देश जारी कर दिए हैं। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने मुख्य सचिव आनंद बर्द्धन को निर्देश दिए कि प्रदेश में शराब की नई दुकानें खोलने पर फिलहाल रोक लगा दी जाए। नई मदिरा दुकानें खोलने के मामले में मुख्यमंत्री को शिकायतें प्राप्त हुई थीं। इस पर उन्होंने मुख्य सचिव को कार्यवाही के निर्देश दिए हैं। बता दें कि नई आबकारी नीति के तहत सरकार ने पहले ही धार्मिक स्थलों के आसपास शराब की दुकानों पर प्रतिबंध लगा दिया है। मुख्यमंत्री ने भी निर्देश दिए थे कि शिक्षण संस्थाओं और धार्मिक स्थलों के आसपास मदिरा की दुकानें नहीं खोली जाएं। सूत्रों के मुताबिक, शराब की नई दुकानें खोलने के विरोध में जिलाधिकारियों के समक्ष आपत्तियां दर्ज हुई हैं। इन आपत्तियों के चलते मुख्य सचिव ने नई दुकानों के आवंटन की प्रक्रिया पर पुनर्विचार करने के निर्देश जारी कर दिए हैं।

# लगातार बढ़ रही गर्मी के बीच दो दिन के भीतर बिजली की मांग में उछाल, फिलहाल कटौती नहीं

देहरादून, एजेंसी। प्रदेश में दो दिन में बिजली की मांग 4.2 से बढ़कर 4.5 करोड़ यूनिट तक पहुंच गई। मांग के सापेक्ष राज्य की 1.6 करोड़, केंद्रीय पूल की दो करोड़ यूनिट मिलाकर 3.7 करोड़ यूनिट बिजली उपलब्ध है।

लगातार बढ़ रही गर्मी के बीच दो दिन के भीतर बिजली की मांग में उछाल दर्ज किया गया है। करीब 30 लाख यूनिट मांग बढ़ गई है। यह मांग अभी और बढ़ने की संभावना है। यूपीसीएल से जारी जानकारी के मुताबिक, बुधवार को बिजली की मांग बढ़कर 4.5 करोड़ यूनिट पर पहुंच गई।

दो दिन पहले तक यह मांग 4.3 करोड़ यूनिट के करीब थी। मांग के सापेक्ष राज्य की 1.6 करोड़, केंद्रीय पूल की दो करोड़ यूनिट मिलाकर 3.7 करोड़ यूनिट बिजली उपलब्ध है। यूपीसीएल बाकी बिजली बाजार से खरीद रहा है। हालांकि यूपीसीएल प्रबंधन का दावा है कि प्रदेश में फिलहाल कहीं भी घोषित कटौती नहीं की जा रही है। गर्मियां बढ़ने के साथ बिजली की मांग और बढ़ने की संभावना है।



# सरकारी नौकरी का सुनहरा मौका, यूकेएसएसएससी ने 416 पदों पर निकाली बंपर भर्ती

**देहरादून, एजेंसी।** उत्तराखंड में समूह ग के पदों पर भर्ती के लिए विज्ञप्ति जारी की गई है। इस तरह राज्य में युवाओं को सरकारी नौकरी में आने का बड़ा मौका मिलने जा रहा है। प्रदेश में 416 रिक्त पदों पर भर्ती की जाएगी। इसके लिए उत्तराखंड अधीनस्थ सेवा चयन आयोग (यूकेएसएसएससी) ने विज्ञप्ति जारी की है। युवाओं को इन पदों पर आवेदन करने के लिए 15 मई तक का समय दिया गया है।



"चरस्सए" राज्य में समूह ग की भर्ती करने जा रहा है। आयोग ने भर्ती के लिए अपनी वेबसाइट पर विज्ञप्ति जारी कर दी है। विज्ञप्ति के अनुसार युवा आयोग की वेबसाइट पर ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। आयोग ने ऑनलाइन आवेदन की तिथि 15 अप्रैल रखी है। यानी युवा 15 अप्रैल से इस भर्ती के लिए आवेदन कर सकते हैं और ऑनलाइन आवेदन करने की अंतिम तिथि 15 मई 2025 रखी गई है, जबकि आवेदन पत्र में संशोधन करने की तिथि 18 मई से 20 मई के बीच तय की गई है।

आयोग ने भारती के लिए लिखित परीक्षा की अंतिम तिथि 27 जुलाई 2025 तय की है। इच्छुक अभ्यर्थी आयोग की वेबसाइटपर आवेदन कर सकते हैं। जिन खाली पदों के लिए आयोग ने आवेदन आमंत्रित किए हैं।

भर्ती में आयु सीमा 21 साल से 42 साल तक रखी गई है और इसमें शैक्षिक अर्हता स्नातक रहेगी। हालांकि विभिन्न पदों पर अलग-अलग शर्तें रखी गई हैं, जिसकी जानकारी युवा उत्तराखंड अधीनस्थ सेवा चयन आयोग की वेबसाइट से प्राप्त कर सकते हैं। उत्तराखंड में खाली पदों को भरे जाने के लिए शासन स्तर पर अधिकारियों को दिशा निर्देश दिए जाते रहे हैं और इसी क्रम में विभिन्न अयोगों को भी पदों पर भर्ती के लिए अधियाचन भेजे गए हैं। इस बार समूह ग के पदों पर भारी संख्या में रिक्त पदों को लेकर भर्ती होने जा रही है।

### चरस तस्करी के 13 वर्ष पुराने मामले में 10 वर्ष की मिली सजा

**देहरादून, एजेंसी।** विशेष न्यायाधीश एनडीपीएस नंदन सिंह की अदालत ने चरस तस्करी के 13 वर्ष पुराने मामले में दोषी को 10 वर्ष कठोर कारावास की सजा सुनाई है। दोषी पर एक लाख का अर्थदंड भी लगाया है। रुपये जमा न करने एक वर्ष के साधारण कारावास की सजा अतिरिक्त भुगतनी होगी। सहसपुर थाना पुलिस ने 30 अक्तूबर 2011 को एक व्यक्ति को रामपुर स्थित मानसिक अस्पताल से 1.100 किलोग्राम चरस के साथ पकड़ा था। पटेलनगर थाना क्षेत्र के मेहूंवाला माफी निवासी आरोपी इसरार के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज किया गया था। न्यायालय के समक्ष आठ गवाहों में से छह पेश किए। अभियोजन और बचाव की पक्ष की बहस सुनने के बाद विशेष न्यायाधीश एनडीपीएस नंदन सिंह ने आरोपी इसरार को दोषी करार दिया। न्यायालय ने दोषी को 10 वर्ष के कठोर कारावास और एक लाख के अर्थदंड की सजा सुनाई।

# उत्तराखंड में बारिश से भारी तबाही, कहीं मलबे में दबे वाहन, कहीं ओलों से फसलें हुई बर्बाद

**देहरादून, एजेंसी।** उत्तराखंड में बुधवार को बारिश ने जमकर तबाही मचाई। खासकर पहाड़ी जिलों में कई स्थानों पर सड़कों, संपर्क मार्गों और आम रास्तों पर भारी मात्रा में मलबा आ गया। इसके रास्ते तो बंद हुए ही, कई वाहन भी मलबे के नीचे दब गए. कई जिलों में भयंकर ओलावृष्टि हुई. ओलों ने फलों और खड़ी फसलों को बर्बाद कर दिया.



बारिश ओलावृष्टि ने मचाई तबाही- दरअसल लंबे समय बाद मौसम ने बुधवार को अचानक करवट बदली. हालांकि मौसम विभाग ने पहले से ही बारिश, ओलावृष्टि और बर्फबारी को लेकर अलर्ट जारी किया हुआ था. लेकिन किसी को अनुमान नहीं था कि बारिश और ओलावृष्टि इतनी तबाही मचाएगी. गनीमत रही कि अभी तक कहीं से जान के नुकसान की खबर नहीं आई.

थराली में मलबे में दबे कई वाहन- चमोली जिले के थराली में बारिश का सबसे ज्यादा कहर देखने को मिला. थराली के कई गांवों में आंधी तूफान के साथ झमाझम बारिश हुई. इस बारिश ने इलाके में कोहराम मचा दिया. थराली तहसील के साथ ही ग्वालदम, डुंगरी, तलवाड़ी और कुलसारी आदि गांवों में भीषण बारिश हुई.

**कई दुकानों में भी घुसा मलबा-** थराली के बाजार में बरसाती नाला ऐसा उफना कि मलबे का ढेर लग गया. इस मलबे में अनेक वाहन दब गए. कई दुकानों में भी मलबे से पट गई. बारिश से आए मलबे से मची तबाही को रोकने के लिए तहसील प्रशासन की टीम तुरंत मौके पर पहुंची. मलबे को साफ किया गया. सिर्फ तीन घंटे की बारिश ने इलाके का भूगोल बदल दिया.

**बेरीनाग में भयंकर ओलावृष्टि-** उत्तराखंड के कुमाऊं मंडल में भी बादल खूब बरसे. ओलों की बरसात हो गई. खासकर पिथौरागढ़ जिले के बेरीनाग में ओलों ने फलों और फसलों को काफी नुकसान पहुंचाया है. ओलावृष्टि से पहले जो पेड़ फलों से लदे थे और खेतों में फसलें लहलहा रही थीं, बाद में उन्हें देखकर काश्तकारों और किसानों का कलेजा मुंह को आ गया. फल और फसलें ओलावृष्टि में बर्बाद हो गईं.

# केदारनाथ यात्रा का क्रेज ! कुछ ही घंटों में बिक गई हेलीकॉप्टर की सारी टिकटें




**देहरादून, एजेंसी।** श्रद्धालुओं का उत्साह देखकर लग रहा है कि इस बार भी उत्तराखंड चारधाम यात्रा 2025 अपने पिछले सालों के रिकॉर्ड तोड़ देगी. हेलीकॉप्टर की बुकिंग भी कुछ ही घंटों में फुल हो गई. 8 अप्रैल से जैसे ही केदारनाथ के लिए हेलीकॉप्टर की बुकिंग खोली गई, कुछ ही घंटे में मई महीने का सारा स्लॉट बुक हो गया. यानी अगर आप हेलीकॉप्टर से केदारनाथ जाना चाहते हैं तो आपको जून का इंतजार करना पड़ेगा. क्योंकि मई महीने की तो सारी टिकट बुक हो चुकी है. बता दें कि केदारनाथ धाम के कपाट दो मई को खोले जाएंगे. इसी दिन से गुप्तकाशी, सिरसी व फाटा हेलीपैड से हेली सेवाओं का संचालन शुरू किया जाएगा. यूकाडा (उत्तराखंड नागरिक उड्डयन विकास प्राधिकरण (युकाडा) ने दो से 31 मई तक की यात्रा के लिए केदारनाथ हेली सेवा टिकटों की बुकिंग आठ अप्रैल को शुरू की थी, लेकिन कुछ ही घंटों में मई महीने से सारी टिकट बुक हो गई. ऐसे में कई श्रद्धालुओं को मायूस होना पड़ा. जानकारी के मुताबिक पहले दिन ही 23,000 से अधिक श्रद्धालुओं ने हेलीकॉप्टर के टिकट बुक कराए. सिविल एविएशन डेवलपमेंट अथॉरिटी की मुख्य कार्यकारी अधिकारी सोनिका सिंह का कहना है कि टिकट जिस तरह से बुक हो रहे हैं, उससे वो अपनी प्लानिंग को और अधिक बढ़ा रहे हैं. इस बार 9 हेली कंपनियां हैं, जो केदारनाथ में अपनी सेवाएं दे रही हैं. साइबर ठगों के जाल में न फंसें : मई की सारी टिकट बुक हो चुकी हैं. ऐसे में यदि कोई व्यक्ति आपको मई में केदारनाथ हेली सेवा की टिकट का लालच देता है तो सावधान रहें. क्योंकि वो व्यक्ति साइबर ठग हो सकता है और आपको अपने जाल में फंसाकर मोटी रकम वसूल सकता है. हर साल इस तरह के केस सामने आते हैं, जब साइबर ठग आपको केदारनाथ हेली सेवा की टिकट दे देते हैं. लेकिन जब आप टिकट लेकर हेली कंपनी के पास पहुंचते हैं तो पता चलता है कि वो टिकट फर्जी था. सरकार की तरफ से साफ किया है कि केदारनाथ हेली सेवा की टिकट सिर्फ से ही बुक होगी. इसके अलावा आपके साथ कोई फ्रॉड कर रहा है.

### सचिवालय का ई-ऑफिस हुआ अपग्रेड, कामकाज सुचारू, अब जिलों के लिए शुरू होगी प्रक्रिया



**देहरादून, एजेंसी।** सचिवालय का ई-ऑफिस अपग्रेड कर दिया गया है। सेवाएं सुचारू हो गई हैं। लेटेस्ट वर्जन आने के बाद सचिवालय ई-ऑफिस और ज्यादा सुरक्षित हो गया है। सचिवालय का ई-ऑफिस एनआईसी ने अपग्रेड कर दिया है। इसके साथ ही पूरा कामकाज सुचारू हो चुका है। अब एनआईसी की टीम आईटीडीए के माध्यम से 12 अन्य क्षेत्रों में भी ई-ऑफिस का अपग्रेडेशन का काम चरणबद्ध करेगी।पिछले सप्ताह एनआईसी ने दो दिन तक ई-ऑफिस को अपग्रेड करने के लिए सचिवालय की सेवाएं बंद की थी। अपर सचिव आईटी नितिका खंडेलवाल ने बताया कि अपग्रेडेशन का काम सफलतापूर्वक पूरा हो गया है। सचिवालय की ई-ऑफिस सेवाएं सुचारू हो गई हैं। उन्होंने बताया कि लेटेस्ट वर्जन आने के बाद सचिवालय ई-ऑफिस और ज्यादा सुरक्षित हो गया है। अब 12 अन्य विभागों में ई-ऑफिस को अपग्रेड किया जाना है। अपर सचिव खंडेलवाल ने बताया कि चरणबद्ध तरीके से एनआईसी की टीम यहां भी अपग्रेड करने का काम करेगी।

# कानून बदला : नहीं बदले उत्तराखंड वक्फ बोर्ड के हालात, 22 साल में पदों का ढांचा ही नहीं हुआ स्वीकृत

**देहरादून, एजेंसी।** 22 साल में आज तक उत्तराखंड वक्फ बोर्ड के लिए पदों का ढांचा ही स्वीकृत नहीं हुआ है।5388 संपत्तियां चार कर्मचारियों के भरोसे है। पदों के प्रस्ताव कई बार लटके।

देश में वक्फ संपत्तियों के संबंध में कानून तो बदल गया लेकिन उत्तराखंड वक्फ बोर्ड को 22 साल से अपने हालात बदलने का इंतजार है। बोर्ड के पास यूं तो यूपी के हिस्से से बंटवारे में बड़ी संख्या में संपत्तियां आईं लेकिन उनके सही रख-रखाव संबंधी जिम्मेदारियां उठाने के लिए आज तक कर्मचारी नहीं मिल पाए।

पांच अगस्त 2003 को उत्तर प्रदेश से उत्तराखंड वक्फ बोर्ड को अलग करते हुए 2032 सुन्नी एवं 21 शिया वक्फ संपत्तियों की जिम्मेदारी सौंपी गई। आज वक्फ बोर्ड के पास 2146 औकाफ और उनकी 5388 संपत्तियां हैं। सरकार ने हाल ही में इन संपत्तियों के संरक्षण, उपयोग, सुधार, पारदर्शिता के लिए वक्फ कानून में संशोधन कर दिया है। लेकिन संपत्तियों के रखरखाव में अहम किरदार निभाने वाले कर्मचारियों के प्रस्ताव कागजों में ही दफन हैं।




यूपी से बंटवारे में उत्तराखंड वक्फ बोर्ड को संपत्तियां तो मिली लेकिन कोई कर्मचारी नहीं मिल पाया। तब वर्ष 2004 में सरकार से विशेष अनुमति लेकर चार कर्मचारियों (वक्फ निरीक्षक-01, रिकॉर्ड कीपर-01, कनिष्ठ लिपिक-01, अनुसेवक-01) की भर्ती की गई थी। तब से लेकर आज तक वक्फ बोर्ड इनके भरोसे ही चल रहा है।

बोर्ड ने 36 कर्मचारियों की भर्ती का प्रस्ताव पूर्व में कई बार तैयार किया लेकिन बात इससे आगे बढ़ ही नहीं पाई। शासन को कई बार नए पद सृजन करने का प्रस्ताव भेजा जा चुका है। इस दौरान राज्य में दोनों राजनीतिक दलों की सरकारें आईं लेकिन वक्फ बोर्ड को कर्मचारी नहीं मिल पाए। इतना जरूर है कि सरकारों ने कई बार वक्फ के कानूनों में बदलाव किया है।

बोर्ड के गठन के बाद वर्ष 2004 में रईस अहमद पहले अध्यक्ष बने, जिनका कार्यकाल 2007 तक रहा। 2007 से 2010 तक जिलाधिकारी देहरादून बोर्ड के प्रशासक रहे। 2010 से 2012 तक हाजी राव शराफत अली, 2013 से 2015 तक राव काले खां अध्यक्ष रहे। 2016 में ही करीब सात माह तक डीएम देहरादून प्रशासक के हवाले रहा। दिसंबर 2016 से अक्तूबर 2021 तक हाजी मोहम्मद अकरम बोर्ड के अध्यक्ष रहे।

# खेल भूमि के रूप में पहचान बना रहा है उत्तराखंड : धामी

**देहरादून, एजेंसी।** चौथी खेलो मास्टर्स राष्ट्रीय चैंपियनशिप में प्रतिभाग करने के लिए उत्तराखंड की टीम बुधवार को दिल्ली के लिए रवाना हुई। टीम को मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने मुख्यमंत्री कैम्प कार्यालय से हरी झंडी दिखाकर रवाना किया।

मुख्यमंत्री ने सभी खिलाड़ियों को शुभकामनाएं देते हुए कहा, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश में खेल संस्कृति को नई ऊंचाइयां मिली हैं। खेल इन्फ्रास्ट्रक्चर का तेजी से विकास हुआ है और खिलाड़ियों को हर स्तर पर प्रोत्साहन मिल रहा है। कहा, उत्तराखंड में भी नई खेल नीति के तहत खिलाड़ियों को हरसंभव सुविधा प्रदान करने का प्रयास किया गया है। राज्य ने हाल ही में आयोजित राष्ट्रीय खेलों में सातवां स्थान प्राप्त कर अपने खेल कौशल का प्रमाण दिया है। आज उत्तराखंड खेल भूमि के रूप में अपनी पहचान बना रहा है।

## सम्पादकीय

# भारत के लिए अवसर



सैयद अहमर हसनैन

कहा जाता है कि जिद्द के पक्के अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप आमतौर पर अपने फैसलों से पीछे नहीं हटते हैं। यदि ऐसा कोई कदम उठाते हैं तो उसे असामान्य बात ही कहा जाएगा। लेकिन हाल ही में उनके उस फैसले ने सबको चौंकाया है जिसमें उन्होंने भारत और यूरोपीय संघ के सदस्यों समेत दुनिया के साठ देशों के खिलाफ घोषित 'पारस्परिक टैरिफ' को नब्बे दिनों को टालने की घोषणा की है। बहरहाल, उनके इस अप्रत्याशित फैसले ने वैश्विक बाजारों को राहत दी है। जो यह दर्शाता है कि अड़ियल माने जाने वाले डोनाल्ड ट्रंप प्रतिकूल वैश्विक प्रतिक्रिया और घरेलू स्तर पर लगातार तेज होती असंतोष की आवाज से पूरी तरह से बेखबर नहीं हैं। वहीं दूसरी ओर ट्रंप ने चीन के खिलाफ टैरिफ बढ़ाने की रफ्तार तेज कर दी है। अमेरिका ने चीनी उत्पादों पर लगाये जाने वाले कर की दर को बढ़ाकर एक सौ पच्चीस कर दिया है। ऐसा लगता है कि चतुर सुजान ट्रंप को इस बात का अहसास हो गया है कि दुनिया के बहुत सारे देशों को नाराज करने की तुलना में एक मुख्य प्रतिद्वंद्वी पर निशाना केंद्रित करना अधिक सुरक्षित और समझदारी से भरा फैसला होता है।

दरअसल, टैरिफ वॉर के बाद अमेरिका में शेयर बाजार जिस तेजी से ध्वस्त हुए हैं, उसके मद्देनजर उनके 'अमेरिका ग्रेट अगेन' के सपने को खतरा पैदा होने की आशंका पैदा हो गई है। तभी वह अपने टैरिफ थोपने के फैसले को कुछ दिनों के लिये आगे टाल रहे हैं। वैसे अभी भी यह अनुमान लगाना मुश्किल ही है कि उनकी यह नई समझदारी निरंतरता के साथ स्थायी होगी भी या नहीं। लेकिन अनिश्चय के दौर से गुजर रहे वैश्विक बाजार को कुछ समय के लिये राहत जरूर मिली है। जिसका असर दुनिया के शेयर बाजारों पर भी नजर आया है। जिससे मंदी की तरफ बढ़ रही दुनिया की अर्थव्यवस्थाएं कुछ समय तक राहत की सांस ले सकती हैं। बहरहाल, भारत ने ट्रंप के द्वारा भारतीय उत्पादों पर लगाए गए टैरिफ का तत्काल जवाब न देकर सकारात्मक पहल की है। ऐसा लगता है कि भारत ने ट्रंप के टैरिफ पर आक्रामक रुख अपनाने के बजाय इंतजार करने का फैसला करके समझदारी भरा कदम उठाया है। हालांकि, इस फैसले को लेकर विपक्षी आलोचना के स्वर भी सुनाए देते रहे हैं। दरअसल, दांव पर दोनों देशों के बीच होने वाला द्विपक्षीय समझौता भी है, जिस पर नई दिल्ली और वाशिंगटन काम कर रहे हैं। भारत का लक्ष्य है कि दोनों देशों के बीच व्यापार को ढाई गुना बढ़ाना है। भारत ने चतुराई से असहज स्थितियां पैदा करने वाले कारकों को टाला है। बहरहाल, हाल में मिली राहत के बीच यह सुनिश्चित करने के लिये निरंतर बातचीत की आवश्यकता होगी कि भारत को लंबे समय तक भारी टैरिफ का बोझ न उठाना पड़े। साथ ही भारतीय हितधारकों को अधिक नुकसान से भी बचाया जाना चाहिए। वहीं चीन ने अमेरिका द्वारा टैरिफ थोपे जाने के खिलाफ अंत तक व्यापार युद्ध लड़ने की कसम खाई है। उसने मौजूदा परिस्थितियों में अमेरिका विरोधी मोर्चा बनाने के लिये यूरोपीय संघ और आसियान के देशों से संपर्क साधा है। ऐसा लगता है कि चीन को इस बात का अहसास हो चला है कि टैरिफ युद्ध में वह अकेला ही अमेरिका का मुकाबला करने में सक्षम नहीं हो सकेगा। दिलचस्प बात यह है कि चीन भारत को संकेत दे रहा है कि दो सबसे बड़े विकासशील देशों को मौजूदा कठिनाइयों को दूर करने के लिये एक साथ खड़ा होना चाहिए। हालांकि, भारत चीन के इस अवसरवाद को बखूबी समझता है। लेकिन एक मुश्किल बात यह है कि चीन और अमेरिका भारत के सबसे बड़े व्यापारिक साझेदारों में शामिल हैं। लेकिन अतीत में चीन की भारत के खिलाफ जिस तरह की हरकतें रही हैं और जिस तरह वह दक्षिण एशिया में भारत की घेराबंदी कर रहा है, उसके मद्देनजर चीनी आकांक्षा के प्रति भारत को सतर्क प्रतिक्रिया देनी चाहिए। लगातार विषम होती परिस्थितियों के बीच भारत को अपने आर्थिक हितों की रक्षा के लिये बेहद सावधानी से आगे बढ़ना चाहिए।

## हनुमान जयन्ती पर विशेष

# हनुमान थे कुशल प्रबंधक, योजनाकार एवं नेतृत्वकर्ता



ललित गर्ग

प्रभु हनुमान की अनेक विशेषताएं एवं विलक्षणताएं हैं, वे अदम्य साहस और शक्ति के प्रतीक हैं, जो विपरीत परिस्थितियों में भी डटे रहते हैं। वे भगवान श्रीराम के प्रति पूरी तरह समर्पित थे और उनके हर कार्य को निष्ठा से पूरा करते थे। हनुमान शक्तिशाली होने के बावजूद विनम्र थे और सभी के साथ अच्छा व्यवहार करते थे। वे ज्ञान और बुद्धि से भरपूर थे और हर कार्य को कुशलता एवं निपुणता से करते थे, चाहे वह समुद्र को पार करना हो या लंका को जलाना। हनुमान को चिरंजीवी माना जाता है, यानी वे अमर हैं, वे एक आदर्श ब्रह्मचारी थे। हनुमान के चेहरे पर कभी चिंता, निराशा या शोक नहीं दिखता था, वे हर हाल में मस्त रहते थे। हनुमानजी से मन, कर्म और वाणी पर संतुलन रखना सीखा जा सकता है। वे एक कुशल प्रबंधक थे और उनके जीवन से प्रबंधन के कई गुण सीखे जा सकते हैं। वे कुशल राजनीतिज्ञ भी हैं, जिनसे आदर्श राजनीति के गुण सीखे जा सकते हैं। रुद्रावतार हनुमान कुशल योजनाकार, कुशाग्र और दूरदर्शी थे। बालि से सताए सुग्रीव जंगल में छिपकर जीवन बिता रहे थे, इस बीच जब जंगल में हनुमानजी भगवान श्रीराम और लक्ष्मण से मिले तो उन्होंने भविष्य को भांप लिया और प्रभु श्रीराम एवं सुग्रीव की मित्रता कराई, जिससे दोनों को लाभ हुआ। हनुमानजी जो भी काम करते थे तन्मयता से करते थे...

भगवान हनुमानजी इस कलियुग में महान शक्ति हैं, सबसे ज्यादा पूजे जाने वाले इष्ट हैं, जो अष्ट सिद्धि और नव निधि के देने वाले हैं। इसलिए उनकी विश्वासपूर्वक जो पूजा करता है, उसकी मनोकामना अवश्य पूरी होती है। हनुमानजी को हिन्दू देवताओं में सबसे शक्तिशाली माना गया है, वे रामायण जैसे महाग्रंथ के सह पात्र थे। वे भगवान शिव के ग्यारहवें रूद्र अवतार थे, जो श्रीराम की सेवा करने और उनका साथ देने त्रेता युग में अवतरित हुए थे। उनको बजरंग बली, मारुतिनंदन, पवनपुत्र, केशरीनंदन आदि अनेकों नामों से पुकारा जाता है। उनका एक नाम वायुपुत्र भी है, उन्हें वातात्मज भी कहा गया है अर्थात् वायु से उत्पन्न होने वाला। इन्हें सात चिरंजीवियों में से एक माना जाता है। वे सभी कलाओं में सिद्धहस्त एवं माहिर थे। वीरों में वीर, बुद्धिजीवियों में सबसे विद्वान। वे साहस, भक्ति, और शक्ति के प्रतीक हैं, जो भगवान श्रीराम के परम भक्त और प्रिय हैं। मंगलवार को हनुमानजी का जन्म हुआ, ऐसा माना जाता है। भिन्न-भिन्न लोगों ने इस महान आत्मा का मूल्यांकन भिन्न-भिन्न दृष्टिकोण से किया है। हनुमान का चरित्र एक लोकनायक का चरित्र है और उनके इसी चरित्र ने उन्हें सार्वभौमिक, सार्वकालिक एवं सार्वदैशिक लोकप्रियता प्रदान की है।

उनके चरित्र ने जाति, धर्म और सम्प्रदाय की संकीर्ण सीमाओं को लांघ कर जन-जन को अनुप्राणित किया है। हनुमानजी का चरित्र बहुआयामी है क्योंकि उन्होंने संसार और संन्यास दोनों को जीया। वे एक महान् योगी एवं तपस्वी हैं और इससे भी आगे वे रामभक्त हैं। हनुमान-भक्ति भोगवादी मनोवृत्ति के विरुद्ध एक प्रेरणा है संयम की, पवित्रता की, समर्पण की। यह भक्ति एक बदलाव की प्रक्रिया है। यह भक्ति प्रदर्शन नहीं, आत्मा के अभ्युदय का उपक्रम है और जीवन-विकास का आयाम है। प्रभु हनुमान की अनेक विशेषताएं एवं विलक्षणताएं हैं, वे अदम्य साहस और शक्ति के प्रतीक हैं, जो विपरीत परिस्थितियों में भी डटे रहते हैं। वे भगवान श्रीराम के प्रति पूरी तरह समर्पित थे और उनके हर कार्य को निष्ठा से पूरा करते थे। हनुमान शक्तिशाली होने के बावजूद विनम्र थे और सभी के साथ अच्छा व्यवहार करते थे। वे ज्ञान और बुद्धि से भरपूर थे और हर कार्य को कुशलता एवं निपुणता से करते थे, चाहे वह समुद्र को पार करना हो या लंका को जलाना। हनुमान को चिरंजीवी माना जाता है, यानी वे अमर हैं, वे एक आदर्श ब्रह्मचारी थे। हनुमान के चेहरे पर कभी चिंता, निराशा या शोक नहीं दिखता था, वे हर हाल में मस्त रहते थे। हनुमानजी से मन, कर्म और वाणी पर संतुलन रखना सीखा जा सकता है। वे एक कुशल प्रबंधक थे और उनके जीवन से प्रबंधन के कई गुण सीखे जा सकते हैं। वे कुशल राजनीतिज्ञ भी हैं, जिनसे आदर्श राजनीति के गुण सीखे जा सकते हैं। रुद्रावतार हनुमान कुशल योजनाकार, कुशाग्र और दूरदर्शी थे। बालि से सताए सुग्रीव जंगल में छिपकर जीवन बिता रहे थे, इस बीच जब जंगल में हनुमानजी भगवान श्रीराम और लक्ष्मण से मिले तो उन्होंने भविष्य को भांप लिया और प्रभु श्रीराम एवं सुग्रीव की मित्रता कराई, जिससे दोनों को लाभ हुआ। हनुमानजी जो भी काम करते थे तन्मयता से करते थे। हनुमानजी ने सेना से लेकर समुद्र को पार करने तक जो कार्य कुशलता और बुद्धि परिचय दिया, वह प्रबंधन के गुणों को दर्शाता है। हनुमानजी अच्छे नेतृत्वकर्ता थे, उनकी कम्युनिकेशन स्किल अच्छी थी। उनमें कुशल राजनय के सभी गुण थे। इसलिए जब सीता का पता लगाने के लिए अनजान प्रदेश में किसी को भेजने की बात आई तो बजरंगबली को चुना गया। वहां न सिर्फ उन्होंने माता सीता का पता लगाया, आगे बढ़कर कम्युनिकेशन स्किल और डिप्लोमेसी के बल पर सीताजी को आश्वस्त किया और लंका में श्रीराम की सेना का खौफ भर दिया। शुद्ध आचार, विचार और व्यवहार से जुड़ी हनुमानजी की ऐसी अनेक चारित्रिक व्याख्याएं हैं जिनमें जीवन और दर्शन का सही दृष्टिकोण सिमटा हुआ है। हनुमानजी विद्वानों में सर्वश्रेष्ठ हैं। वाल्मीकि रामायण में उनको महाबलशाली घोषित करते हुए 'बुद्धिमतां वरिष्ठं' कहना पूर्ण युक्ति संगत है। 'रामचरितमानस' में भी उनके लिए 'अतुलित बलधाम' तथा 'ज्ञानिनामग्रगण्यम' इन दोनों विशेषणों का प्रयोग द्रष्टव्य है। ब्रह्मचारी हनुमानजी महान् संगीतज्ञ और गायक भी थे। इनके मधुर गायन को सुनकर पशु-पक्षी एवं सृष्टि का कण-कण मुग्ध हो जाता था। उनकी विद्वता के साथ-साथ तर्क-शक्ति अत्यंत उच्च कोटि की थी।



ऐसे अनेक प्रसंग है जब उन्होंने अपनी तर्क-शक्ति से अनेक जटिल स्थितियों को सहज बना दिया। उनकी अलौकिक साधना एवं नैसर्गिक दिव्यता का ही परिणाम था कि वे भय और आशंका से भरे वातावरण में भी निःशंक और निर्भीक बने रहते थे। संकट की घड़ी में भी शांतचित्त होकर अपने आसन्न कर्तव्य का निश्चय करना उत्तम प्रज्ञा का प्रमाण है। हनुमान इस सर्वोत्कृष्ट प्रज्ञा से युक्त थे। संपूर्ण विद्याओं के ज्ञान में उनकी तुलना देवताओं के गुरु बृहस्पति से की गयी है। महर्षि अगस्त्य के अनुसार हनुमानजी नवों व्याकरणों के अधिकारी विद्वान थे। नोबेल पुरस्कार विजेता आक्टाभियो पाज का भी यह सुनिश्चित मत है कि हनुमान ने व्याकरण शास्त्र की रचना की थी। भारत ही नहीं, विश्व के इतिहास में किसी ऐसे मानव का उल्लेख नहीं मिलता, जिसमें शारीरिक बल भावनात्मकता और मानसिक शक्ति का एक साथ इतना अधिक विकास हुआ हो जितना हनुमानजी में हुआ था। प्राचीन भारत में ब्रह्मतेज से युक्त अनेक महामानव हुए। इसी प्रकार इस पावनभूमि में ऐसे विशिष्ट व्यक्ति भी हुए जो शारीरिक बल में बहुत बलशाली थे, परन्तु ब्रह्मतेज के साथ-साथ शास्त्र-बल का जो आश्चर्यजनक योग हनुमान में प्रकट हुआ, वह अन्यत्र दिखाई नहीं पड़ता। हनुमानजी अदम्य साहसी थे और विपरीत परिस्थितियों से विचलित नहीं होते थे। रावण को सीख देते समय उनकी निर्भीकता, दृढ़ता, स्पष्टता और निश्चिंतता अप्रतिम है। जब समुद्र में रामनाम लिखा पत्थर डालना था तो हनुमानजी भी इस काम में जुट गए और इस समय उनमें उत्साह देखते ही बनता था। इससे पहले लंका में अशोक वाटिका के फल खाते वक्त भी उनकी मस्ती मंत्रमुग्ध करती है।

# वक्फ एक्ट का संशोधन कर सरकार ने सुधारवादी और प्रगतिवादी संपत्ति अधिनियम बनाया

## वक्फ : संदर्भ और खतरा



के. विक्रम राव

राष्ट्र के सर्वोच्च मुस्लिम राजनेता मौलाना अबुल कलाम आजाद द्वारा लिखी आत्म-कथा की चन्द पंक्तियों को दुबारा पढ़ने की जरूरत है ताकि भारत में पनपते रहे राष्ट्रवादी मुस्लिम सोच तथा जिन्नावादी सोच में विषमता परखी जा सके। इससे मुमकिन है सारे भारतीय मुसलमानों की देशभक्ति पर लगता सवालिया चिन्ह मिटे, या कम से कम फीका पड़ सके। वर्ना खतरा है कि सेक्युलर भारत कहीं धर्मप्रधान राज्य न बन जाये। मौलाना आजाद ने लिखा (इंडिया विन्स फ्रीडमः पृष्ठ 208) था कि 14 अगस्त 1947 (पाकिस्तान का स्थापना दिन) के बाद भारत में रह गये मुस्लिम लीगी राजनेता मेरे पास आये। उन्होंने मोहम्मद अली जिन्ना का अपने कराची प्रस्थान के अवसर पर दिया गया संदेशा दिखाया। जिन्ना ने इन मुस्लिम राजनेताओं को सुझाया था कि भारत का विभाजन हो गया है अतः ये मुसलमान अब भारत के निष्ठावान नागरिक बनकर रहें। इन मुस्लिम लीगी नेताओं ने मुझसे शिकायत की कि जिन्ना ने उन्हें धोखा दिया। मौलाना आजाद की राय में भारत में रह गये इन मुस्लिम राजनेताओं की बेवकूफी थी जब वे यह समझते थे कि पाकिस्तान के मायने हैं कि मुसलमान चाहे जहां हो एक अलग कौम माने जायेंगे...

ब्रिटिश राज द्वारा 1923 में बनाए मुस्लिम वक्फ एक्ट का संशोधन कर नरेंद्र मोदी सरकार ने यूं तो सुधारवादी और प्रगतिवादी संपत्ति अधिनियम बनाया है। मगर इस पर प्रतिक्रिया का सामना करने के लिए न पार्टी न शासन ने पर्याप्त तैयारी की थी। नतीजे में कई जगह कानून और व्यवस्था की चरचराने की आवाज सुनाई पड़ रही है। मुस्लिम अलगाववाद जिसने ब्रिटिश साम्राज्य की नींव पक्की की थी, मोहम्मद अली जिन्ना मार्का जनद्रोही नेता उभर कर आ गए। भारतीय सेकुलर गणराज्य फिर हिल डुल रहा है। इस पर हर भारत प्रेमी को गंभीरता से सोचना होगा। इस संदर्भ में मेरी नई किताब अब और पाकिस्तान नहीं में 15 अगस्त 2008 पर लिखे मुस्लिम अलगाववाद का खतरा वाला लेख फिर परोस रहा हूं। स्वाधीनता के इकसठ वर्ष बाद भी यदि भारतीय राष्ट्र-राज्य फिर मजहब के कारण विभाजन की कगार पर आ जाये, तो हर देशभक्त हिन्दुस्तानी को आत्मचिन्तन करना होगा कि इस्लाम के नाम पर पड़ोस में एक कौम स्थापित होने के बावजूद खण्डित भारत में सेक्युलर अवस्थापना क्यों दृढ़ नहीं हो पाई है?

इसी पसमंजर में स्वतंत्रता सेनानी और राष्ट्र के सर्वोच्च मुस्लिम राजनेता मौलाना अबुल कलाम आजाद द्वारा लिखी आत्म-कथा की चन्द पंक्तियों को दुबारा पढ़ने की जरूरत है ताकि भारत में पनपते रहे राष्ट्रवादी मुस्लिम सोच तथा जिन्नावादी सोच में विषमता परखी जा सके। इससे मुमकिन है सारे भारतीय मुसलमानों की देशभक्ति पर लगता सवालिया चिन्ह मिटे, या कम से कम फीका पड़ सके। वर्ना खतरा है कि सेक्युलर भारत कहीं धर्मप्रधान राज्य न बन जाये। मौलाना आजाद ने लिखा (इंडिया विन्स फ्रीडमः पृष्ठ 208) था कि 14 अगस्त 1947 (पाकिस्तान का स्थापना दिन) के बाद भारत में रह गये मुस्लिम लीगी राजनेता मेरे पास आये। उन्होंने मोहम्मद अली जिन्ना का अपने कराची प्रस्थान के अवसर पर दिया गया संदेशा दिखाया। जिन्ना ने इन मुस्लिम राजनेताओं को सुझाया था कि भारत का विभाजन हो गया है अतः ये मुसलमान अब भारत के निष्ठावान नागरिक बनकर रहें। इन मुस्लिम लीगी नेताओं ने मुझसे शिकायत की कि जिन्ना ने उन्हें धोखा दिया। मौलाना आजाद की राय में भारत में रह गये इन मुस्लिम राजनेताओं की बेवकूफी थी जब वे यह समझते थे कि पाकिस्तान के मायने हैं कि मुसलमान चाहे जहां हो एक अलग कौम माने जायेंगे। आपकी इसी बेवकूफी के कारण हिन्दुओं के दिमाग में आक्रोश और नाराजगी पैदा हो गई, उन्होंने कहा। मौलाना आजाद ने याद भी दिलाया कि इसी भ्रम में मुसलमानों ने पाकिस्तान के पक्ष में 1946 के मतदान में वोट दिया था। मुसलमान प्रत्याशियों का ही समर्थन किया था। उत्तर प्रदेश के सबसे बड़े सेक्युलर राष्ट्रवादी मुस्लिम नेता रफी अहमद किदवई तीन चुनाव क्षेत्रों से पराजित हुए और जीते तो सयुंक्त मतदान क्षेत्र से जहां हिन्दू वोटर बहुमत में थे। हेमवती नन्दन बहुगुणा, जो उत्तर प्रदेश में मुस्लिम मतदाताओं के काफी चहेते रहे, ने लखनऊ में पत्रकारों को बताया था कि वे इलाहाबाद में एक मुस्लिम लीगी नेता की सभा में श्रोता थे। उस लीगी ने समर्थन किया इलाहाबाद



के मुस्लिम बाशिन्दों की उस मांग का कि गंगातटीय इस नगर को भी पाकिस्तान में शामिल कर दिया जाय। इस कदर भ्रामक प्रचार इन मुस्लिम लीगियों ने आजादी के दिन तक किया था कि नब्बे प्रतिशत भारतीय मुसलमान जिन्ना के पक्षधर हो गये थे। त्रासदी तो उन भारतीय मुसलमानों की ज्यादा हुई जो सिंघ और आज के बांग्लादेश गये थे। उन्हें आज भी मोहजिर (शरणार्थी) कहा जाता है। हिंसा के वे बहुत शिकार होते हैं। स्वाधीन भारत की नियति रही कि दो प्रकार की सोचवाले मुसलमान भारत में हैं: एक जो मौलाना आजाद, रफी अहमद किदवई की भांति राष्ट्रवादी और पाकिस्तान-विरोधी है। दूसरे वे जिन्नावादी जो भारत में पलकर, बड़े हो कर भी, अपनी सोच को सेक्युलर नहीं बना पाये। वे पाकिस्तान गये नहीं और स्वाधीनता के वातावरण में अपने को ढाल नहीं पाये। इसी सोच की परिणति है कि आज हिन्दू जम्मू और मुस्लिम कश्मीर विघटन की कगार पर जा पहुंचे हैं। अब प्रश्न उठना स्वाभाविक है कि स्वाधीन भारत आज अपने सेक्युलर चरित्र को कैसे बचाये? पहला कदम तो यही कि खान अब्दुल गफ्फार खान के सिद्धांत से भारत के जिन्नावादी सोच के मुसलमानों को प्रभावित और शिक्षित कराया जाय कि राष्ट्रीयता का आधार मजहब नहीं हो सकता। वह भौगोलिक होता है। स्वाधीनता और बंटवारे के इकसठ वर्ष बाद एक गंभीर पहलू उभर कर आता है कि दोनों विभाजित राष्ट्र अपना रिश्ता बेहतर क्यों नहीं बना पाये? इसका खास कारण है हिन्दुओं की असहिष्णुता और मुसलमानों की उग्रवादिता। इसी का चरम परिणाम था भारत का विभाजन और पाकिस्तान का जन्म। महात्मा गांधी ने इन दोनों सम्प्रदायों के अवगुणों को दूर करने के संघर्ष में अपनी आहुति भी दे डाली। गांधी के अखण्ड भारत के प्रयासों को जवाहरलाल नेहरू ने क्षीण कर डाला। गांधी ने सुझाया था कि जिन्ना प्रधानमंत्री हो जाये, मगर अंग्रेज यहां से चले जायें। गांधी जानते थे कि ब्रिटिश राज के खात्मे के बाद जिन्ना के साथ गैर-मुस्लिम लीगी मुसलमान नहीं रह पाएंगे। जिन्ना को अपनी असली औकात, जो उनकी 1936-37 में थी, पता चल जायेगी। भारत का बंटवारा नहीं होगा। इसे नेहरू और पटेल ने नहीं माना। सोशलिस्ट पार्टी की नेता कमलादेवी चट्टोपाध्याय ने इतिहास पर अपने साक्ष्य की रिकार्डिंग में कहा था कि जवाहरलाल नेहरू और वल्लभ भाई पटेल वृद्ध हो गये थे। वे अपने जीवन की गोधूलि की बेला पर सत्तासुख भोगने के लोभ का संवरण नहीं कर पाये। यदि गांधीजी के प्रयासों की वजह से कुछ और देर हो जाती तो भी स्वतंत्रता तो साल भर बाद मिल ही जाती। किन्तु नेहरू और पटेल बहुत जल्दी में थे। जिन्ना के साथ सौदा हो गया। भारत बंट गया। डॉ. राममनोहर लोहिया ने भी अपनी पुस्तक भारत के विभाजन के अपराधी में इसी तथ्य को उजागर किया है।

## महासागरों पर समीक्षा

# धरती के महासागर एक बार हरे हो गए थे, इनका रंग फिर बदल सकता है

महासागर धरती के करीब तीन चौथाई हिस्से पर फैले हैं जिससे यह ग्रह आकाश से हल्के नीले रंग का दिखता है। लेकिन नेचर पत्रिका में प्रकाशित एक अध्ययन रिपोर्ट में जापानी शोधकर्ताओं ने यह दावा किया है कि पृथ्वी के महासागर कभी हरे हुआ करते थे। प्राचीन काल में पृथ्वी के महासागरों के अलग रंग में दिखने का संबंध उनके रसायन विज्ञान और प्रकाश संश्लेषण के विकास से है। भूविज्ञान के स्नातक छात्र के रूप में, मुझे ग्रह के इतिहास को रिकॉर्ड करने के लिहाज से बैंडेड आयरन संरचना के रूप में जाने जाने वाले एक प्रकार के चट्टानी जमाव के महत्व के बारे में पढ़ाया गया था। बैंडेड आयरन संरचना का जमाव आर्कियन और पैलियोप्रोटेरोजोइक युग में लगभग 3.8 से 1.8 अरब साल पहले हुआ था। उस समय जीवन महासागरों में एक कोशिका वाले जीवों तक ही सीमित था। महाद्वीप ग्रे, भूरे और काले रंग की चट्टानों और जमा तलछटों का एक बंजर परिदृश्य था। महाद्वीपीय चट्टानों पर गिरने वाली बारिश की बूंदों से उसमें विद्यमान लोहा घुलकर नदियों के जरिए महासागरों में पहुंच गया। लोहे के अन्य स्रोत समुद्र तल पर ज्वालामुखी थे। यह लोहा (आयरन) बाद में महत्वपूर्ण हो गया होगा।

आर्कियन युग एक ऐसा समय था जब पृथ्वी का वायुमंडल और महासागर ऑक्सीजन गैस से रहित थे, लेकिन यह वह समय था जब सूर्य के प्रकाश से ऊर्जा उत्पन्न करने वाले पहले जीव विकसित हुए थे। इन जीवों ने अवायवीय यानी ऐनेरोबिक प्रकाश संश्लेषण का उपयोग किया, जिसका अर्थ है कि वे ऑक्सीजन की अनुपस्थिति में भी प्रकाश संश्लेषण कर सकते हैं। इसने महत्वपूर्ण परिवर्तनों को गति दी क्योंकि अवायवीय प्रकाश संश्लेषण का एक सहउत्पाद ऑक्सीजन गैस है। ऑक्सीजन गैस समुद्री जल में लोहे से संबद्ध है। ऑक्सीजन केवल वायुमंडल में एक गैस के रूप में मौजूद थी जब समुद्री जल का लोहा और अधिक ऑक्सीजन को बेअसर नहीं कर सकता था। आखिरकार, प्रारंभिक प्रकाश संश्लेषण ने महान ऑक्सीकरण घटना को जन्म दिया, जो एक प्रमुख पारिस्थितिकी मोड़ था जिसने पृथ्वी पर जटिल जीवन को संभव बनाया। इससे बड़ा परिवर्तन हुआ और ऑक्सीजन रहित पृथ्वी पर ऑक्सीजन की प्रचुरता के साथ महासागर और वायुमंडल में बड़ी मात्रा में ऑक्सीजन उपलब्ध हो गई। बैंडेड आयरन संरचनाओं में विभिन्न रंगों के बैंड ऑक्सीजन की अनुपस्थिति में जमा आयरन भंडार और लाल ऑक्सीकृत आयरन के बीच एक परिवर्तन के साथ इस बदलाव को रिकॉर्ड करते हैं। आर्कियन युग में हरे महासागरों के लिए हालिया शोध रिपोर्ट का मामला एक अवलोकन से शुरू होता है जापानी ज्वालामुखी द्वीप इवो जीमा के आसपास के पानी में ऑक्सीकृत आयरन के एक रूप (एफ-3) से जुड़ा हरा रंग है। द्वीप के आसपास के हरे पानी में नीले-हरे शैवाल पनपते हैं। अपने नाम के बावजूद नीले-हरे शैवाल आदिम बैक्टीरिया हैं और असली शैवाल नहीं हैं। आर्कियन युग में, आधुनिक नीले-हरे शैवाल के पूर्वज अन्य बैक्टीरिया के साथ विकसित हुए जो प्रकाश संश्लेषण के लिए इलेक्ट्रॉनों के स्रोत के रूप में पानी के बजाय फेरस आयरन का उपयोग करते हैं। यह महासागर में लौह (आयरन) की उच्च स्तर की उपस्थिति की ओर इशारा करता है। प्रकाश संश्लेषक जीव सूर्य की ऊर्जा का उपयोग करके कार्बन डॉइऑक्साइड को शर्करा में बदलने के लिए अपनी कोशिकाओं में वर्णक (ज्यादातर क्लोरोफिल) का उपयोग करते हैं। क्लोरोफिल पौधों को उनका हरा रंग देता है। नीले-हरे शैवाल इसलिए विचित्र हैं क्योंकि उनमें सामान्य क्लोरोफिल वर्णक तो होता ही है, साथ ही एक दूसरा वर्णक भी होता है जिसे फाइकोएरिथ्रोबिलिन (पीईबी) कहते हैं। अपने शोधपत्र में शोधकर्ताओं ने पाया कि आनुवंशिक रूप से छेड़छाड़ करके तैयार किए गए आधुनिक नीले-हरे शैवाल पीईबी के साथ हरे पानी में बेहतर तरीके से बढ़ते हैं। हालांकि क्लोरोफिल हमें दिखाई देने वाले प्रकाश में प्रकाश संश्लेषण के लिए बहुत अच्छा है, लेकिन पीईबी हरे-प्रकाश की स्थिति में बेहतर दिखता है। आर्कियन युग में प्रकाश संश्लेषण के उदय से जारी होने वाली ऑक्सीजन ने समुद्री जल में ऑक्सीकृत लोहे को जन्म दिया। शोधपत्र के कंप्यूटर सिमुलेशन ने यह भी पाया कि प्रारंभिक प्रकाश संश्लेषण द्वारा मुक्त हुई ऑक्सीजन ने ऑक्सीकृत लोहे के कणों की इतनी उच्च सांद्रता पैदा की कि सतह का पानी हरा हो गया। एक बार महासागरों के पूरे आयरन के ऑक्सीकृत हो जाने के बाद केवल मुक्त ऑक्सीजन (ओ 2) बची। महासागरों की रासायनिक संरचना में यह परिवर्तन धीरे-धीरे हुआ। आर्कियन युग करीब डेढ़ अरब साल का है। हालिया जापानी शोध पत्र के अनुसार, हमारे महासगरों के रंग का संबंध पानी के रसायनशास्त्र और जीवन के प्रभाव से जुड़ा है। हम विज्ञान कथाओं से बहुत ज्यादा जानकारी लिए बिना भी अलग-अलग महासागरों के रंगों की कल्पना कर सकते हैं। अगर सल्फर का स्तर ज्यादा होता तो पृथ्वी पर बैंगनी महासागर संभव होते। इसे तीव्र ज्वालामुखी गतिविधि और वायुमंडल में कम ऑक्सीजन सामग्री से जोड़ा जा सकता था, जिससे बैंगनी सल्फर बैक्टीरिया का प्रभुत्व हो जाता। लाल महासागर सैद्धांतिक रूप से तीव्र उष्णकटिबंधीय जलवायु के तहत भी संभव हैं जब भूमि पर चट्टानों के क्षय से बना लाल रंग का ऑक्सीकृत आयरन नदियों या हवाओं द्वारा महासागरों में ले जाया जाता है। या अगर लाल ज्वार से जुड़े एक प्रकार के शैवाल महासागरों की सतह पर हावी हो जाएं तो भी यह हो सकता है। भूवैज्ञानिक लिहाज से समय के पैमाने पर कुछ भी स्थाई नहीं है और हमारे महासागरों के रंग में परिवर्तन का होना अपरिहार्य है। (भाषा)

## जानकारी

### देशभक्त के प्रति श्रद्धा

एक बार भगत सिंह ने हाजरा रोड मेस में बम बनाना सीखने के लिए रातभर श्रम किया था। भोर में भगत सिंह ने खिड़की से देखा कि सड़क के पार एक आदमी भैंस दुह रहा है। यह देखकर भगत सिंह का मन मचला। उनको दूध पीना पसंद था, खासकर भैंस का दूध, यह गाय के दूध की तुलना में भारी और पौष्टिक होता है और इसमें मलाई की मात्रा खूब होती है। वह अपने बिस्तर से उठे और वहां जाकर उन्होंने दूधवाले से पूरी बाल्टी ले ली और सारा कच्चा दूध पी गए। उसकी कीमत एक रुपये उन्होंने अदा कर दी। दूधवाले को दाम चुका कर भगत सिंह ने सोचा होगा बात खत्म हो गई। मगर दूधवाले के लिए बात खत्म नहीं हुई। लेजिस्लेटिव असेंबली में बम विस्फोट की खबर अगली सुबह अखबारों के जरिए सब ओर फैल गई। खबर पढ़कर उस दूधवाले ने हाजरा रोड मैस में जतिन दास को खोजा और रुपये वापस लेने के लिए उन पर दबाव डाला ताकि वह इसे भगत सिंह को लौटा सकें, क्योंकि वह ऐसे महान देशभक्त के काम आकर खुद को गौरवान्वित और सम्मानित महसूस कर रहा था।

## आज का राशिफल



**मेषः** आज नया रोजगार मिलेगा। अप्रत्याशित लाभ होगा। व्यावसायिक यात्रा सफल रहेगी। जोखिम व जमानत के कार्य टालें। नौकरी करने वालों को ऐच्छिक स्थानांतरण एवं पदोन्नति मिलने की संभावना है। स्वास्थ्य के प्रति लापरवाही न करें।

**वृषभः** फालतू खर्च होगा। कीमती वस्तुएं संभालकर रखें। वाणी पर नियंत्रण रखें। चिंता रहेगी। नवीन मुलाकातों से लाभ होगा। आमदनी बढ़ेगी। रुका धन मिलने से निवेश में वृद्धि होने के योग हैं। उदर संबंधी विकार हो सकते हैं।

**मिथुनः** विवाद से क्लेश होगा। शारीरिक कष्ट संभव है। बकाया वसूली के प्रयास सफल रहेंगे। आपसी मतभेद, मनमुटाव बढ़ेगा। किसी से मदद की उम्मीद नहीं रहेगी। आर्थिक समस्या बनी रहेगी। व्यसनाधीनता से बचें। व्यापार, रोजगार मध्यम रहेगा।

**कर्क** : घर-बाहर तनाव रहेगा। विवाद को बढ़ावा न दें। जल्दबाजी न करें। नई योजना बनेगी। नए अनुबंध होंगे। किसी मामले में कटु अनुभव मिल सकते हैं। सरकारी, कानूनी विवाद सुलझेंगे। जोखिम, लोभ, लालच से बचें। नया काम, व्यवसाय आदि की बात बनेगी।

**सिंहः** धर्म-कर्म में रुचि रहेगी। यात्रा सफल रहेगी। धन प्राप्ति सुगम होगी। कानूनी बाधा दूर होकर लाभ होगा। पूँजी निवेश बढ़ेगा। पहले किए गए कार्यों का लाभदायी फल आज मिल सकेगा। संतान के कामों से खुशी होगी।

**कन्याः** चोट, चोरी व विवाद आदि से हानि संभव है। जोखिम व जमानत के कार्य टालें। परिवार की स्थिति अच्छी रहेगी। रचनात्मक काम करेंगे। कर्मचारियों पर निगाह रखें। परिवार की समस्या का उचित समाधान होगा।

**तुलाः** शारीरिक कष्ट से बाधा संभव है। भागदौड़ रहेगी। घर-परिवार का सहयोग प्राप्त होगा। कार्यकुशलता सहयोग से लाभान्वित होंगे। काम में मन लगेगा। स्वयं का सोच अनुकूल रहेगा। रिश्तेदारों से संबंधों की मर्यादा बनाए रखें।

**वृश्चिक** : चोट व रोग से बाधा संभव है। बेचैनी रहेगी। भूमि व भवन संबंधी बाधा दूर होगी। रोजगार मिलेगा। संतान के स्वास्थ्य में सुधार होगा। सोचे कामों में मनचाही सफलता मिलेगी। व्यापारिक निर्णय समय पर लेना होंगे। पुरानी बीमारी उभर सकती है।

**धनुः** पार्टी व पिकनिक का आनंद मिलेगा। विद्यार्थी वर्ग को सफलता मिलेगी। व्यवसाय ठीक चलेगा। प्रमाद न करें। नए कार्यों, योजनाओं की चर्चा होगी। लाभदायी समाचार आएँगे। समाज में आपके कार्यों की प्रशंसा होगी।

**मकरः** पुराना रोग उभर सकता है। भागदौड़ रहेगी। दुःखद समाचार मिल सकता है। धैर्य रखें। खुद के प्रयत्नों से ही जनप्रियता एवं सम्मान मिलेगा। रोजगार के क्षेत्र में संभावनाएँ बढ़ेंगी। स्थायी संपत्ति संबंधी खटपट हो सकती है।

**कुंभ** : प्रयास सफल रहेंगे। प्रशंसा प्राप्त होगी। धन प्राप्ति सुगम होगी। वाणी पर नियंत्रण रखें। व्यवसाय अच्छा चलेगा। कार्य क्षेत्र में नई योजनाओं से लाभ होगा। लगन, मेहनत का उचित फल मिल सकेगा। क्रोध एवं उत्तेजना पर संयम रखें।

**मीनः** पुराने संगी-साथियों से मुलाकात होगी। शुभ समाचार प्राप्त होंगे। व्यवसाय ठीक चलेगा। लाभ होगा। परिश्रम का पूरा परिणाम मिलेगा। अच्छी व सुखद स्थितियाँ निर्मित होंगी। विरोधी आपकी छवि खराब करने का प्रयास कर सकते हैं। व्यावसायिक सफलता से मनोबल बढ़ेगा।

## आज का पंचांग

12 अप्रैल को चैत्र शुक्ल पक्ष की पूर्णिमा तिथि और शनिवार का दिन है। पूर्णिमा तिथि शनिवार को पूरा दिन, पूरी रात पार कर रविवार सुबह 5 बजकर 52 मिनट तक रहेगी। 12 अप्रैल को चैत्र पूर्णिमा है। शनिवार को श्री हनुमान जन्मोत्सव मनाया जाएगा। 12 अप्रैल को शाम 6 बजकर 8 मिनट तक यायीजयद योग रहेगा। साथ ही शनिवार शाम 6 बजकर 8 मिनट तक हस्त नक्षत्र रहेगा।

12 अप्रैल 2025 का शुभ मुहूर्त

चैत्र शुक्ल पक्ष की पूर्णिमा तिथि- 12 अप्रैल 2025 को पूरा दिन, पूरी रात पार कर रविवार सुबह 5 बजकर 52 मिनट तक

यायीजयद योग- 12 अप्रैल को शाम 6 बजकर 8 मिनट तक

हस्त नक्षत्र- 12 अप्रैल 2025 को शाम 6 बजकर 8 मिनट तक

12 अप्रैल 2025 व्रत-त्यौहार- चैत्र पूर्णिमा, हनुमान जन्मोत्सव

सूर्योदय-सूर्यास्त का समय

सूर्योदय- सुबह 5:58 बजे

सूर्यास्त- शाम 6:44 बजे

# सैमसंग ने भारत में पहली बार ग्लासेस-फ्री 3डी और 4के 240एचजेड ओएलईडी ओडिसी गेमिंग मॉनिटर्स लॉन्च किए

**गुरुग्राम, एजेंसी।** सैमसंग, भारत के सबसे बड़े कंज्यूमर इलेक्ट्रॉनिक्स ब्रांड, ने आज ओडिसी गेमिंग मॉनिटर्स के 2025 लाइन-अप की उपलब्धता की घोषणा की। इसमें क्रांतिकारी ग्लासेस-फ्री ओडिसी 3डी, उद्योग का पहला 4के 240एचजेड ओडिसी ओएलईडी त८8, और बेहद शानदार कर्व्ड ओडिसी जी9 शामिल हैं।

ये मॉनिटर गेमिंग को मजेदार और शानदार बनाने के लिए डिजाइन किए गए हैं, साथ ही ये गेमर्स, कंटेंट क्रिएटर्स और प्रोफेशनल्स की जरूरतों को पूरा करते हैं जो बेहतरीन विजुअल क्वॉलिटी चाहते हैं। नया 27 इंच का ओडिसी 3डी भारतीय बाजार के लिए एक बड़ा बदलाव लाने वाला है, क्योंकि ये बिना चश्मे के 3डी गेमिंग का अनोखा अनुभव देता है।




27 इंच और 32 इंच के आकार में उपलब्ध, ओडिसी ओएलईडी जी8 दुनिया का पहला 4के ओएलईडी मॉनिटर है जिसने 240एच5 रिफ्रेश रेट के साथ उद्योग में एक नया मानक स्थापित किया है। ओडिसी जी9 49 इंच के डुअल क्यूएचडी डिस्प्ले और 1000आर कर्व्ड स्क्रीन के साथ एक बेजोड़ अल्ट्रा-वाइड अनुभव प्रदान करता है। यह 32:9 या 21:9 गेम खेलते समय उच्च-गुणवत्ता के विजुअल्स दिखाता है।

पुनीत सेठी, वाइस प्रेसिडेंट, एंटरप्राइज़ बिजनेस, सैमसंग इंडिया ने कहा, सैमसंग में, हमारा लक्ष्य है कि सबसे आधुनिक डिस्प्ले टेक्नोलॉजी को सभी के लिए आसान बनाया जाए और भारतीय ग्राहकों को दुनिया की बेहतरीन तकनीक दी जाए। ओडिसी 3डी, ओडिसी ओएलईडी जी8 और ओडिसी जी9 मॉनिटर्स की पेशकश के साथ, हम न सिर्फ दुनिया की पहली तकनीक को भारत ला रहे हैं, बल्कि गेमर्स के लिए मजेदार अनुभव, तेज स्पीड और शानदार विजुअल क्वॉलिटी को भी नए स्तर तक पहुंचा रहे हैं।

### ओडिसी 3डी- भारत का पहला ग्लासेस-फ्री 3डी गेमिंग मॉनीटर

एडवांस्ड आई-ट्रैकिंग टेक्नोलॉजी और व्यू मैपिंग एल्गोरिदम की विशेषता के साथ, यह हाई-डेफिनिशन, आकर्षक 3डी विजुअल्स प्रदान करता है जो गेम और वीडियो कंटेंट को अधिक जीवंत बनाते हैं। रियलिटी हब ऐप वीडियो कंटेंट का पता लगाता है और इसे 3डी में चलाने का विकल्प प्रदान करता है।

सैमसंग प्रमुख वैश्विक गेम डेवलपर्स के साथ सक्रियता से सहयोग कर रहा है, जिसमें नेक्सॉन के साथ द फर्स्ट बर्सरकर- खज़ान के लिए इस अगली पीढ़ी की 3डी तकनीक का अधिक से अधिक लाभ उठाने के लिए काम किया जा रहा है। गेमिंग के अलावा, ओडिसी 3डी में एआई-पावर्ड वीडियो कन्वर्जन की सुविधा है, जो स्टैण्डर्ड कंटेंट को 3डी में बदलकर लगभग सभी कंटेंट में नई ऊर्जा भर देता है।

## संक्षिप्त समाचार

### एचईसी इंफ्रा ने हासिल किए 15.68 करोड़ की ईपीसी ऑर्डर

**अहमदाबाद, एजेंसी।** एचईसी इंफ्रा प्रोजेक्ट्स लिमिटेड (एचइसी, द कंपनी), जो कि एक्स्ट्रा हाई वोल्टेज ट्रांसमिशन और डिस्ट्रीब्यूशन प्रोजेक्ट्स में अग्रणी है, को एम/एस ब्रिक्सो इंडस्ट्रीज़ से 15.68 करोड़ का वर्क ऑर्डर प्राप्त हुआ है।इस अनुबंध के तहत एचईसी इंफ्रा प्लांट विद्युतीकरण और 66 केवी लाइन के शिफ्टिंग के लिए डिजाइन, आपूर्ति, स्थापना, परीक्षण और कमीशनिंग जैसी पूरी ईपीसी (इंजीनियरिंग, प्रोक्योरमेंट, कंस्ट्रक्शन) जिम्मेदारियाँ निभाएगी। यह परियोजना 12 महीनों के भीतर पूर्ण की जानी है।यह नया ऑर्डर कंपनी की ऑर्डर बुक को और भी मजबूत करता है और औद्योगिक विद्युतीकरण के क्षेत्र में इसके बढ़ते पोर्टफोलियो में एक और उपलब्धि जोड़ता है।

**तकनीकी उत्कृष्टता-** - एचईसी इंफ्रा उच्च वोल्टेज स्विचगियर, ट्रांसफॉर्मर, केबलिंग और सुरक्षा प्रणालियों में अपनी विशेषज्ञता का उपयोग करेगी ताकि ब्रिक्सो इंडस्ट्रीज़ को विश्वसनीय विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित की जा सके।

**संचालन दक्षता-** टर्नकी ईपीसी दृष्टिकोण डिज़ाइन, खरीद और निर्माण के चरणों में सहज समन्वय की अनुमति देता है, जिससे समय पर डिलीवरी और निरंतर गुणवत्ता सुनिश्चित होती है।

**मजबूत साझेदारी-** इस परियोजना को सफलतापूर्वक पूरा करना औद्योगिक क्षेत्र में जटिल विद्युतीकरण कार्यों के लिए - एचईसी इंफ्रा की एक विश्वसनीय भागीदार के रूप में प्रतिष्ठा को और मजबूत करेगा। यह आदेश हमारे औद्योगिक पोर्टफोलियो को और अधिक मजबूत बनाता है और उच्च गुणवत्ता वाले, एंड-टू-एंड समाधान प्रदान करने के प्रति हमारी अटूट प्रतिबद्धता को दर्शाता है। इस क्षेत्र में भविष्य की महत्वपूर्ण संभावनाओं को देखते हुए, हमें विश्वास है कि यह परियोजना कंपनी को अगले स्तर तक ले जाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी।

### बजाज आलियांज लाइफ इंश्योरेंस ने समग्र सुरक्षा समाधान लॉन्च किया

**पुणे।** भारत की प्रमुख निजी जीवन बीमा कंपनियों में से एक, बजाज आलियांज लाइफ इंश्योरेंस ने बजाज आलियांज लाइफ सुपरवुमन टर्म (एसडब्ल्यूटी) लॉन्च किया है, जो विशेष रूप से महिलाओं के लिए एक समग्र सुरक्षा समाधान है। यह अभिनव समाधान पारंपरिक जीवन बीमा से कहीं आगे जाकर न केवल टर्म इंश्योरेंस लाभ देता है, बल्कि महिलाओं से जुड़ी विशेष बीमारियों के लिए क्रिटिकल इलनेस बेनिफिट्स का कवरेज भी देता है. साथ ही एक वैकल्पिक चाइल्ड केयर लाभ, और स्वास्थ्य प्रबंधन सेवाएं भी प्रदान करता है, जो महिलाओं और उनके परिवारों के लिए समग्र सुरक्षा सुनिश्चित करता है। महिलाएं अपने परिवार की बेहतरीन देखभाल करती आई हैं, ऐसे में उनकी खुद की वित्तीय सुरक्षा भी उतनी ही मजबूत होनी चाहिए। बजाज आलियांज लाइफ सुपरवुमन टर्म उन्हें वित्तीय रूप से आत्मनिर्भर बनाए रखने में मदद करता है और उनके जीवन लक्ष्यों को सुरक्षित करने में सहायक है, जो उनके भावी जीवन के हर एक चरण में उन्हें आत्मविश्वास और स्थिरता प्रदान करता है।

**टर्म इंश्योरेंस के माध्यम से व्यापक वित्तीय सुरक्षा**-महिलाओं की बदलती भूमिकाओं और उनकी विशेष वित्तीय आवश्यकताओं को ध्यान में रखते हुए, यह योजना बीमा धारक की मृत्यु पर नामांकित व्यक्ति को एकमुश्त राशि प्रदान करती है ताकि आश्रितों का भविष्य सुरक्षित रह सके।

**गंभीर बीमारी सुरक्षा**-एसडब्ल्यूटी के साथ मिलने वाले गंभीर बीमारी यानी सीआई राइडर के अंतर्गत 60 प्रमुख गंभीर बीमारियों का कवरेज शामिल है, जिसमें महिलाओं से संबंधित बीमारियां जैसे ब्रेस्ट कैंसर, सर्विक्स कैंसर, और ओवरी कैंसर शामिल हैं। यह बीमा प्लान उन्हें जरूरत पड़ने पर इलाज के दौरान वित्तीय तनाव से मुक्त रखता है।

**चाइल्ड केयर बेनिफिट**-बच्चे के भविष्य को सुरक्षित करने की आवश्यकता को ध्यान में रखते हुए, यह योजना एक वैकल्पिक चाइल्ड केयर लाभ भी देती है, जो एसडब्ल्यूटी के साथ पहली बार पेश किया गया है। इसके अंतर्गत दुर्भाग्यपूर्ण परिस्थिति में बच्चे की पढ़ाई के लिए मासिक आय सुनिश्चित की जाती है।

# जोमैटो ने इस देश के कारोबार को किया बंद, खबर से रॉकेट की तरह भागा कंपनी शेयर

**नई दिल्ली, एजेंसी।** बाजार की जबरदस्त रिकवरी के बीच सप्ताह के आखिरी कारोबारी दिन यानी शुक्रवार को इटर्नल लिमिटेड (पूर्व में जोमैटो) के शेयर को खरीदने की लूट मच गई। ट्रेडिंग के दौरान इटर्नल लिमिटेड के शेयर 211.50 रुपये की पिछली क्लोजिंग के मुकाबले 3 प्रतिशत उछलकर 218.20 रुपये पर पहुंच गए। जून 2024 में इस शेयर की कीमत 146.85 रुपये पर थी। यह शेयर के 52 हफ्ते का लो है। वहीं, शेयर के 52 हफ्ते का हाई 304.50 रुपये है। शेयर का यह भाव दिसंबर 2024 में था।

इटर्नल लिमिटेड ने स्टॉक एक्सचेंजों को अपनी निष्क्रिय स्टेप-डाउन सहायक कंपनी जोमैटो नीदरलैंड बी.वी. के लिक्विडिटेशन के बारे में सूचित किया। जानकारी के मुताबिक नीदरलैंड स्थित सहायक कंपनी ने 9 अप्रैल, 2025 से परिचालन बंद करने की प्रक्रिया शुरू कर दी है। कंपनी ने स्पष्ट किया कि जोमैटो नीदरलैंड के पास कोई सक्रिय व्यावसायिक संचालन नहीं है। इसके लिक्विडिटेशन से कंपनी के कारोबार या राजस्व पर कोई असर नहीं पड़ेगा। इटर्नल ने यह भी बताया कि जोमैटो नीदरलैंड की निष्क्रिय स्थिति का जिक्र पहले कंपनी के रेड हेरिंग प्रॉस्पेक्टस और 2021 में बाद की सार्वजनिक फाइलिंग में किया गया था।




### कंपनी के नाम में बदलाव

बीते मार्च महीने में जोमैटो के शेयरधारकों ने कंपनी का नाम बदलकर 'इटर्नल' करने के लिए एक विशेष प्रस्ताव को मंजूरी दी थी। कंपनी के मुताबिक खाद्य वितरण कारोबार का ब्रांड नाम और ऐप का नाम 'जोमैटो' ही रहेगा। इटर्नल में फिलहाल चार प्रमुख व्यवसाय - जोमैटो, ब्लिंकिट, डिस्ट्रिक्ट और हाइपरप्योर - शामिल होंगे।

### शेयर का परफॉर्मेंस

पिछले एक साल में इटरनल के शेयरों में 10 प्रतिशत की बढ़ोतरी हुई है। हालांकि, ड्ड्ञ्अष्ठ आधार पर शेयर में 24 प्रतिशत की गिरावट आई है। छह महीने के परफॉर्मेंस की बात करें तो 25 प्रतिशत की गिरावट दिखाई देती है, जबकि तीन महीने की अवधि में 14 प्रतिशत गिरावट आई है। पिछले एक महीने में ही शेयर में 3 प्रतिशत की गिरावट आई है।

### बोनस शेयर बांट चुकी है कंपनी, अब मिला बड़ा ऑर्डर, स्मॉलकैप स्टॉक में तूफानी तेजी

**नईदिल्ली, एजेंसी।** स्काई गोल्ड के शेयर शुक्रवार को बीएसई में 5 पर्सेंट के अपर सर्किट के साथ 320.50 रुपये पर पहुंच गए हैं। कंपनी के शेयरों में यह उछाल एक बड़ा ऑर्डर मिलने की वजह से आया है। स्काई गोल्ड ने घोषणा की है कि उसे हर महीने 200 किलोग्राम के रेकरिंग एक्सपोर्ट का एक बड़ा ऑर्डर मिला है। कंपनी ने बताया है कि उसे यह ऑर्डर ज्वैलरी इंडस्ट्री में सबसे प्रतिष्ठित नामों में से एक से मिला है। स्काई गोल्ड, क्क2क्ज्वैलरी मैन्युफैक्चरिंग सेगमेंट में एक बड़ा नाम है। स्काई गोल्ड ने कुछ महीने पहले ही इनवेस्टर्स को 9 बोनस शेयर दिए हैं। स्काई गोल्ड ने एक्सचेंज फाइलिंग में बताया है कि एग्रीमेंट में अपफ्रंट पेमेंट्स शामिल हैं, जो कि उनके वर्किंग कैपिटल साइकल में सुधार लाएंगे और यह हमारे कस्टमर रिलेशनशिप्स में मजबूती को दर्शाता है। साथ ही, यह हमारी मैन्युफैक्चरिंग क्षमता और सर्विस क्वॉलिटी में भरोसे को भी दिखाता है। कंपनी का कहना है कि यह डिवेलपमेंट हमारे ऑपरेशनल परफॉर्मेंस पर सकारात्मक असर डालेगा और आने वाली तिमाहियों में शेयरहोल्डर वैल्यू में अच्छा योगदान करेगा।

### ज़ेटाई की प्रस्तावित रीस्ट्रक्चरिंग स्कीम पर मतदान के नतीजे

**93.1 प्रतिशत क्रेडिटर्स ने हां में वोट दिया, जो कि कुल मूल्य के 94.6 प्रतिशत हिस्से का प्रतिनिधित्व करते हैं**

**मुंबई, एजेंसी।** ज़ेटाई प्रा. लि. को यह बताते हुए खुशी है कि उसकी प्रस्तावित व्यवस्था की योजना (स्कीम ऑफ अरेंजमेंट) को हाल ही में संपन्न हुए मतदान में क्रेडिटर्स का ज़बरदस्त समर्थन मिला है। वज़ीरएक्स प्लेटफॉर्म पर क्रिप्टो बैलेंस रखने वाले सभी क्रेडिटर्स, सिंगापुर हाई कोर्ट में दायर की गई प्रस्तावित रीस्ट्रक्चरिंग स्कीम पर मतदान करने के लिए पात्र थे। मतदान प्रक्रिया क्रोल इश्युअर सर्विसेज़ प्लेटफॉर्म पर, 19 मार्च से 28 मार्च तक आयोजित की गई थी।

कुल मिलाकर, 1,41,476 स्कीम क्रेडिटर्स ने मतदान में हिस्सा लिया, जो कि स्ष्ठ195,650,529.03 के स्वीकृत दावों की राशि का प्रतिनिधित्व करते हैं। मतदान करने वाले स्कीम क्रेडिटर्स में से 1,31,659 क्रेडिटर्स ने, जो कि स्ष्ठ184,997,156.31 की स्वीकृत दावों की राशि का प्रतिनिधित्व करते हैं, स्कीम के पक्ष में वोट दिया।

## अस्थिर स्थिति में उम्मीद की किरण बनकर उभर रहा है भारत:आशीषकुमार चौहान

**ग्वालियर।** नेशनल स्टॉक एक्सचेंज ऑफ इंडिया (एनएसई) के एमडी और सीईओ श्री आशीष कुमार चौहान ने वैश्विक आर्थिक चुनौतियों, निवेशकों की सोच और भविष्य की संभावनाओं के बीच भारतीय बाजार के प्रदर्शन पर इंडिया ग्लोबल फोरम, मुंबई एनएक्सटी25 में अपने विचार साझा किए। अपने उच्चतम स्तर से 1.5 ट्रिलियन डॉलर नीचे आने के बावजूद भारतीय कैपिटल मार्केट में लॉन्ग-टर्म ग्रोथ ट्रेजेक्टरी पर जोर देते हुए श्री चौहान ने कहा, 2014 में भारत का मार्केट कैप 1 ट्रिलियन डॉलर से कम था, और आज यह लगभग 5 ट्रिलियन डॉलर तक पहुंच गया है। यह बताता है कि देश में बड़ी मात्रा में संपत्ति का निर्माण हुआ है। विदेशी निवेशकों के बाहर निकलने को लेकर उन्होंने कहा कि ये ट्रेंड वैश्विक ब्याज दरों में बदलाव और उभरते बाजार में जोखिम से बचने की भावना की वजह से देखा जा रहा है। लेकिन भारत की निर्यात संरचना कुछ ऐसी है, जिसकी वजह से यह ग्लोबल टैरिफ तनावों से काफी हद तक सुरक्षित है।

उन्होंने बताया कि भारतीय बाजार की मजबूती का एक बड़ा कारण घरेलू रिटेल निवेशक हैं। 6 करोड़ से ज्यादा भारतीय हर महीने सिर्फ 250 रुपए जैसी छोटी राशि से सिस्टेमेटिक इन्वेस्टमेंट प्लान (एसआईपी) करते हैं। इससे हर महीने बाजार में करीब 2.5-3 बिलियन अमेरिकी डॉलर की स्थायी



आमदनी होती है। यह दिखाता है कि भारतीय अब देश के बिज़नेस और एंटरप्रेन्योरशिप पर भरोसा करने लगे हैं। फाइनेंशियल इनक्लूजन (वित्तीय समावेशन) पर बात करते हुए उन्होंने कहा कि छोटे निवेशों से भी मार्केट का आकर बढ़ रहा है। बाजार में उतार-चढ़ाव के समय भी हो रहे, ये डायरेक्ट इंवेस्टमेंट्स इन्वेस्टर की मैच्योर सोच के बारे में बताते हैं। आईपीओ को लेकर उन्होंने बताया कि आईपीओ में स्थिति मजबूत बनी हुई है, केवल मार्च के अंत तक 50 से ज्यादा कंपनियों ने आईपीओ फाइल किये, और 2024 में एनएसई ने कुल 268 आईपीओ की मेजबानी की, जिनसे 19.6 बिलियन डॉलर जुटाए गए, जो दुनिया में अब तक का सबसे अधिक आईपीओ फंड रहा।

# भोपाल में सिनेपॉलिस का नया 5-स्क्रीन मल्टीप्लेक्स लॉन्च

### अब शहर में मनोरंजन का मज़ा होगा दोगुना

**भोपाल-** भारत में कदम रखने वाली पहली इंटरनेशनल सिनेमा कंपनी और प्रीमियम मूवी देखने के अनुभव के लिए दुनिया भर में मशहूर, सिनेपॉलिस इंडिया ने अब भोपाल में अपने नए 5-स्क्रीन मल्टीप्लेक्स का शुभारंभ किया है। यह नया मल्टीप्लेक्स बंसल प्लाज़ा मॉल में स्थित है। यह प्रोजेक्ट बंसल ग्रुप के साथ साझेदारी में शुरू किया गया है, जो कि भोपाल के सबसे नामी मॉल डेवलपर्स में से एक है। इससे न सिर्फ भारत में सिनेपॉलिस की उपस्थिति को मजबूती मिलेगी, बल्कि भोपाल के दर्शकों को वर्ल्ड-क्लास सिनेमा का शानदार अनुभव भी मिलेगा। बंसल प्लाज़ा मॉल शहर का एक बड़ा और अहम् शॉपिंग डेस्टिनेशन है, जो करीब 2.5 लाख वर्ग फीट में फैला है और इसमें कुल 3.4 लाख वर्ग फीट का रिटेल स्पेस मौजूद है। इस मॉल में एक से बढ़कर एक सुविधाएँ हैं, जिसमें हाइपरमार्केट, डिपार्टमेंटल स्टोर्स, ब्रांडेड रिटेल आउटलेट्स, शानदार फूड कोर्ट और विज़िटर्स के लिए भरपूर पार्किंग स्पेस शामिल है। ऐसे में, सिनेपॉलिस का नया मल्टीप्लेक्स यहाँ की मनोरंजन की दुनिया को एक नया आयाम प्रदान करेगा, जहाँ फिल्में सिर्फ देखी नहीं, बल्कि महसूस भी की जाएँगी। करीब 3,436




वर्ग मीटर में फैले इस 5-स्क्रीन मल्टीप्लेक्स में कुल 804 सीटों की व्यवस्था की गई है, जिसमें 751 रेगुलर सीटें और 53 शानदार वीआईपी रिक्लाइनर शामिल हैं। यहाँ आने वाले दर्शक न सिर्फ फिल्मों का बेहतरीन अनुभव कर सकते हैं, बल्कि मल्टीप्लेक्स के सर्विस्ड किचन और कंसेशन स्टॉल से स्वादिष्ट खाने-पीने का लुफ्त भी उठा सकते हैं। टेक्नोलॉजी के मामले में सिनेपॉलिस हमेशा ही सबसे आगे रहा है और यही बात इसे खास बनाती है। यहाँ डॉल्बी एटमॉस साउंड जैसी एडवांस ऑडियो टेक्नोलॉजी, लेज़र प्रोजेक्टर से क्रिस्टल क्लियर पिक्चर और स्क्रीन 1 और 3 में रियलडी 3डी जैसे फीचर्स मौजूद हैं, जो फिल्म देखने के अनुभव को एक अलग ही स्तर पर ले जाते हैं। इस अवसर पर सिनेपॉलिस इंडिया के मैनेजिंग डायरेक्टर देवांग संपत ने कहा, बंसल प्लाज़ा में इस नए मल्टीप्लेक्स के साथ भोपाल में अपनी उपस्थिति का विस्तार करते हुए हमें बेहद खुशी हो रही है। भारत में पहली इंटरनेशनल सिनेमा कंपनी के तौर पर हमारा उद्देश्य हमेशा से यही रहा है कि दर्शकों को भविष्य के अनुरूप सिनेमा का अनुभव दिया जाए, वह भी लेटेस्ट टेक्नोलॉजी, प्रीमियम कम्फर्ट और बेहतरीन सर्विस के साथ। बंसल सिटी सेंटर के सीईओ- कमर्शियल डेवलपमेंट, श्री अवनीश हसीजा ने कहा, बंसल प्लाज़ा को हमने भोपाल का प्रमुख लाइफस्टाइल और रिटेल डेस्टिनेशन बनाने की सोच के साथ तैयार किया है।

# पॉलीकैब इंडिया ने फैन कैटेगरी में अपनी पकड़ मजबूत की

### सुपर आरओआई फैंस लॉन्च किए - बेहतरीन एयर डिलीवरी, शानदार बचत

**मुंबई, एजेंसी।** इलेक्ट्रिकल सॉल्यूशंस में अग्रणी कंपनी पॉलीकैब इंडिया फैन कैटेगरी में अपनी उपस्थिति को और मजबूत कर रही है। कंपनी ने सुपर आरओआई फैंस की नई रेंज लॉन्च की है, जो इस श्रेणी में रिटर्न ऑन इन्वेस्टमेंट के नए स्टैंडर्ड कायम करेगी। यह रेंज शानदार प्रदर्शन, ऊर्जा दक्षता और आधुनिक डिज़ाइन का बेहतरीन तालमेल प्रस्तुत करती है। बढ़ती ऊर्जा लागत और विकसित हो रही उपभोक्ता प्राथमिकताओं के साथ, पॉलीकैब नए और आधुनिक ऐसे समाधान देने के लिए समर्पित है जो ग्राहकों के लिए उनके पैसों का बेहतर मूल्य सुनिश्चित करते हैं।



पॉलीकैब के सुपर आरओआई फेन बीएलडीसी तकनीक से लैस हैं, जो 50त्न तक बिजली की बचत करने में सक्षम हैं। इसके कुछ विशेष बीएलडीसी मॉडल 25त्न अधिक एयर डिलीवरी प्रदान करते हैं। रिवर्स रोटेशन की सुविधा सर्दियों में भी आरामदायक माहौल बनाए रखने में मदद करती है। 100त्न कॉपर वाइंडिंग मोटर से निर्मित ये पंखे लंबे समय तक साथ निभाते हैं। ये पंखे 4 साल की वारंटी के साथ आते हैं। ये आधुनिक डिज़ाइन में 30 से अधिक रंगों में उपलब्ध हैं, जो आपके होम डेकोर को और सुंदर बनाते हैं। सुपर आरओआई पंखे अपने ग्राहकों को रिटर्न ऑन परफॉर्मेंस, रिटर्न ऑन टेक्नोलॉजी और रिटर्न ऑन प्रोडक्ट का वादा करते हैं, जिससे यह एक स्मार्ट और लाभदायक निवेश बन जाता है।

बढ़ती मांग को पूरा करने के लिए, पॉलीकैब ने फैन कैटेगरी में बड़े पैमाने पर निवेश किया है। कंपनी ने 9 मिलियन से अधिक फैंस के उत्पादन की क्षमता वाला एक अत्याधुनिक मैन्युफैक्चरिंग प्लांट स्थापित किया है। इस मैन्युफैक्चरिंग प्लांट को एक एडवांस्ड रिसर्च एंड डेवलपमेंट सेंटर की ओर से सपोर्ट प्रदान किया जाता है। इस तरह मैन्युफैक्चरिंग प्लांट में गहन उपभोक्ता शोध के आधार पर निरंतर नए प्रयोग किए जाते हैं और बेहतरीन प्रोडक्टस उपलब्ध कराये जाते हैं।

लॉन्च के अवसर पर, पॉलीकैब इंडिया के एक्जीक्यूटिव प्रेसिडेंट और चीफ बिजनेस ऑफिसर , श्री ईशविंदर खुराना ने कहा, आज के उपभोक्ता अपने होम अप्लायंसेस से अधिक उम्मीद रखते हैं। बदलती ज़रूरतों और बढ़ती ऊर्जा लागत के कारण, 61त्न उपभोक्ता ऊर्जा दक्षता को प्राथमिकता देते हैं, बिना प्रदर्शन या डिज़ाइन के साथ समझौता किए। इसी मांग को पहचानते हुए, फैंस पॉलीकैब इंडिया के लिए एक महत्वपूर्ण विकास क्षेत्र बन गए हैं। हमारे रुड़की प्लांट की सफलता के बाद, हमने हलोल में एक अत्याधुनिक उत्पादन सुविधा स्थापित की है, जिससे हमारे विस्तार को और गति मिलेगी। सुपर आरओआई पंखे पारंपरिक अपेक्षाओं से भी बहुत आगे हैं और पॉलीकैब इंडिया के नवाचार और दीर्घकालिक लाभ देने की प्रतिबद्धता को दर्शाते हैं और ऐसे समाधान पेश करते हैं जो वास्तव में समय के साथ आपके पैसों का पूरा मूल्य चुकाते हैं।

### एनआईआईटी यूनिवर्सिटी ने भोपाल में 12वीं कक्षा के विद्यार्थियों को न्यौता दिया

**भोपाल।** भविष्य की यूनिवर्सिटी के रूप में स्थापित एनआईआईटी यूनिवर्सिटी ने उच्चे शिक्षा और ज्ञान-आधारित समाज के उभरते क्षेत्रों में नवाचार को बढ़ावा देने के उद्देश्य से अपनी खास पहचान बनाई है। अब यह यूनिवर्सिटी अपने आगामीएडमिशन ओपन हाउसकी घोषणा करते हुए उत्सापहित है, जोरविवार, 13 अप्रैल को सुबह 9:30 से दोपहर 12:30 बजे तकभोपाल स्थितहोटल श्री वाटिका, आर-51, चेतक ब्रिज, ज़ोन-1, एमपी नगरमें आयोजित होगा।यह ओपन हाउस खासतौर पर उन छात्रों और उनके अभिभावकों के लिए है।

आईपीएल 2025

# एकमात्र कप्तान जिसने 200 के स्ट्राइक रेट से की है अब तक बल्लेबाजी, औसत 80 से भी ऊपर

**नई दिल्ली, एजेंसी।** इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) 2025 में पंजाब किंग्स के कप्तान और विस्फोटक बल्लेबाज श्रेयस अय्यर इस सीजन में अब तक एकमात्र ऐसे कप्तान हैं जिन्होंने अभी तक 200 की स्ट्राइक रेट से रन बनाए हैं और उनका औसत भी 80 से ऊपर है। श्रेयस अय्यर ने चार मैच खेले हैं और 168 रन बनाए हैं। 97 रन उनका सर्वाधिक स्कोर रहा है। अब तक अय्यर के बल्ले से 10 चौके 14 छक्के निकले हैं। पंजाब किंग्स के लिए अय्यर ने दो पारियों में दो हाफ सेंचुरी भी लगाई है। हालांकि, बीते दो मैच में उनका बल्ला नहीं चला है, बावजूद उनकी स्ट्राइक रेट अन्य कप्तानों की तुलना में सबसे ज्यादा है।

वहीं, मुंबई इंडियंस के कप्तान हार्दिक पांड्या ने 168.75 की स्ट्राइक रेट से बल्लेबाजी की है। पांड्या ने चार मैच की तीन पारियों में 81 रन बनाए। पांड्या के बल्ले से 6 चौके और 5 छक्के निकले हैं। रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) के कप्तान रजत पाटीदार ने इस सीजन में अब तक 161.74 की स्ट्राइक रेट के साथ रन बनाए हैं।



पाटीदार ने 5 मैच की 5 पारियों में 186 रन बनाए। 17 चौके और 9 छक्के जड़ चुके हैं। रजत के बल्ले से दो हाफ सेंचुरी भी आई है और उन्हें दो बार प्लेयर ऑफ द मैच अवार्ड भी दिया गया है। कोलकाता नाइट राइडर्स के कप्तान अजिंक्य रहाणे भी शामिल हैं। उन्होंने 160.00 की स्ट्राइक रेट से पांच मैच की पांच पारियों में 184 रन बनाए हैं। रहाणे के बल्ले से 17 चौके और 12 छक्के निकले हैं। राजस्थान रॉयल्स के कप्तान संजू सैमसन ने 150.85 की स्ट्राइक रेट के साथ 5 मैच की 5 पारियों में 178 रन बनाए हैं। सैमसन के बल्ले से 20 चौके और 7 छक्के निकले। हालांकि, संजू शुरुआती मैचों में कप्तानी के लिए उपलब्ध नहीं थे। उनकी जगह रियान पराग ने कप्तानी की थी। लेकिन, संजू एक बार फिर से टीम की कमान अपने हाथों में ले चुके हैं।

फैंस को उम्मीद है कि आने वाले मैचों में उनकी बल्लेबाजी का दमखम देखने के लिए मिलेगा। चेन्नई सुपर किंग्स के कप्तान रुतुराज गायकवाड़ ने 150.61 की स्ट्राइक रेट से 5 मैच की 5 पारियों में 122 रन बनाए। 14 चौके और 4 छक्के जड़े। गायकवाड़ ने दो पारियों में सीएसके के लिए हाफ सेंचुरी भी लगाई। गुजरात टाइटंस के कप्तान शुभमन गिल ने 146.53 की स्ट्राइक रेट से 5 मैच की पांच पारियों में 148 रन बनाए। गिल के बल्ले से 16 चौके और 5 छक्के निकले। दिल्ली कैपिटल्स के बॉलिंग ऑलराउंडर कप्तान अक्षर पटेल ने 4 मैच की 3 पारियों में 161.11 की स्ट्राइक रेट से बल्लेबाजी की। अक्षर ने 56 रन बनाए हैं। अक्षर के बल्ले से 7 चौके और 2 गगनचुंबी छक्के निकले हैं। ऐसे ही सनराइजर्स हैदराबाद के कप्तान पैट कमिंस भी मुख्य तौर पर गेंदबाजी करते हैं।

बल्लेबाजी में कमिंस ने 155.55 की स्ट्राइक रेट से 5 मैच की 5 पारियों में 56 रन बनाए। उनके बल्ले से 5 चौके और 4 छक्के भी आए। सबसे निचले स्थान पर हैं लखनऊ सुपरजाइंट्स के कप्तान ऋषभ पंत, जिन्होंने सिर्फ 59.37 की स्ट्राइक रेट से बल्लेबाजी की। पंत ने 5 मैच की चार पारियों में महज 19 रन बनाए। पंत के बल्ले से इस सीजन में एकमात्र छक्का ही लगा है।

# चिन्नास्वामी में केएल राहुल ने गाढ़ा बैट

**मारा छाती पर हाथ, 9 साल बाद बनाया यह रिकॉर्ड**

**बेंगलुरू, एजेंसी।** एम चिन्नास्वामी स्टेडियम में केएल राहुल के लिए वीरवार का दिन बेहद शानदार गया। रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के खिलाफ महत्वपूर्ण मुकाबला खेल रही दिल्ली को जीत के लिए 164 रन चाहिए थे लेकिन लक्ष्य का पीछा करते हुए एक समय उनके 30 रन पर तीन विकेट गिर गए थे। ऐसे समय में केएल राहुल ने अपना बल्ला चलाया और 53 गेंदों पर 93 रन बनाकर 18वें ओवर में अपनी टीम को जीत दिला दी। राहुल जीत के बाद इतना खुश थे कि उन्होंने मैदान पहले बल्ला गाढ़ा तो उसके बाद छाती पर हाथ मारकर अपना जोश दिखाया। राहुल ने इस मैदान पर 9 साल बाद फिफ्टी लगाई है। इसका जोश उनके चेहरे पर साफ देखने को मिल रहा था। राहुल ने इसी के साथ आईपीएल में रन चेज का अपना रिकॉर्ड मजबूत कर लिया है। राहुल ने रन चेज में 25 पारियों में 71 की औसत से 1208 रन बनाए हैं। उनकी स्ट्राइक रेट 148 रही है। वह 12 पचासे लगा चुके हैं जबकि उनका सर्वश्रेष्ठ स्कोर 98 नाबाद रहा है। वह उन 56 बल्लेबाजों में से एक है जिन्होंने आईपीएल में सफल रन-चेज में कम से कम 500 रन बनाए हैं। वह डेविड मिलर (103.70) के बाद सबसे बेहतरीन औसत वाले प्लेयर हैं। आरसीबी को उनके घरेलू मैदान पर हराने के बाद राहुल सीधा ही विराट कोहली को टक्कर देते नजर आए।



पांड्या हैं रोल मॉडल

# काशवी ने चमकाया चंडीगढ़ का नाम, भारतीय टीम में मिली जगह

**चंडीगढ़, एजेंसी।** काशवी गौतम ने चंडीगढ़ और यूटीसीए का नाम रोशन किया है। काशवी शहर की पहली महिला क्रिकेटर बनी है जिनका चयन भारतीय महिला टीम में हुआ है। काशवी ऑलराउंडर हैं और वह हार्दिक पांड्या को अपना रोल मॉडल मानती हैं। सिटी ब्यूटीफुल चंडीगढ़ की युवा ऑलराउंडर काशवी गौतम को श्रीलंका में 27 अप्रैल से शुरू होने वाली त्रिकोणीय श्रृंखला के लिए भारतीय महिला क्रिकेट टीम में चुना गया है। यह उपलब्धि हासिल करने वाली काशवी गौतम यूटीसीए (यूटी क्रिकेट एसोसिएशन) की पहली महिला क्रिकेटर बनी हैं।

टीसीए के अध्यक्ष संजय टंडन ने सेक्टर-16 क्रिकेट स्टेडियम में काशवी को सम्मानित किया। संजय टंडन ने कहा कि काशवी भारतीय टीम की जर्सी पहनने वाली यूटीसीए की पहली महिला खिलाड़ी बन गई हैं। यह उपलब्धि न केवल उनके व्यक्तिगत करिअर के लिए बल्कि चंडीगढ़ और यूटीसीए के लिए भी ऐतिहासिक है। इस समारोह में काशवी के माता-पिता सुदेश शर्मा और सीमा शर्मा भी मौजूद रहे।



काशवी

देहरादून में वरिष्ठ महिला बहु-दिवसीय टूर्नामेंट में खेल रहीं काशवी को 2025 महिला प्रीमियर लीग में उनके उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए चुना गया था, जहां उन्होंने गुजरात जायंट्स के लिए खेलते हुए 9 मैचों में 11 विकेट लिए थे। वह टूर्नामेंट में सबसे अधिक विकेट लेने वाली भारतीय गेंदबाज थीं। वर्तमान में, वह देहरादून में वरिष्ठ महिला बहु-दिवसीय टूर्नामेंट में खेल रही हैं, जहां उन्होंने तीन मैचों में 194 रन बनाए हैं, जिसमें एक नाबाद शतक (106 रन) शामिल है।

**पांड्या हैं रोल मॉडल हरमनप्रीत कौर काशवी की आदर्श कप्तान**

काशवी ने बताया कि भारतीय महिला क्रिकेट टीम में हरमनप्रीत कौर उनकी आदर्श कप्तान हैं। वहीं राष्ट्रीय पुरुष टीम में हार्दिक पाड्या उनके रोल मॉडल हैं। काशवी ने कहा कि हरमन की कप्तानी में खेलना मेरे लिए गर्व की बात होगी। काशवी का चयन ऐसे समय में हुआ है, जब भारतीय महिला टीम सितंबर-अक्तूबर 2025 में अपने घर में होने वाले आईसीसी विश्व कप की तैरी कर रही है।

# हरियाणा सरकार ने दिए विकल्प, विनेश फोगट ने 4 करोड़ रुपए का नकद पुरस्कार चुना



**चंडीगढ़ (एजेंसी)।** पहलवान से राजनेता बनी विनेश फोगट ने हरियाणा सरकार द्वारा हाल ही में उन्हें ओलंपिक रजत पदक विजेता के बराबर लाभ की पेशकश करने के बाद नकद पुरस्कार चुना है, जिसमें उन्हें विभिन्न विकल्पों में से चुनने के लिए कहा गया है। 30 वर्षीय फोगट को 50 किलोग्राम वर्ग में स्वर्ण पदक मुकाबले से पहले अधिक वजन होने के कारण 2024 पेरिस ओलंपिक से अयोग्य घोषित कर दिया गया था।

तीन बार की ओलंपियन ने भारतीय कुश्ती महासंघ के पूर्व प्रमुख बृज भूषण सिंह के खिलाफ विरोध प्रदर्शन किया। उन्होंने पिछले साल कांग्रेस के टिकट पर जींद जिले के जुलाना से हरियाणा विधानसभा चुनाव में सफलतापूर्वक चुनाव लड़ा था। हाल ही में हरियाणा सरकार ने अपनी खेल नीति के तहत फोगट को तीन विकल्प दिए। आधिकारिक सूत्रों ने गुरुवार को कहा कि उन्होंने 4 करोड़ रुपए का नकद पुरस्कार चुना।

उन्होंने अपने फैसले की जानकारी देने के लिए मंगलवार को राज्य के खेल विभाग को एक पत्र सौंपा। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने पिछले महीने घोषणा की थी कि हरियाणा मंत्रिमंडल ने राज्य की खेल नीति के तहत फोगट को ओलंपिक रजत पदक विजेता के बराबर लाभ देने का फैसला किया है। राज्य की खेल नीति तीन तरह के लाभ प्रदान करती है जिसमें 4 करोड़ रुपए का नकद पुरस्कार, ग्रुप 'ए' के ??तहत एक उत्कृष्ट खिलाड़ी (ओएसपी) की नौकरी और हरियाणा शहरी विकास प्राधिकरण (एचएसवीपी) का प्लॉट शामिल था। सरकार ने हाल ही में उनसे उस लाभ के बारे में वरीयता मांगी थी जिसका वह लाभ उठाना चाहती थीं।

# आईपीएल के लिए छोड़ा पीएसएल, पाकिस्तान ने दक्षिण अफ्रीकी क्रिकेटर पर लगाया बैन



इस्लामाबाद (एजेंसी)। पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) ने दक्षिण अफ्रीका के कॉर्बिन बॉश पर इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) में खेलने के लिए पाकिस्तान सुपर लीग (पीएसएल) से अनुबंध समाप्त करने के कारण एक साल का प्रतिबंध लगा दिया है।

बॉश को जनवरी के ड्राफ्ट में पाकिस्तान सुपर लीग की फ्रेंचाइजी पेशावर जाल्मी ने अपनी टीम में चुना था। इसके बाद आईपीएल की फ्रेंचाइजी मुंबई इंडियंस ने दक्षिण अफ्रीका के एक अन्य खिलाड़ी लिज़ाद विलियम्स के चोटिल होने के कारण उनकी जगह पर बॉश को अपनी टीम में शामिल कर दिया था। बॉश ने पीएसएल की बजाय आईपीएल में खेलने को प्राथमिकता दी जिसके बाद पीसीबी ने उन पर अनुबंध का उल्लंघन करने का आरोप लगाते हुए उनके खिलाफ कानूनी नोटिस जारी किया था।

इस साल आईपीएल और पीएसएल का आयोजन लगभग एक साथ हो रहा है। पीसीबी में गुरुवार को जारी बयान में कहा, 'इस ऑलराउंडर पर एक साल का प्रतिबंध लगाया गया है और वह अगले साल पाकिस्तान सुपर लीग में खेलने के लिए चयन का पात्र नहीं होगा।

बॉश ने कहा, 'मुझे अपने फैसले पर गहरा अफसोस है और मैं पाकिस्तान के लोगों, पेशावर जाल्मी के प्रशंसकों और क्रिकेट समुदाय से माफी मांगता हूं। मैं आशा करता हूं कि भविष्य में नए समर्पण और प्रशंसकों के विश्वास के साथ पीएसएल में वापसी करूंगा।

# एक क्लिक पर मिलेगी धर्मशाला क्रिकेट स्टेडियम की लोकेशन, लगेंगे क्यूआर कोड



धर्मशाला, एजेंसी। आईपीएल मैचों के दौरान बाहरी राज्य और अन्य जिलों से आने पर क्रिकेट प्रेमियों और पर्यटकों को एक क्लिक पर ही स्टेडियम की लोकेशन मिलेगी। धर्मशाला क्रिकेट स्टेडियम में आगामी माह में प्रस्तावित आईपीएल मैचों के दौरान बाहरी राज्य और अन्य जिलों से आने पर क्रिकेट प्रेमियों और पर्यटकों को एक क्लिक पर ही स्टेडियम की लोकेशन मिलेगी। पर्यटक साइन बोर्ड में लगे क्यूआर कोड को स्कैन कर क्रिकेट स्टेडियम की लोकेशन जान सकेंगे, ताकि मैचों के दौरान धर्मशाला आने वाले क्रिकेट प्रेमियों को किसी प्रकार की कोई असुविधा न हो और वह रास्ता न भटकें। वीरवार को धर्मशाला स्टेडियम में उपायुक्त कांगड़ा हेमराज बैरवा की अध्यक्षता में आईपीएल मैचों की तैयारियों को लेकर जिला प्रशासन और एचपीसीए के बीच बैठक का आयोजन किया गया।

इस दौरान उन्होंने खिलाड़ियों और दर्शकों को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध करवाने के लिए पुख्ता कदम उठाने के निर्देश दिए। उन्होंने आयोजन के संदर्भ में कानून, यातायात एवं पार्किंग व्यवस्था, स्वास्थ्य सेवाएं, विद्युत एवं पेयजल आपूर्ति, सड़कों की मरम्मत, शहर की साफ-सफाई और अग्निशमन सेवाओं इत्यादि सहित अन्य संबंधित तैयारियों का जायजा लिया और इस बारे में आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने संबंधित विभागों को मैच के आयोजन से जुड़ी सभी आवश्यक तैयारियां समय रहते पूरा करने के निर्देश दिए।

उपायुक्त ने कहा कि आयोजन से पहले धर्मशाला और इसके आसपास के क्षेत्रों की सड़कों और लाइटों की व्यवस्था चकाचक होगी। पेयजल, पार्किंग के लिए भी प्लान तैयार किया गया है। वहीं, मैच के दौरान वाहनों की पार्किंग के लिए निर्धारित स्थलों की नंबरिंग करके दिशा सूचक बोर्ड लगाए जाएंगे। उन्होंने लोगों की सुविधा के लिए निकासी गेटों से पार्किंग स्थलों तक दिशा सूचक बोर्ड लगाने के निर्देश दिए। इसके अलावा जिला के मुख्य सड़कों पर क्यूआर कोर्ड वाले साइन बोर्ड लगाए जाएंगे। इसके अलावा नगर निगम धर्मशाला क्षेत्र में लगी एलईडी पर स्टेडियम की लोकेशन को क्यूआर कोर्ड प्रदर्शित किया जाएगा। इसे स्कैन कर पर्यटक सही लोकेशन हासिल कर सकेंगे।

इसके अलावा अग्निशमन विभाग के अधिकारियों को स्टेडियम में अग्नि संबंधी आपातकालीन प्रबंधों का निरीक्षण करने और आवश्यक अग्निशमन सेवाएं सुनिश्चित बनाने के निर्देश दिए। इस अवसर पर एसएसपी शालिनी अग्निहोत्री ने सुरक्षा व्यवस्था, यातायात प्लान, पार्किंग के प्लान को लेकर विस्तार से जानकारी दी गई। बैठक में एचपीसीए के सचिव अवनीश परमार, उपाध्यक्ष अमिताभ शर्मा, कोषाध्यक्ष विक्रम, नगर निगम आयुक्त जफर इकबाल, एडीसी विनय कुमार सिंह व विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

आईपीएल 2025 से बाहर होने पर बोले ऋतुराज गायकवाड़

# कुछ चीजों पर कंट्रोल नहीं होता

**नई दिल्ली, एजेंसी।** पांच बार की चैंपियन चेन्नई सुपर किंग्स ने चोट के कारण इंडियन प्रीमियर लीग 2025 से बाहर होने वाले ऋतुराज गायकवाड़ का बयान सोशल मीडिया पर जारी किया है। गायकवाड़ 30 मार्च को कोहनी में लगी चोट के कारण शेष सीजन से बाहर हो गए। उन्हें 30 मार्च को लगी थी। हालांकि, उन्होंने उस चोट के बावजूद दो मैच खेले, लेकिन अंततः उन्हें टूर्नामेंट से बाहर होना पड़ा। गायकवाड़ की अनुपस्थिति में चेन्नई सुपर किंग्स की कप्तानी एमएस धोनी के हाथों में होगी। गुरुवार देर रात सीएसके ने सोशल मीडिया पर गायकवाड़ का एक वीडियो अपलोड किया। इसमें उन्होंने सीजन से बाहर होने पर अपनी निराशा व्यक्त की। उन्होंने कहा कि उन्हें उम्मीद है कि धोनी की कप्तानी में चीजें बदलेंगी।

**एक युवा विकेटकीपर टीम का नेतृत्व करेगा:** ऋतुराज गायकवाड़ ने वीडियो में कहा, दुर्भाग्यपूर्ण कोहनी की चोट के कारण आईपीएल से बाहर होने से वाकई बहुत दुखी हूं। लेकिन अब तक आपके समर्थन के लिए धन्यवाद। हां, हम कुछ समय से संघर्ष कर रहे हैं। आप जानते हैं कि अब एक युवा विकेटकीपर टीम का नेतृत्व करेगा। उम्मीद है कि चीजें बदलेंगी।



ऋतुराज ने कहा, मैं टीम के साथ रहूंगा। उनका पूरा समर्थन करूंगा। निश्चित रूप से इस टीम को इस स्थिति से बाहर निकालना पसंद करूंगा, लेकिन आप जानते हैं कि कुछ चीजों पर कंट्रोल नहीं होता। जैसा कि मैंने कहा, निश्चित रूप से डगआउट से टीम का समर्थन करने के लिए उत्सुक हूं और उम्मीद है कि हमारा आने वाला सीजन शानदार रहेगा। धन्यवाद।

**चेन्नई सुपर किंग्स का सामना कोलकाता नाइट राइडर्स से**

चेन्नई सुपर किंग्स ने 2025 की शुरुआत मुंबई इंडियंस के खिलाफ जीत से की थी। इसके बाद उसे लगातार 4 मैचों में हार का सामना करना पड़ा। वह अंक तालिका में 9वें नंबर पर है। चेन्नई सुपर किंग्स को छठा मुकाबला शुक्रवार (11 अप्रैल) को कोलकाता नाइट राइडर्स (ज्ञ्ज्ञ्र) से खेलना है। महेंद्र सिंह धोनी की अगुआई में वह जीत की राह पर लौटना चाहेगी। ऋतुराज गायकवाड़ की जगह चेन्नई सपर किंग्स की प्लेइंग 11 में दिल्ली के वंश बेदी को मौका मिल सकता है।

# विराट कोहली के आत्मघाती बनने के 32 सबूत

**नई दिल्ली, एजेंसी।** जिस विराट कोहली ने आरसीबी को आईपीएल के अपने पूरे 18 सीजन दे दिए, वही अब आत्मघाती हो गए हैं. विराट आरसीबी के लिए खतरा बन रहे हैं. आप सोच रहे होंगे कि ऐसा भला हम क्यों कह रहे हैं. तो आईपीएल में इसके एक नहीं 32 सबूत हैं, जिससे उनके खतरा बनने का पता चलता है?

सबसे ताजा-ताजा सबूत तो 10 मार्च को दिल्ली और बेंगलुरु के मैच में ही देखने को मिला. दिल्ली से मैच में जो हुआ वही 32वां सबूत था और उसे देखने के बाद एक बात तो साफ है कि अब कोहली के साथ इस तरह का कदम उठाने से पहले किसी को भी 2 बार सोचना पड़ेगा. अब सवाल है कि वो 32 सबूत हैं क्या?



किस चीज से जुड़े हैं? तो उसके तार आईपीएल इतिहास में हुए रन आउट से संबंधित हैं. आईपीएल के इतिहास में अब तक 32 रन आउट ऐसे रहे हैं, जिसमें विराट कोहली शामिल रहे हैं. उन 32 रन आउट का जब पोस्टमार्टम करेंगे तो जो सच बाहर आता है, वो और भी डरावना है, जिससे ये पता चलता है कि विराट कोहली वाकई कितने खतरनाक साबित हो रहे हैं?

**दिल्ली के खिलाफ फिल सॉल्ट को कराया रन आउट**

फिल सॉल्ट और विराट कोहली आरसीबी के लिए पारी की शुरुआत करने उतरे थे. बतौर ओपनिंग जोड़ी उनके बीच तेज-तर्रार साझेदारी भी बनी. दोनों ने स्कोर बोर्ड पर 61 रन जोड़ दिए. लगा सब ठीक चल रहा है तभी विराट और सॉल्ट के बीच रनिंग बिटविन विकेट के दौरान कन्फ्यूजन क्रिएट हो गई. नतीजा ये हुआ कि सॉल्ट को डगआउट लौटना पड़ा.

**फिल सॉल्ट को रन आउट करा, विराट ने क्या कराया नुकसान?**

रन आउट होने के चलते फिल सॉल्ट की तूफानी पारी पर ब्रेक लग गया. उन्होंने 217 से भी ज्यादा की स्ट्राइक रेट से सिर्फ 17 गेंदों में ही 37 रन जड़े, जिसमें 3 छक्के और 4 चौके शामिल रहे. वहीं विराट भी रन आउट की उस धटना के बाद विकेट पर नहीं टिक सके. 2 ओवर बाद ही वो भी 14 गेंदों में 22 रन बनाकर आउट हो गए.

फिल सॉल्ट के चलते आरसीबी का स्कोर बोर्ड जहां तेजी से बढ़ रहा था. वो उनके रन आउट होने के बाद उसके स्पीड में उतनी ही तेजी से गिरावट आई. नतीजा ये हुआ कि आरसीबी की टीम 20 ओवर में सिर्फ 163 रन ही बना सकी. जवाब में दिल्ली कैपिटल्स ने 164 रन के लक्ष्य को 18वें ओवर में ही हासिल कर लिया.

**8 बार खुद, 24 बार साथी खिलाड़ी को कराया रन आउट**

आईपीएल में हमेशा आरसीबी से खेलने वाले विराट कोहली 32 रन आउट में शामिल रहे. इसमें से वो खुद सिर्फ 8 बार ही आउट हुए हैं. इसका मतलब है कि 24 बार उन्होंने अपने पार्टनर को आउट कराया है. 10 मार्च को दिल्ली कैपिटल्स के खिलाफ मुकाबले में अपने आरसीबी के साथी फिल सॉल्ट को भी उन्होंने ही रन आउट कराया था.

## संक्षिप्त समाचार

### बैंगलुरु में 'पेप्पा पिग' का एक बार फिर होगा आयोजन



**बेंगलुरु, एजेंसी।** बेंगलुरु सहित पांच शहरों में पिछले साल 'पेप्पा पिग्स एडवेंचर' के सफल आयोजन के बाद अब यहां सात और आठ जून को 'प्रेस्टीज सेंटर फॉर परफॉर्मिंग आर्ट्स' में फिर से इसका प्रदर्शन किया जाएगा। 'बुकमायशो' द्वारा निर्मित और प्रचारित इस 'लाइव स्टेज शो' को अमेरिकी खिलौना कंपनी 'हैस्ब्रो इंक' से मान्यता प्राप्त है। 'बुकमायशो' द्वारा जारी एक प्रेस विज्ञप्ति में कहा गया है कि पिछले वर्ष इसे बेंगलुरू, मुंबई, दिल्ली, हैदराबाद, पुणे, चेन्नई और अहमदाबाद में प्रदर्शित किया गया था। विज्ञप्ति में कहा गया है कि इस वर्ष बेंगलुरू के अलावा 'पेप्पा पिग्स एडवेंचर' का मंचन चंडीगढ़, इंदौर, कोलकाता और गोवा में भी किया जाएगा। 'बुकमायशो' पर 17 अप्रैल से इसके टिकट की बुकिंग शुरू होगी।

### गाजियाबाद में आई लव यू मम्मी-पापा लिख फंदे पर लटका इकलौता लड़का,

**गाजियाबाद, एजेंसी।** गाजियाबाद के विजयनगर थानाक्षेत्र में मम्मी-पापा को आई लव यू का मैसेज भेजकर इकलौते बेटे ने फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली। घटना के बाद परिजनों में कोहराम मच गया। परिजनों का कहना है कि बेटे ने कंबाइंड ग्रेजुएट लेवल (सीजीएल) की परीक्षा भी पास कर ली थी। इसके बावजूद उसने आत्महत्या क्यों कर ली, यह समझ में नहीं आ रहा। पुलिस का कहना है कि मौके से कोई सुसाइड नोट नहीं मिला है। विजयनगर क्षेत्र की आंबेडकर नगर कॉलोनी में रहने वाले चंद्रभान सागर नोएडा स्थित एक कंपनी में अकाउंटेंट हैं। चंद्रभान की शादीशुदा बेटी सॉफ्टवेयर इंजीनियर है जो हैदराबाद में रहती है। जबकि बेटे 26 वर्षीय कुलदीप सागर उर्फ सनी ने सीजीएल परीक्षा पास कर ली थी। 16 अप्रैल को उसका मेडिकल टेस्ट होना था। पुलिस का कहना है कि बुधवार को चंद्रभान सागर दफ्तर गए थे और उनकी पत्नी परिवार में शादी होने के चलते खरीदारी के लिए दिल्ली गई थी। इस दौरान सनी घर में अकेला था। पुलिस के मुताबिक दोपहर करीब एक बजे सनी ने मम्मी-पापा के मोबाइल पर सॉरी मम्मी-पापा और आई लव यू मम्मी-पापा के मैसेज भेजे। साथ ही मोहल्ले में रहने वाले दोस्त गौरव को भी मैसेज भेजा। इसमें उसने लिखा कि दोस्त अब मेरे मम्मी-पापा का तुम ही ध्यान रखना। इसके बाद सनी ने फांसी लगा ली। गौरव ने जब सनी का मैसेज देखा तो वह उसके घर की ओर दौड़ा। घर पहुंचने पर गौरव को सनी फांसी के फंदे पर लटका मिला। सूचना पर पहुंचे परिजन उसे फंदे से उतारकर यशोदा अस्पताल लेकर पहुंचे।

# अन्नामलाई के बाद नैनार नागेंद्रन तमिलनाडु में संभाल सकते हैं भाजपा की कमान





**चेन्नई, एजेंसी।**
तमिलनाडु में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के नेतृत्व में बदलाव की चर्चा जोरों पर है। के. अन्नामलाई के प्रदेश अध्यक्ष पद से हटने के बाद अमित शाह पहली बार तमिलनाडु यात्रा पर हैं। इस बात की संभावना जताई जा रही है कि भाजपा और अन्नाद्रमुक के बीच संभावित गठबंधन के कारण अन्नामलाई को इस्तीफा देना पड़ा। उनकी जगह नैनार नागेंद्रन का नाम नए प्रदेश अध्यक्ष के रूप में प्रमुखता से उभरकर सामने आया है।

नैनार नागेंद्रन तमिलनाडु के तिरुनेलवेली क्षेत्र से भाजपा विधायक हैं और राज्य की राजनीति में एक अनुभवी चेहरा माने जाते हैं। वे पहले अन्नाद्रमुक के सदस्य थे और जयललिता सरकार में मंत्री पद भी संभाल चुके हैं। बाद में उन्होंने भाजपा का दामन थामा और पार्टी के भीतर महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

नागेंद्रन का संबंध तमिलनाडु के प्रभावशाली थेवर समुदाय से है। वर्तमान में भाजपा और अन्नाद्रमुक दोनों के प्रमुख नेता के अन्नामलाई और ई पलानीस्वामी गौंडर समुदाय से आते हैं, जो कि पश्चिमी तमिलनाडु में प्रभावशाली है। ऐसे में भाजपा नेतृत्व चाहता है कि पार्टी की कमान किसी अन्य समुदाय के नेता को सौंपी जाए, जिससे जातीय संतुलन बना रहे और गठबंधन की संभावनाएं मजबूत हों।

नैनार नागेंद्रन ने भाजपा में शामिल होने के बाद पार्टी के विस्तार में महत्वपूर्ण योगदान दिया है। वे दक्षिण तमिलनाडु में पार्टी के प्रमुख चेहरों में से एक हैं और संगठनात्मक कार्यों में सक्रिय भूमिका निभाते हैं। उनके नेतृत्व में पार्टी को राज्य के दक्षिणी हिस्सों में मजबूती मिलने की संभावना है। एआईएडीएमके की सरकार में मंत्री रह चुके नागेंद्रन का नाम भाजपा अध्यक्ष के तौर पर इसलिए देखा जा रहा है क्योंकि वह अपनी पुरानी पार्टी के साथ गठबंधन को आसान बना सकते हैं। सूत्रों का मानना है कि भाजपा 2026 के राज्य चुनावों से पहले एआईएडीएमके के साथ संबंधों को फिर से बनाना चाहती है। हालांकि, पार्टी में लोगों का एक वर्ग उनके एआईएडीएमके के साथ पिछले जुड़ाव को देखते हुए उनकी दावेदारी के खिलाफ है। तमिलनाडु भाजपा विधायक दल के नेता नैनार नागेंद्रन को अगला प्रदेश अध्यक्ष नियुक्त किए जाने में रोड़े भी सामने आ सकते हैं। तमिलनाडु भाजपा के द्वारा एक अधिसूचना जारी करने की संभावना है, जिसमें 10 साल की सदस्यता को अनिवार्य बनाया जा सता है। इच्छुक उम्मीदवार को कम से कम 10 वर्षों तक पार्टी का सदस्य होना चाहिए। इसकी वजह नैनार नागेंद्रन और अन्नामलाई दोनों को चुनाव में भाग लेने में मुश्किलें हो सकती हैं।

# सरेंडर करें और बिना शर्त मिलें नक्सली, वर्ना बंदूक का जवाब बंदूक से देंगे: डिप्टी सीएम विजय शर्मा



**रायपुर, एजेंसी।**
छत्तीसगढ़ में नक्सलियों ने दूसरी बार सरकार से बातचीत करने की पेशकश की है। इस पर राज्य के डिप्टी सीएम और गृह मंत्री विजय शर्मा ने कहा कि नक्सली सरेंडर करें और बिना शर्त वार्ता के लिए मिलें। साथ ही उन्होंने कहा कि बंदूक का जवाब बंदूक से ही दिया जाएगा।

छत्तीसगढ़ में नक्सलवाद खत्म करने के गृह मंत्री अमित शाह द्वारा डेडलाइन तय करने से बस्तर में ऑपरेशन तेज हो गए हैं। नक्सलियों ने सप्ताहभर के भीतर दूसरी बार शांतिवार्ता के लिए सरकार के सामने बात रखी है। माओवादियों के पत्र पर छत्तीसगढ़ के डिप्टी सीएम और गृह मंत्री विजय शर्मा ने कहा कि नक्सलियों ने शांति वार्ता की अपील की है, लेकिन वे सामने तो आएं। उन्होंने किसी 'समिति' का जिक्र किया है तो वह समिति कौन-सी है, वह भी स्पष्ट करें। जो बातचीत करना चाहते हैं, वे मुझसे संपर्क करें। मैं उन्हें सुरक्षा देने को तैयार हूं। लेकिन, यह स्पष्ट है कि बंदूक का जवाब बंदूक से ही दिया जाएगा।

विजय शर्मा ने कहा कि हमारी सरकार ने नक्सलियों से शांति वार्ता के लिए किसी प्रकार की कोई समिति गठित नहीं की है। विधानसभा में विपक्ष ने भी यह सवाल उठाया था और सरकार चर्चा के लिए पूरी तरह तैयार है। हम बार-बार नक्सलियों से मुख्यधारा में लौटने की अपील कर रहे हैं। विजय शर्मा ने कहा कि नक्सलियों ने पत्र में उल्लेख किया है कि वे स्कूल और अस्पतालों का विरोध नहीं करते फिर बस्तर के कई गांवों में अभी तक बिजली नहीं पहुंची थी। गांवों में अब तक टीवी क्यों नहीं देखा गया? सड़क सुविधा से कई गांव वंचित हैं।

बातचीत करना चाहते हो तो मुख्यधारा में आओ डिप्टी सीएम विजय शर्मा ने कहा कि मैं सभी नक्सलियों से कहना चाहता हूं कि वे बंदूक छोड़ें। मैं उनसे बात करने के लिए तैयार हूं। बंदूक का जवाब बंदूक से होता है। अगर आप चर्चा चाहते हैं तो मुख्यधारा में आना होगा। आप लोग अवैध गतिविधियों में शामिल हैं और भारत के संविधान को नहीं मान रहे हैं। यह भारत है, यहां लोकतंत्र है...। डिप्टी सीएम विजय शर्मा ने कहा कि देश के गृह मंत्री अमित शाह ने नक्सलियों से मुख्यधारा में लौटने की अपील की है। सरकार की नई पॉलिसी के तहत यदि कोई नक्सली सरेंडर करता है तब भी उस पर कोई कार्रवाई नहीं की जाएगी। यदि कोई व्यक्ति सरेंडर करना चाहता है तो हम तैयार हैं। हम छोटे-बड़े सभी समूहों के साथ चर्चा करने के लिए तैयार हैं। बता दें कि इससे पहले नक्सलियों की सेंट्रल कमेटी ने पर्चा जारी किया था। उन्होंने शांति वार्ता की अपील करते हुए कहा था कि पिछले 15 महीनों में उनके 400 साथी एनकाउंटर मारे गए हैं। अगर नक्सलियों के खिलाफ ऑपरेशन रुकती है, तो हम शांतिवार्ता के लिए तैयार हैं। इस पर गृह मंत्री विजय शर्मा ने कहा था कि वे शांतिवार्ता को तैयार हैं, लेकिन इसके लिए कोई शर्त न हो। सिर्फ सरेंडर करें और बातचीत करें।

# केजरीवाल के बाद अब भगवंत मान की पत्नी भी चुनाव प्रचार में उतरीं



**लुधियाना, एजेंसी।** पंजाब में लुधियाना वेस्ट सीट पर विधानसभा उपचुनाव होने वाले हैं। इस सीट पर आम आदमी पार्टी ने राज्यसभा सांसद संजीव अरोड़ा को मैदान में उतारा है। उनके समर्थन में रैली करने के लिए बुधवार को मुख्यमंत्री भगवंत मान की पत्नी गुरप्रीत कौर मान भी उतरीं। उन्होंने महिलाओं से खास अपील करते हुए वे ज्यादा से ज्यादा वोट डालकर पार्टी के कैंडिडेट को जिताएं। इससे पहले आम आदमी पार्टी के संयोजक और पूर्व मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की पत्नी सुनीता केजरीवाल ने भी लोकसभा और दिल्ली विधानसभा चुनाव के समय अपनी पार्टी के उम्मीदवारों के लिए प्रचार किया था।

गुरप्रीत कौर मान ने सार्वजनिक सभा को संबोधित करते हुए कहा कि आज लुधियाना वेस्ट से पार्टी उम्मीदवार संजीव अरोड़ा जी के समर्थन में चुनाव प्रचार के दौरान मेरी बहनों के साथ एक सार्वजनिक मीटिंग की। बहुत सारी बातें हुईं। बहनों से अपील की कि ज्यादा से ज्यादा वोट डालकर पार्टी उम्मीदवार को जिताएं और लुधियाना की तरक्की और विकास में अपना एक अहम योगदान डालें।

एक अन्य पोस्ट में मान ने लिखा कि अपनी बहनों से अपील करती हूं कि जैसे आप घर के कामों में अपना योगदान देती हैं, वैसे ही चुनाव में भी अपना योगदान दिया करें। अपना नेता खुद चुना करें। बता दें कि इस सीट से जहां आम आदमी पार्टी ने संजीव अरोड़ा को टिकट दिया है तो वहीं, कांग्रेस ने भारत भूषण आशु को मैदान में उतारा है। दो बार के विधायक रह चुके भारत भूषण आशु कैप्टन अमरिंदर सिंह की सरकार में मंत्री भी थे। वहीं, बीजेपी ने अपने उम्मीदवार के नाम का ऐलान नहीं किया है। यह सीट आम आदमी पार्टी के विधायक गुरप्रीत बस्सी गोगी के निधन के बाद खाली हो गई थी। जल्द ही इस सीट पर उपचुनाव के तारीख का ऐलान हो सकता है।

## नोएडा के होटल में मिली इंजीनियर की लाश

**नोएडा एजेंसी।** गौतमबुद्ध नगर में नोएडा के एक होटल में रुके इंजीनियर ने पंखे से बंधे फंदे से लटककर कथित तौर पर आत्महत्या कर ली। यह घटना थाना सेक्टर 20 के सेक्टर 27 में स्थित एक होटल में घटी। मौके पर पहुंची पुलिस मामले की जांच कर रही है।

पुलिस अधिकारियों के अनुसार इंजीनियर होटल में अपनी उस प्रेमिका के साथ ठहरा था जिसके साथ वह दो साल से लीव इन में रह रहा था। पुलिस ने मृतक के परिजनों को घटना की सूचना दे दी है। पुलिस ने बताया कि मृतक जनपद हाथरस का रहने वाला था। थाना सेक्टर 20 के प्रभारी निरीक्षक डीपी शुक्ल ने बताया कि जान गंवाने वाले उमेश पुत्र पंकज की उम्र करीब 38 वर्ष थी और वह आईटी इंजीनियर था।

उन्होंने बताया कि वह एक नामी कंपनी में काम करता था। पुलिस ने बताया कि उमेश बृहस्पतिवार की रात को अपनी महिला मित्र के साथ सेक्टर 27 स्थित वेमसन होटल में ठहरा था जहां दोनों ने खाना खाया।

# बिहार चुनाव के दौरान तहव्वुर राणा को फांसी पर लटकाएगी सरकार : संजय राउत



**मुंबई, एजेंसी।**
शिवसेना (यूबीटी) के प्रवक्ता और सांसद संजय राउत ने 26/11 मुंबई आतंकवादी हमले के मुख्य आरोपी तहव्वुर हुसैन राणा को लेकर गुरुवार को बड़ा दावा किया। उन्होंने कहा कि सरकार राणा को आगामी बिहार विधानसभा चुनाव के दौरान फांसी पर लटका देगी। संजय राउत ने कहा कि राणा को तुरंत फांसी दी जानी चाहिए, लेकिन सरकार उसे बिहार चुनाव के दौरान फांसी पर लटकाएगी।

उन्होंने कहा, राणा को भारत लाने के लिए 16 साल लंबी लड़ाई चली और यह कांग्रेस के शासन के दौरान शुरू हुई। इसलिए राणा को वापस लाने का श्रेय किसी को नहीं लेना चाहिए। उन्होंने कहा कि राणा भारत प्रत्यर्पित होने वाला पहला आरोपी नहीं है। अतीत में 1993 के सीरियल ब्लास्ट के आरोपी अबू सलेम को भी भारत प्रत्यर्पित किया गया था।

राउत ने यह प्रतिक्रिया पाकिस्तानी मूल के 64 वर्षीय कनाडाई नागरिक और 2008 के मुंबई आतंकवादी हमलों के मुख्य आरोपियों में से एक राणा को दिल्ली लाए जाने के बाद दी। राणा को भारतीय खुफिया और जांच अधिकारियों की संयुक्त टीम की निगरानी में एक विशेष विमान से लाया गया। राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) ने एक बयान में कहा कि 2008 की तबाही के पीछे कथित मुख्य साजिशकर्ता को न्याय के कठघरे में लाने के लिए वर्षों तक लगातार और ठोस प्रयासों के बाद प्रत्यर्पण हुआ।

बयान में कहा गया, यूएसडीओजे, यूएस स्काई मार्शल की सक्रिय सहायता से, एनआईए ने पूरी प्रत्यर्पण प्रक्रिया के दौरान अन्य भारतीय खुफिया एजेंसियों, एनएसजी के साथ मिलकर काम किया, जिसमें भारत के विदेश मंत्रालय और गृह मंत्रालय ने मामले को सफलतापूर्वक अंजाम तक पहुंचाने के लिए अमेरिका में अन्य संबंधित अधिकारियों के साथ समन्वय किया। राउत ने यह भी मांग की कि कुलभूषण जाधव को वापस लाया जाना चाहिए, जिन्हें 2016 में पकड़ा गया था और कथित जासूसी के लिए पाकिस्तानी सैन्य अदालत ने मौत की सजा सुनाई थी। भारत ने पाकिस्तान के आरोपों को मनगढ़ंत बताते हुए खारिज कर दिया है।

# मणिपुर के इंफाल पूर्वी जिले में तीन उग्रवादी गिरफ्तार



**इंफाल, एजेंसी।** मणिपुर के इंफाल पूर्वी जिले में विभिन्न प्रतिबंधित संगठनों के तीन उग्रवादियों को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। ये गिरफ्तारियां बृहस्पतिवार को जिले के विभिन्न थाना क्षेत्रों में की गईं। कांगलेई यावोल कन्ना लुप (एसओआरईपीए) के एक उग्रवादी की पहचान ओइनम रबीचंद्र सिंह (33) के रूप में हुई है और वह सॉवोमबुंग इलाके में पकड़ा गया। पुलिस के एक अधिकारी ने बताया कि पीपुल्स लिबरेशन आर्मी (पीएलए) के एक उग्रवादी को एंड्रो थाना क्षेत्र के नगारियान याइरीपोक रोड से गिरफ्तार किया गया।

पुलिस ने बताया कि वह कथित तौर पर जबरन वसूली करने और हथियार, गोला-बारूद के परिवहन में शामिल था। इसके अलावा, कंगलीपाक कम्युनिस्ट पार्टी (पीडब्लूजी) के एक उग्रवादी मोहम्मद इसराक खान को कैरांग गांव से गिरफ्तार किया गया।

इंफाल पूर्व और चुराचांदपुर जिलों में तलाशी अभियान के दौरान हथियार और गोला-बारूद भी जब्त किया गया। अधिकारी ने बताया कि बृहस्पतिवार को इंफाल पूर्वी जिले के पुखाओ अहाल्लूप क्षेत्र में तीन मैगजीन के साथ एक 9 एमएम एसएमजी, एक डबल बैरल बंदूक, मैगजीन में तीन कारतूसों से भरी एक .32 पिस्तौल, चार हथगोले, 10 डेटोनेटर, दो एमके12टी विस्फोटक, एक रेडियो सेट और एक माइक्रोफोन जब्त किया गया। चुराचांदपुर जिले के सिडेन बॉवेल इलाके से बृहस्पतिवार को एक .22 राइफल, एक खाली मैगजीन, एक सिंगल बैरल बंदूक और दो देशी मोर्टार (पोम्पी) जब्त किए गए। सुरक्षा बलों ने बुधवार को थौबल जिले में चंद्रखोंग की तलहटी के पास दो बंकरों को भी ध्वस्त कर दिया।

# हिमाचल में बाबा बालक नाथ की मूर्ति पर फेंका विदेशी मुद्रा, भड़क उठे लोग; एसडीएम करेंगे जांच



**हमीरपुर, एजेंसी।**
हिमाचल प्रदेश के दियोटसिद्ध में बाबा बालक नाथ की मूर्ति पर एक आदमी द्वारा विदेशी मुद्रा फेंकने से लोग भड़क उठे। बुधवार को हुई इस घटना का एक कथित वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। बड़सर के एसडीएम को घटना की जांच करने का आदेश दिया गया है।

हमीरपुर जिले के दियोटसिद्ध कस्बे में एक मंदिर में एक श्रद्धालु द्वारा कथित तौर पर देवता बाबा बालक नाथ की मूर्ति के सामने विदेशी मुद्रा फेंकने के बाद जांच के आदेश जारी किए गए हैं। बुधवार को बाबा बालक नाथ मंदिर में हुई इस घटना का एक कथित वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। हमीरपुर के डिप्टी कमिश्नर अमरजीत सिंह ने गुरुवार को बड़सर के सब-डिविजनल मजिस्ट्रेट को घटना की जांच करने का आदेश दिया है।

आम तौर पर, नकदी या तो गुफा के सामने रखे पेटी में डाल दी जाती है या ड्यूटी पर मौजूद पुजारियों को दे दी जाती है। कथित तौर पर दूसरे राज्य के इस भक्त ने ऐसा नहीं कर मूर्ति के सामने विदेशी मुद्रा फेंक दिया, जिससे आसपास के लोगों का गुस्सा भड़क गया। लोग उस व्यक्ति के खिलाफ दंडात्मक कार्रवाई की मांग कर रहे हैं। बाबा बालक नाथ को भगवान शिव के पुत्र भगवान कार्तिकेय का अवतार माना जाता है। कथित तौर पर हर साल मंदिर में लगभग 75-80 लाख तीर्थयात्री आते हैं।

मंदिर सूत्रों ने बताया कि एक नोट जलते हुए दीपक पर भी गिरा, जिससे आग लगने जैसी स्थिति पैदा हो गई, लेकिन सतर्क पुजारी ने तुरंत नोट हटा दिया। एक प्रत्यक्षदर्शी ने बताया कि इस घटना ने मंदिर परिसर में धार्मिक आचरण और मर्यादा के उल्लंघन का गंभीर मुद्दा उठाया है, जिससे श्रद्धालु नाराज हैं। मंदिर ट्रस्ट के अध्यक्ष एवं हमीरपुर के डीसी अमरजीत सिंह ने कहा कि यह दुखद है कि ऐसी घटना घटी।

# राज ठाकरे का बैंकों को अल्टीमेटम, बोले- मराठी भाषा अपना लो, नहीं तो आंदोलन और तेज होगा



**मुंबई, एजेंसी।**
महाराष्ट्र नवनिर्माण सेना (मनसे) के प्रमुख राज ठाकरे ने बैंकों को मराठी भाषा को अपनाने के लिए कड़ा अल्टीमेटम जारी किया है। उन्होंने भारतीय बैंक संघ को चेतावनी दी है कि यदि बैंकों ने तत्काल प्रभाव से मराठी भाषा को अपनी सेवाओं में शामिल नहीं किया, तो मनसे अपने आंदोलन को और तेज कर देगी। ठाकरे ने कहा कि इस मामले में किसी भी तरह की ढिलाई बर्दाश्त नहीं की जाएगी और गैर-अनुपालन की स्थिति में बैंकों को कानून-व्यवस्था की स्थिति बिगड़ने की जिम्मेदारी लेनी होगी।

**तीन भाषा फॉर्मूले पर जोर:** राज ठाकरे ने अपने बयान में रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया (आरबीआई) के उस निर्देश का हवाला दिया, जिसमें तीन भाषा फॉर्मूले- अंग्रेजी, हिंदी और क्षेत्रीय भाषा (महाराष्ट्र में मराठी)–को लागू करने की बात कही गई है। मनसे नेताओं द्वारा बुधवार को भारतीय बैंक संघ (आईबीए) को सौंपे गए पत्र में ठाकरे ने यह भी कहा कि यदि बैंक अपनी सेवाओं में तीन भाषा फार्मूले का पालन नहीं करते हैं तो कानून- व्यवस्था खराब होने के लिए बैंक स्वयं जिम्मेदार होंगे। राज ठाकरे ने कहा, महाराष्ट्र में मराठी भाषा का सम्मान होना चाहिए। यदि बैंक मराठी में अपनी सेवाएं प्रदान नहीं करते, तो मनसे को मजबूरन अपने आंदोलन को और सख्त करना पड़ेगा। ठाकरे ने यह भी स्पष्ट किया कि उनकी पार्टी का उद्देश्य केवल मराठी भाषा का उपयोग सुनिश्चित करना है, न कि किसी अन्य भाषा का विरोध करना।

पत्र में कहा गया है कि भारतीय रिजर्व बैंक ने सार्वजनिक क्षेत्र और निजी बैंकों में क्षेत्रीय भाषाओं के उपयोग के बारे में एक परिपत्र जारी किया है, लिहाजा बैंकों में बोर्ड तीन भाषाओं में होने चाहिए। पत्र में कहा गया है कि यहां तक कि सेवाएं भी तीन भाषाओं में होनी चाहिए। इससे पहले, ठाकरे ने शनिवार को मनसे कार्यकर्ताओं से बैंकों और अन्य प्रतिष्ठानों में मराठी के उपयोग को लागू करने के लिए आंदोलन को फिलहाल रोकने के लिए कहा था। ठाकरे ने कहा था, हमने इस मुद्दे पर पर्याप्त जागरूकता पैदा कर दी है।

**पहले भी उठ चुका है आंदोलन का मुद्दा:** इससे पहले, 30 मार्च को गुड़ी पड़वा रैली में राज ठाकरे ने मराठी भाषा को आधिकारिक उपयोग में अनिवार्य करने की मांग को जोर-शोर से उठाया था। इसके बाद मनसे कार्यकर्ताओं ने कई बैंकों और अन्य प्रतिष्ठानों में जाकर मराठी के उपयोग की जांच की थी। इस दौरान कुछ जगहों पर मनसे कार्यकर्ताओं द्वारा बैंक कर्मचारियों के साथ कथित तौर पर दुर्व्यवहार की घटनाएं भी सामने आईं, जिसके बाद बैंक यूनियनों ने महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस से हस्तक्षेप की मांग की थी।

**आंदोलन को अस्थायी रूप से रोका गया था:** हालांकि, व्यापक आलोचना और बैंक यूनियनों की शिकायतों के बाद राज ठाकरे ने 5 अप्रैल को अपने कार्यकर्ताओं से आंदोलन को अस्थायी रूप से रोकने का आह्वान किया था। उन्होंने तब कहा था कि इस मुद्दे पर पर्याप्त जागरूकता फैल चुकी है और अब सरकार को आरबीआई के नियमों को लागू करने की जिम्मेदारी लेनी चाहिए। लेकिन ताजा बयान में ठाकरे ने फिर से आंदोलन तेज करने की चेतावनी दी है, जिससे यह संकेत मिलता है कि मराठी भाषा के मुद्दे पर उनकी पार्टी पीछे हटने के मूड में नहीं है। बैंकों पर बढ़ा दबाव

मनसे की इस मांग के बाद बैंकों पर मराठी भाषा को अपनी सेवाओं में शामिल करने का दबाव बढ़ गया है। खासकर ग्रामीण और बुजुर्ग ग्राहकों के लिए, जो मराठी में संवाद करना अधिक सहज मानते हैं, इस मांग को महत्वपूर्ण माना जा रहा है। मनसे का कहना है कि महाराष्ट्र में मराठी भाषा का उपयोग न केवल सांस्कृतिक पहचान का हिस्सा है, बल्कि यह ग्राहकों की सुविधा के लिए भी जरूरी है।

स्वामी, प्रकाशक एवं मुद्रक सैयद अहमर हसनैन द्वारा ग्रुप 5 प्रकाशन , 55- बी, वजीर हसन रोड, लखनऊ से मुद्रित एवं प्रकाशित।
सम्पादक - सैयद अहमर हसनैन R.N.I.No-UPHIN/2008/27122 - Ph : 0522-4048974, Email : news@group5.in समाचार पत्र के समस्त विवादों का न्यायिक क्षेत्र लखनऊ होगा।



# तीसरी लाइन परियोजना के तहत 47 ट्रेनें रद्द: 12 अप्रैल से 03 मई तक होगा एनआई का काम

**बेगूसराय, एजेंसी।** गोरखपुर कैंट-कुसम्ही तीसरी लाइन परियोजना के तहत गोरखपुर-गोरखपुर कैंट तीसरी लाईन के कमीशनिंग का प्री एनआई 12 से 26 अप्रैल तक एवं 27 अप्रैल से 03 मई तक एनआई कार्य किया जाना है। इसके कारण ट्रेनों के परिचालन में बदलाव किया गया है। 47 ट्रेनों का परिचालन रद्द कर दिया गया है।

■ट्रेन नंबर-14012 आनंद विहार-राधिकापुर एक्सप्रेस 20 से 27 अप्रैल से तक।
■ट्रेन नंबर-14011 राधिकापुर-आनंद विहार एक्सप्रेस 22 से 29 अप्रैल से तक।
■ट्रेन नंबर-14618 अमृतसर-पूर्णिया कोर्ट जनसेवा एक्सप्रेस 19 अप्रैल से 3 मई तक।
■ट्रेन नंबर-14617 पूर्णिया कोर्ट-अमृतसर जनसेवा एक्सप्रेस 20 अप्रैल से 4 मई तक।
■ट्रेन नंबर-15621 कामाख्या-आनन्द विहार एक्सप्रेस 24 अप्रैल एवं 1 मई।
■ट्रेन नंबर-15622 आनन्द विहार-कामाख्या एक्सप्रेस 25 अप्रैल एवं 2 मई।
■ट्रेन नंबर-09451 गांधीधाम-भागलपुर स्पेशल 25 अप्रैल।
■ट्रेन नंबर-09452 भागलपुर-गांधीधाम स्पेशल 28 अप्रैल।
■ट्रेन नंबर-15531 सहरसा-अमृतसर जनसाधारण एक्सप्रेस 27 अप्रैल।
■ट्रेन नंबर-15532 अमृतसर-सहरसा जनसाधारण एक्सप्रेस 28 अप्रैल।
■ट्रेन नंबर-15705 कटिहार-दिल्ली चम्पारण हमसफर एक्सप्रेस 28 अप्रैल और 1 मई।
■ट्रेन नंबर-15706 दिल्ली-कटिहार चम्पारण हमसफर एक्सप्रेस 29 अप्रैल एवं 2 मई।
■ट्रेन नंबर-04654 अमृतसर-न्यू जलपाईगुड़ी एक्सप्रेस 30 अप्रैल।
■ट्रेन नंबर-04653 न्यू जलपाईगुड़ी-अमृतसर एक्सप्रेस 2 मई।
■ट्रेन नंबर-55040 बढ़नी-नरकटियागंज पैसेंजर 16 अप्रैल से 5 मई।
■ट्रेन नंबर-55039 नरकटियागंज-बढ़नी पैसेंजर 18 अप्रैल से 8 मई।
■ट्रेन नंबर-55095 नरकटियागंज-गोरखपुर कैंट पैसेंजर 16 अप्रैल से 6 मई।
■ट्रेन नंबर-55096 गोरखपुर कैंट-नरकटियागंज पैसेंजर 18 अप्रैल से 8 मई।
■ट्रेन नंबर-55097 नरकटियागंज-गोरखपुर कैंट पैसेंजर 17 अप्रैल से 7 मई।
■ट्रेन नंबर-55098 गोरखपुर कैंट-नरकटियागंज पैसेंजर 17 अप्रैल से 6 मई।
■ट्रेन नंबर-55048 गोरखपुर कैंट-नरकटियागंज पैसेंजर 17 अप्रैल से 7 मई।
■ट्रेन नंबर-55047 नरकटियागंज-गोरखपुर कैंट पैसेंजर 17 अप्रैल से 7 मई तक
■ट्रेन नंबर-15211/15212 दरभंगा-अमृतसर-दरभंगा जननायक एक्सप्रेस 16 अप्रैल से 4 मई।
■ट्रेन नंबर-15034/15033 लखनऊ-पाटलिपुत्र-लखनऊ एक्सप्रेस 12 अप्रैल से 3 मई।
■ट्रेन नंबर-12580/12579 गोरखपुर-पाटलिपुत्र-गोरखपुर एक्सप्रेस 14 अप्रैल से 3 मई।

## यात्रियों के सफर करने में बढ़ी परेशानी

■ट्रेन नंबर-15273 रक्सौल-आनन्द विहार सत्याग्रह एक्सप्रेस 12 अप्रैल से 3 मई।
■ट्रेन नंबर-15274 आनन्द विहार-रक्सौल सत्याग्रह एक्सप्रेस 13 अप्रैल से 4 मई।
■ट्रेन नंबर-15048 गोरखपुर-कोलकाता पूर्वांचल एक्सप्रेस 13 अप्रैल से 4 मई।
■ट्रेन नंबर-15047 कोलकाता-गोरखपुर पूर्वांचल एक्सप्रेस 14 अप्रैल से 5 मई।
■ट्रेन नंबर-15050 गोरखपुर-कोलकाता पूर्वांचल एक्सप्रेस 16 अप्रैल से 3 मई।
■ट्रेन नंबर-15049 कोलकाता-गोरखपुर पूर्वांचल एक्सप्रेस 16 अप्रैल से 4 मई।
■ट्रेन नंबर-15052 गोरखपुर-कोलकाता पूर्वांचल एक्सप्रेस 17 अप्रैल से 1 मई।
■ट्रेन नंबर-15051 कोलकाता-गोरखपुर पूर्वांचल एक्सप्रेस 18 अप्रैल से 2 मई तक।
■ट्रेन नंबर-18629 रांची-गोरखपुर एक्सप्रेस 18 अप्रैल से 2 मई तक।
■ट्रेन नंबर-18630 गोरखपुर-रांची एक्सप्रेस 19 अप्रैल से 3 मई तक।
■ट्रेन नंबर-14010 आनन्द विहार-बापूधाम मोतिहारी चम्पारण सत्याग्रह एक्सप्रेस 19 से 30 अप्रैल तक।
■ट्रेन नंबर-14009 बापूधाम मोतिहारी-आनन्द विहार चम्पारण सत्याग्रह एक्सप्रेस 20 अप्रैल से 1 मई तक।
■ट्रेन नंबर-15022 गोरखपुर-शालीमार एक्सप्रेस 21 से 28 अप्रैल से तक।
■ट्रेन नंबर-15021 शालीमार-गोरखपुर एक्सप्रेस 22 से 29 अप्रैल से तक।
■ट्रेन नंबर-15028 गोरखपुर-संबलपुर मौर्य एक्सप्रेस 24 अप्रैल से 3 मई तक।
■ट्रेन नंबर-15027 संबलपुर-गोरखपुर मौर्य एक्सप्रेस 26 अप्रैल से 5 मई तक।
■ट्रेन नंबर-13507 आसनसोल-गोरखपुर एक्सप्रेस 25 अप्रैल एवं 2 मई।
■ट्रेन नंबर-13508 गोरखपुर-आसनसोल एक्सप्रेस 26 अप्रैल एवं 3 मई।
■ट्रेन नंबर-22551 दरभंगा-जलंधर सिटी अंत्योदय एक्सप्रेस 3 मई।
■ट्रेन नंबर-22552 जलंधर सिटी-दरभंगा अंत्योदय एक्सप्रेस 4 मई।
■ट्रेन नंबर-15001 मुजफ्फरपुर-देहरादून एक्सप्रेस 21 एवं 28 अप्रैल तथा 5 मई।
■ट्रेन नंबर-15002 देहरादून-मुजफ्फरपुर एक्सप्रेस 19 एवं 26 अप्रैल तथा 3 मई।

## पुनर्निर्धारित और नियंत्रित कर चलायी जाने वाली ट्रेनें

■एरणाकुलम से 25 अप्रैल को खुलने वाली 12522 एरणाकुलम-बरौनी राप्ती सागर एक्सप्रेस एरणाकुलम से 4 घंटे रि-शिड्यूल कर चलाई जाएगी।
■पोरबंदर से 10, 11, 24 अप्रैल तथा 1 मई को खुलने वाली 19269 पोरबंदर-मुजफ्फरपुर एक्सप्रेस पोरबंदर से 4 घंटे 30 मिनट रि-शिड्यूल कर चलाई जाएगी।
■दरभंगा से 12 अप्रैल को खुलने वाली 22551 दरभंगा-जलन्धर सिटी एक्सप्रेस दरभंगा से 4 घंटे रि-शिड्यूल कर चलाई जाएगी।
■भागलपुर से 14 अप्रैल को खुलने वाली 09452 भागलपुर-गांधीधाम स्पेशल भागलपुर से 1 घंटा रि-शिड्यूल कर चलाई जाएगी।
■कामाख्या से 20 अप्रैल को खुलने वाली 15655 कामाख्या-श्रीमाता वैष्णो देवी कटरा एक्सप्रेस कामाख्या से 3 घंटे 30 मिनट रि-शिड्यूल कर चलाई जाएगी।
■दरभंगा से 22, 25, 26, 27 अप्रैल एवं 2 मई को खुलने वाली 12565 दरभंगा-नई दिल्ली बिहार संपर्क क्रांति एक्सप्रेस दरभंगा से 3 घंटे रि-शिड्यूल कर चलाई जाएगी।
■सहरसा से 26 अप्रैल एवं 2 मई को खुलने वाली 12553 सहरसा-नई दिल्ली वैशाली एक्सप्रेस सहरसा से 3 घंटे रि-शिड्यूल कर चलाई जाएगी।
■गुवाहाटी से 28 अप्रैल को खुलने वाली 15651 गुवाहाटी-जम्मूतवी लोहित एक्सप्रेस गुवाहाटी से 4 घंटे 30 मिनट रि-शिड्यूल कर चलाई जाएगी।
■गुवाहाटी से 30 अप्रैल को खुलने वाली 15653 गुवाहाटी-जम्मूतवी अमरनाथ एक्सप्रेस गुवाहाटी से 4 घंटे 30 मिनट रि-शिड्यूल कर चलाई जाएगी।

## आंशिक समापन और प्रारंभ कर चलायी जाने वाली ट्रेनें

■रांची से 11 अप्रैल को खुलने वाली 18629 रांची-गोरखपुर एक्सप्रेस का आंशिक समापन गोरखपुर के बदले भटनी में ही किया जाएगा।
■गोरखपुर से 12 अप्रैल को खुलने वाली 18630 गोरखपुर-रांची एक्सप्रेस का आंशिक प्रारंभ गोरखपुर के बदले भटनी से ही किया जाएगा।

## परिवर्तित मार्ग से चलाई जाने वाली ट्रेनें

■बरौनी से 12 अप्रैल से 3 मई तक खुलने वाली 02563 बरौनी-नई दिल्ली क्लोन स्पेशल छपरा-औड़िहार-वाराणसी-बनारस-प्रयागराज-कानपुर सेन्ट्रल के रास्ते चलाई जाएगी।
■नई दिल्ली से 12 अप्रैल से 2 मई तक खुलने वाली 02564 नई दिल्ली-बरौनी क्लोन स्पेशल परिवर्तित मार्ग कानपुर सेन्ट्रल-प्रयागराज-बनारस-वाराणसी-औड़िहार-छपरा के रास्ते चलाई जाएगी।
■बरौनी से 20 एवं 27 अप्रैल को खुलने वाली 14691 बरौनी-जम्मूतवी मौर्यध्वज एक्सप्रेस परिवर्तित मार्ग छपरा-औड़िहार-जौनपुर-अयोध्या कैंट-बाराबंकी-लखनऊ-रोजा के रास्ते चलाई जाएगी।
■जम्मूतवी से 2 मई को खुलने वाली 14692 जम्मूतवी-बरौनी मौर्यध्वज एक्सप्रेस परिवर्तित मार्ग रोजा-लखनऊ-बाराबंकी-अयोध्या कैंट-जौनपुर-औड़िहार-छपरा के रास्ते चलाई जाएगी।
■बान्द्रा टर्मिनल से 25, 27, 28, 29, 30 अप्रैल तथा 1 मई को खुलने वाली 19037 बान्द्रा टर्मिनल-बरौनी अवध एक्सप्रेस परिवर्तित मार्ग बाराबंकी-अयोध्या कैंट-जौनपुर-वाराणसी-वाराणसी सिटी-औड़िहार-छपरा-मुजफ्फरपुर के रास्ते चलाई जाएगी।
■कटिहार से 12 अप्रैल से 3 मई तक खुलने वाली 15707 कटिहार-अमृतसर एक्सप्रेस परिवर्तित मार्ग छपरा-भटनी-मऊ-वाराणसी सिटी-वाराणसी-बनारस-प्रयागराज-कानपुर सेंट्रल के रास्ते चलाई जाएगी।
■दरभंगा से 12 अप्रैल से 3 मई तक खुलने वाली 02569 दरभंगा-नई दिल्ली क्लोन स्पेशल परिवर्तित मार्ग छपरा-औड़िहार-वाराणसी-बनारस-प्रयागराज-कानपुर सेन्ट्रल के रास्ते चलाई जाएगी।
■नई दिल्ली से 13 अप्रैल से 3 मई तक खुलने वाली 02570 नई दिल्ली-दरभंगा क्लोन स्पेशल परिवर्तित मार्ग कानपुर सेन्ट्रल-प्रयागराज-बनारस-वाराणसी-औड़िहार-छपरा के रास्ते चलाई जाएगी।
■अमृतसर से 11, 13, 15, 17, 18, 20, 22, 24, 25, 27, 29 अप्रैल तथा 1 एवं 2 मई को खुलने वाली 14674 अमृतसर-जयनगर शहीद एक्सप्रेस परिवर्तित मार्ग बाराबंकी-अयोध्या कैंट-जौनपुर-वाराणसी-वाराणसी सिटी-औड़िहार-मऊ-भटनी-छपरा के रास्ते चलाई जाएगी।
■काठगोदाम से 15 अप्रैल से 2 मई तक खुलने वाली 13020 काठगोदाम-हावड़ा बाघ एक्सप्रेस परिवर्तित मार्ग बाराबंकी-अयोध्या कैंट-जौनपुर-वाराणसी-वाराणसी सिटी-औड़िहार-मऊ-भटनी-छपरा के रास्ते चलाई जाएगी।
■आनन्द विहार टर्मिनल से 30 अप्रैल को खुलने वाली 12212 आनन्द विहार टर्मिनल-मुजफ्फरपुर गरीबरथ एक्सप्रेस परिवर्तित मार्ग लखनऊ-सुल्तानपुर-वाराणसी-औड़िहार- छपरा-मुजफ्फरपुर के रास्ते चलाई जाएगी।



# गया में आंधी-तूफान से तीन मासूम की मौत: दीवार गिरने से दो की गई जान

## ताड़ का पेड़ गिरने से बच्चे की मौके पर ही मौत

**गया, एजेंसी।** गया जिले में गुरुवार की शाम आई तेज आंधी और बारिश ने कहर बरपाया है। अलग-अलग जगहों पर पेड़ और दीवार गिरने से तीन लोगों की दर्दनाक मौत हो गई। टनकुप्पा, वजीरगंज और फतेहपुर क्षेत्र से मौत की घटना सामने आई हैं। वजीरगंज निवासी मुन्नू चौधरी (12) पर पेड़ टूट कर गिर गया था। वह नानी के घर आया हुआ था। वहीं गया के मानपुर के दुधाइला गांव में ताड़ के पेड़ गिरने से लखन पासवान की पत्नी लक्ष्मीनिया देवी की मौत हो गई। वह उपला उठा रही थी। टनकुप्पा प्रखंड के भेटौरा पंचायत के मायापुर गांव में विश्वजीत कुमार (08) की दीवार गिरने से मौत हो गई। आंधी के दौरान विश्वजीत घर के बाहर खेल रहा था। इसके बाद वह भागकर घर की ओर जा रहा था। तभी राजबल्लभ पासवान के घर की सीढ़ियों से सटी ईंट की 5 इंच मोटी दीवार विश्वजीत पर गिर गई। सिर पर गंभीर चोट लगने से मौके पर ही उसकी जान चली गई। विश्वजीत के पिता रामप्रीत पासवान के दो बेटे हैं, जिनमें विश्वजीत छोटा था।

### लोगों को प्रशासन से राहत की उम्मीद

वजीरगंज थाना क्षेत्र के कढ़ौना गांव में भी तेज आंधी में ताड़ का पेड़ गिरने से एक बच्चे की मौत हो गई। वहीं, फतेहपुर इलाके में दीवार गिरने से एक और मासूम की जान चली गई। मानपुर के दुधैला गांव में पेड़ गिरने से एक महिला की भी मौत हो गई। हादसे की सूचना पर पंचायत प्रतिनिधि और पुलिस मौके पर पहुंचे। टनकुप्पा में मुखिया अनीता देवी, प्रमुख चिंकी देवी समेत कई जनप्रतिनिधियों ने पीड़ित परिवार से मिलकर सांत्वना दी और प्रशासन को मदद पहुंचाने की अपील की। पुलिस ने शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। एक दिन की आंधी ने तीन परिवारों को उजाड़ दिया। लोग प्रशासन से राहत की उम्मीद कर रहे हैं।

# पीएम मोदी के बिहार दौरे से पहले सम्राट चौधरी की बड़ी डिमांड, केंद्रीय मंत्री शिवराज सिंह को लिखा पत्र

**पटना, एजेंसी।** बिहार सरकार ने केंद्र सरकार से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की बिहार यात्रा के पहले ग्रामीण गरीबों के लिए 5.29 लाख मकान की मांग की है। गुरुवार को उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने ग्रामीण विकास मंत्रालय के मंत्री शिवराज सिंह चौहान को पत्र भेजकर मकानों का लक्ष्य बढ़ाने की भी मांग की, ताकि प्रतीक्षा सूची में पड़े 5.29 लाख गरीब परिवारों को भी मकान मिल सके। उन्होंने पिछले वित्तीय वर्ष में बिहार के ग्रामीण गरीबों के लिए 7.90 लाख मकान बनाने का लक्ष्य देने के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और ग्रामीण विकास मंत्री के प्रति धन्यवाद ज्ञापित किया। चौधरी ने पत्र में लिखा कि ग्रामीण विकास मंत्रालय ने प्रधानमंत्री आवास योजना-ग्रामीण अंतर्गत वित्तीय वर्ष 2024-25 में राज्य को कुल 7,90, 648 लक्ष्य उपलब्ध कराया है। प्राप्त लक्ष्य से राज्य के गरीब आवास विहीन एवं कच्चे आवासों में रहने वाले परिवारों को आवास का लाभ दिया जा रहा है। उन्होंने केंद्र सरकार को जानकारी दी कि प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण की प्रतीक्षा सूची से छूटे हुए योग्य लाभुकों के सर्वेक्षण का कार्य भी चल रहा है। उन्होंने अनुरोध किया कि प्रधानमंत्री आवास योजना-ग्रामीण अंतर्गत आवास प्लस, 2018 के आधार पर निर्मित प्रतीक्षा सूची में बचे हुए शेष 5.29 लाख लाभुकों को आवास का लाभ देने के लिए वित्तीय वर्ष 2025-26 में राज्य के लिए 5.29 लाख भौतिक लक्ष्य उपलब्ध कराया जाय। श्री चौधरी ने आग्रह किया कि यदि राज्य को वित्तीय वर्ष 2025-26 के लिए शीघ्र लक्ष्य आवंटित कर दिया जाता है, तो इसी 24 अप्रैल को प्रधानमंत्री की बिहार यात्रा के प्रस्तावित कार्यक्रम में संबंधित योग्य लाभुकों को एक साथ प्रथम किस्त की सहायता राशि का भुगतान किया जा सकेगा।



# कॉपी लिखी हिन्दी में, आरटीआई से मिली अंग्रेजी में

**मुजफ्फरपुर, एजेंसी।** मुजफ्फरपुर, प्रमुख संवाददाता बीआरएबीयू में एक अजीबोगरीब मामला सामने आया है। लॉ के एक छात्र ने आरटीआई से मिली कॉपी पर आपत्ति जताई है। छात्र का कहना है कि उसने लॉ की परीक्षा हिन्दी में दी थी, लेकिन आरटीआई से जो कॉपी मिली है वह अंग्रेजी में है। वह अंग्रेजी में इतना मजबूत नहीं है कि परीक्षा दे सके। छात्र की शिकायत के बाद इस मामले को परीक्षा बोर्ड में भेजने का निर्णय लिया गया है। परीक्षा नियंत्रक डॉ. सुबालाल पासवान ने बताया कि हमलोग जल्द ही परीक्षा बोर्ड की बैठक कराएंगे। सीनेट की बैठक के बाद परीक्षा बोर्ड की बैठक होगी। इसकी तैयारी की जा रही है। उधर, छात्र की कॉपी बदलने के मामले पर विवि में भी हलचल तेज हो गई है। विवि सूत्रों का कहना है कि ऐसा पहलीबार हुआ है कि छात्र की कॉपी आरटीआई से बदल गई हो। इसके अलावा एक छात्र का भी मामला परीक्षा बोर्ड में जा रहा है। छात्र की मार्क्सशीट में एक विषय में कम नंबर आने से वह फेल है, लेकिन री-मार्क्स में उसे पास बताया गया है। इस आधार पर छात्र ने स्नातक के सभी वर्षों की परीक्षा दे दी, लेकिन जब सर्टिफिकेट मिलने की बारी आई तो उसके फेल बताया गया। छात्र ने इसकी शिकायत परीक्षा विभाग से की है। छात्र का कहना है कि अगर वह पहले साल में ही फेल था तो उसे दूसरे साल और तीसरे साल में परीक्षा क्यों देने दिया गया। इस मामले पर भी परीक्षा बोर्ड में चर्चा की जायेगी।

# दिल्ली नहीं ले जाने से नाराज विवाहिता ने की आत्महत्या

**गोपालगंज, एजेंसी।** गोपालगंज में गुरुवार की रात एक गर्भवती महिला का शव उसके कमरे में फंदे लटका मिला। घटना हथुआ थाना क्षेत्र के बड़ी ईशर गांव की है। जहां मृतका की पहचान सरिता देवी के रूप में हुई है। बताया गया कि मृतका के पति मनू यादव दिल्ली में काम करते हैं। वहीं मृतका अपनी बेटी के साथ ससुराल में रहती थीं। वह बार-बार पति के साथ दिल्ली जाने की जिद कर रही थीं। लेकिन वह मना कर रहा था। जिसके बाद गुरुवार की रात परिवार के सभी सदस्य खाना खाने के बाद अपने-अपने कमरों में सोने चले गए। सुबह सरिता का शव फंदे से लटका मिला। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर शव को नीचे उतारा और पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भेज दिया।

**जांच में जुटी पुलिस :** हथुआ थानाध्यक्ष ने बताया कि फोरेंसिक टीम ने घटनास्थल से साक्ष्य जुटाए हैं। पुलिस हत्या और आत्महत्या दोनों पहलुओं पर जांच कर रही है।

मृतका के परिजन इस मामले में कुछ भी बोलने से बच रहे हैं। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत का सही कारण पता चल सकेगा। प्राथमिक जांच में यह आत्महत्या का मामला लग रहा है।



# गया में हत्या के मामले में 4 आरोपी गिरफ्तार जंगल में मिला था युवक का शव

## अफीम और पैसों की लेन-देन की वजह से हुई हत्या

**गया, एजेंसी।** गया जिले के रौशनगंज थाना क्षेत्र में बीते दिनों हुई हत्या मामले में पुलिस ने 48 घंटे के अंदर 4 आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। जंगल में शव मिलने की सूचना पर पुलिस एक्शन में आई। सभी आरोपियों ने जुर्म कबूल कर लिया है। इसकी पुष्टि एसएसपी शैलेन्द्र सिंह ने की है।

दरअसल, 7 अप्रैल को ग्राम अंबाखार धोबिया के जंगल में एक अज्ञात शव मिलने की सूचना पुलिस को मिली थी। थानाध्यक्ष रौशनगंज मौके पर पहुंचे और शव को कब्जे में लेकर जांच शुरू की गई। मृतक की पहचान इमामगंज थाना क्षेत्र के रानीगंज निवासी केशव साव के बेटे दीपक कुमार के रूप में हुई थी। पुलिस ने मामला दर्ज कर आर्म्स एक्ट के तहत कार्रवाई शुरू की। एसएसपी के निर्देश पर नगर पुलिस अधीक्षक और अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी शेरघाटी-1 के नेतृत्व में एक विशेष टीम भी गठित की गई थी। एफएसएल और तकनीकी टीम ने घटनास्थल से साक्ष्य जुटाए।

### आपराधिक इतिहास की जांच जारी

छानबीन और सूचनाओं के आधार पर पुलिस ने चार अभियुक्तों विकास कुमार (अंबाखार, रौशनगंज), मंटू कुमार, सुनील यादव और अशोक यादव (तीनों लेंजबा नौकाडीह, थाना हंटरगंज, चतरा, झारखंड) को गिरफ्तार कर लिया। पूछताछ में उन्होंने बताया कि मृतक को अफीम दिलाने के बहाने जंगल बुलाया गया था। वहीं पैसों को लेकर कहासुनी हुई और गुस्से में हत्या कर दी गई। फिलहाल इस मामले में अन्य आरोपियों की तलाश जारी है और पकड़े गए अपराधियों के आपराधिक इतिहास की जांच की जा रही है।

# भोजपुर में चाचा ने भतीजे को मारा चाकू

**आरा(भोजपुर), एजेंसी।** भोजपुर जिले के मुफ्फसिल थाना क्षेत्र के हसनपुर गांव में गुरुवार को तीन दिन पहले हुए विवाद को लेकर चाचा ने अपने ही भतीजे को चाकू मार दिया। जख्मी युवक को चाकू बाएं हाथ में कलाई और अंगूठे के पास लगी है, जिससे वह गंभीर रूप से जख्मी हो गया। इसके बाद मुफ्फसिल थाना पुलिस द्वारा उसे इलाज के लिए आरा सदर अस्पताल लाया गया। जख्मी युवक मुफ्फसिल थाना क्षेत्र के हसनपुरा गांव निवासी श्याम बिहारी यादव का बेटा अमन कुमार (18) है। अमन ने बताया कि तीन दिन पहले उसके बड़े पिता द्वारा उसके बंद घर का ताला तोड़कर उसमें रखे सामान को निकाल लिया गया था, जिसको लेकर उनके बीच झगड़ा हुआ था। हालांकि उस दिन बात खत्म हो गई थी। उसके बड़े पिता द्वारा दोबारा बंद कमरे को खोलकर उसमें रखे सामान को निकाला जा रहा था। तभी उन लोगों की नींद खुल गई। इसे लेकर उनके बीच तीखी नोकझोंक हुई। इसके बाद उसके बड़े पिता ने अपने बेटों के साथ मिलकर उसकी पिटाई की और उसके बाद उसे चाकू मार दी। इस दौरान वह गंभीर रूप से जख्मी हो गया। इधर ऑन ड्यूटी चिकित्सक ने बताया कि इमरजेंसी वार्ड में युवक का प्राथमिक उपचार कर दिया है,चाकू लगने से खून निकला था। हालांकि युवक खतरे से बाहर है। वही दूसरी तरफ जख्मी अमन कुमार ने अपने बड़े पिता पर अपने बेटों के साथ मिलकर खुद को चाकू मारने एवं का घर में रखे सामान को चोरी करने का आरोप लगाया है। वही इस घटना के बाद पीड़ित युवक ने स्थानीय थाना पुलिस से लिखित शिकायत की है। बहरहाल पुलिस अपने स्तर से मामले की छानबीन कर रही है।

# जब राजकुमार ने निभाया 324 साल बूढ़े व्यक्ति का किरदार



बॉलीवुड अभिनेता राजकुमार राव की आगामी फिल्म भूल चूक माफ का ट्रेलर लॉन्च हो चुका है। इसके ट्रेलर लॉन्च इवेंट में अभिनेता ने फिल्म निर्माता दिनेश विजन के साथ बनाई अपनी पहली फिल्म को याद किया। साथ ही बताया कि ऐसा जोड़ियां स्वर्ग में बनती हैं। आइए जानते हैं आखिर दिनेश विजन के साथ कौन सी है उनकी पहली फिल्म।

हाल ही में राजकुमार राव की कॉमेडी फिल्म भूल चूक माफ का ट्रेलर लॉन्च किया गया। बहुत जल्द अभिनेता फिल्म में नजर आएंगे। इसी मौके पर राजकुमार राव ने दिनेश विजन और मैडॉक फिल्म्स के साथ अपना पहला अनुभव साझा किया। बातचीत में बताया कि उनके उस रोल के बारे में लोगों ने कहा कि ये तो कोई भी कर सकता है। इसके अलावा उन्होंने दिनेश के साथ अपने अटूट रिश्ते के बारे में भी बात किया।

### किस फिल्म का किया जिक्र?

फिल्म के ट्रेलर लॉन्च इवेंट के दौरान राजकुमार राव ने फिल्म निर्माता दिनेश विजन और मैडॉक फिल्म्स के साथ अपने पहले अनुभवों को साझा किया। अभिनेता ने कहा, कुछ जोड़िया स्वर्ग में बनती हैं। उनमें से दीनू और मैं एक हैं। हमारा रिश्ता तब शुरू हुआ, जब मैंने साल 2017 में राब्ता फिल्म में एक छोटा सा पार्ट किया था, जिसे दीनू ने निर्देशित किया था। इसके आगे उन्होंने कहा कि उस किरदार के बारे में लोगों ने कहा कि यह तो कोई भी कर सकता था, क्योंकि उस भूमिका में उन्हें कोई पहचान नहीं सकता था।

### इस रोल ने सबको डरा दिया था

राब्ता फिल्म में राजकुमार राव ने 324 साल के एक बूढ़े इंसान का किरदार निभाया था। उन्हें प्रोस्थेटिक मेकअप के जरिए तैयार किया गया था, जिसमें अभिनेता को कोई पहचान नहीं सकता था। इसी फिल्म के बारे में राजकुमार राव कहते हैं कि दिनेश एकमात्र निर्माता हैं, जिनकी वो सारी छोटी और बड़ी फिल्में जानते हैं और उसे ईमानदारी से पंसद भी करते हैं।



## क्या बिपाशा फिल्म 'रेस 4 का हिस्सा बनेंगी? सोशल मीडिया पोस्ट से मिला हिंट

बिपाशा बसु फिल्म 'रेस( 2008 )' में सैफ अली खान के अपोजिट नजर आईं। हाल ही में 'रेस 4' को लेकर काफी चर्चा रही। इसी बीच बिपाशा ने भी एक सोशल मीडिया पोस्ट की। इस पोस्ट के जरिए आखिर बिपाशा क्या बताना चाहती हैं? क्या वह भी फिल्म 'रेस 4' का हिस्सा हैं?

### 'रेस सांसों की' गाने को शेयर किया

बिपाशा बसु ने हाल ही में इंस्टाग्राम पेज के स्टोरी सेक्शन में फिल्म 'रेस' का गाना 'रेस सांसों कीज' को साझा किया। इस गाने में वह डांस कर रही हैं, साथ ही कैटरीना कैफ भी इसमें नजर आ रही हैं। इस गाने को बिपाशा एक बार फिर से क्यों याद कर रही हैं? इसको लेकर बिपाशा ने कोई भी कैप्शन या मैसेज नहीं लिखा है। ऐसा लगता है कि वह फिल्म 'रेस 4' के मेकर्स को हिंट देना चाहती हैं। क्या एक्ट्रेस दोबारा से इस फिल्म का हिस्सा बनना चाहती हैं?

## हरिहरन ने सिंगर बनने के लिए किया प्रोत्साहित, शाहरुख खान से मिला जिंदगी के लिए बड़ा सबक



शिल्पा राव अब तक बॉलीवुड के नामी कलाकारों की फिल्मों में गाने गा चुकी हैं, कई अभिनेत्रियों की आवाज बन चुकी हैं। आज सिंगर शिल्पा राव का जन्मदिन ( 11 अप्रैल 1984 ) है। इस मौके पर सिंगर की करियर जर्नी पर एक नजर।

शिल्पा राव का जन्म जमशेदपुर में हुआ, तेलुगू भाषी परिवार में जन्मी शिल्पा को बचपन से ही संगीत की शिक्षा मिली। पिता एस वेंकेट राव ने ही शुरुआती दौर में संगीत सिखाया। शिल्पा का जन्म का नाम अपेक्षा राव था, जिसे उन्होंने बदल दिया। शिल्पा नाम उन्हें पसंद आया क्योंकि यह कला से जुड़ाव महसूस करवाता था। जानिए, कैसे जमशेदपुर से निकलकर शिल्पा राव ने बॉलीवुड में बतौर सिंगर एक अलग जगह हासिल की।

**शौक बन गया करियर**

पिता से संगीत की शिक्षा लेने के बाद शिल्पा राव को गायक हरिहरन से म्यूजिक की ट्रेनिंग मिली। फिल्मफेयर को दिए गए एक इंटरव्यू में शिल्पा राव ने कहा, 'जब मैं हरिहरन जी से संगीत सीख रही थी तो उन्होंने ही सिंगर बनने के लिए मेरे अंदर रुचि पैदा की। इसके बाद मैंने पीछे मुड़कर नहीं देखा।' शिल्पा को संगीत के क्षेत्र में कई लोगों से प्रेरणा मिलती है, जिसमें मेहंदी हसन, पंडित निखिल बनर्जी, उस्ताद सुल्तान खान, बेगम अख्तर और फरीदा खानुम जैसी संगीत की शख्सियत शामिल हैं। इन लोगों ने शिल्पा की गायिका को बहुत प्रभावित किया है।

## मानुषी छिल्लर से सीखिए कैसे चुनें ऐसे आउटफिट्स जो हर नज़र को भा जाएं



अंतरराष्ट्रीय ब्यूटी पेजेंट्स से लेकर बॉलीवुड तक का सफर तय करते हुए, मानुषी छिल्लर ने बार-बार साबित किया है कि उनका फैशन सेंस भी उनकी उपलब्धियों जितना ही प्रभावशाली है। पूर्व मिस वर्ल्ड अब एक ऐसी फैशन फोर्स बन चुकी हैं, जिन्हें नज़रअंदाज़ करना मुश्किल है। पारंपरिक भारतीय परिधानों से लेकर आधुनिक इंटरनेशनल ट्रेंड्स तक, मानुषी हर लुक में एक खास एलिगेंस और स्टाइल लेकर आती हैं। उनके आउटफिट्स में संतुलन है—नवाचार, सुरुचिपूर्ण डिज़ाइन और एक व्यक्तिगत टच जो हर फैशनप्रेमी को लुभाता है। मानुषी का सोशल मीडिया इस बात का प्रमाण है कि मिस वर्ल्ड के पास हर छोटी-बड़ी बात को बारीकी से समझने की क्षमता है, जब बात ऐसे आउटफिट चुनने की आती है जो उनके व्यक्तित्व को निखारें और उन्हें निखारें। मानुषी छिल्लर की पसंद यहां दी गई है, कुछ ऐसे आउटफिट्स, जिन्हें देखकर हमारी तो आँखें ही ठहर गईं—और जिन्हें हम बिना झिझक अपना बना लें। मानुषी और उनके पावर सूट भले ही सोशल मीडिया पर छाए हों, लेकिन उनका ब्राइट येलो केप क्रेप ब्लेज़र और पैंट सूट तो बाकी सब पर भारी है!

मानुषी ने टाफेटा से बनी सफ़ेद रंग की लंबी ड्रेस पहनी थी, जिस पर खूबसूरत काले ऑर्गेना फूल लगे थे, और हमें ऐसा ब्रंच-परफेक्ट ड्रेस से इतना प्यार पहले नहीं हुआ, जो वाकई बहुत लंबे समय से इस ड्रेस से ज़्यादा खूबसूरत नहीं देखा! मानुषी की साड़ी गेम भी जबरदस्त है, और ??मनीष मल्होत्रा की इस आइवरी साड़ी, जिसे उन्होंने नाजुक चेन क्रिस्टल एम्बेलिशमेंट वाली मैचिंग स्वीटहार्ट नेकलाइन ब्रालेट ब्लाउज़ के साथ सजाया है, इसका सबूत है! बॉलीवुड में मानुषी द्वारा चुने गए कॉकटेल गाउन शायद सबसे बेहतरीन हैं। और जब उन्होंने राहुल मिश्रा का स्ट्रैपलेस, फिगर-हगिंग नंबर चुना, जिसमें एक ड्रीमी फ्लोइंग नेट ट्रेन थी, तो उन्होंने अपने फैशनिस्टा टाइटल को फिर से परिभाषित किया! गौरी और नैनिका के इस ड्रॉप-वेस्ट प्रिंटेड गाउन के साथ पॉपी-प्रिंटेड वॉल्यूमिनस स्कर्ट ने मानुषी को ऐसा दिखाया जैसे वह अपनी ही खूबसूरती में डूबी हुई हों। मानुषी ने अपने आउटफिट को कम से कम एक्सेसरीज रखकर लोगों को अपनी ओर आकर्षित किया। जैसे-जैसे मानुषी छिल्लर एंटरटेनमेंट इंडस्ट्री में अपना जगह बनाती जा रही हैं, वैसे - वैसे उनके फैशन ग्राफ नई ऊँचाइयों को छू रहा है जो सार्वजनिक पहचान बनाने में व्यक्तिगत शैली की शक्ति को समझती है। प्रत्येक सावधानी से तैयार किए गए लुक के साथ, वह न केवल एक ब्यूटी क्वीन या अभिनेत्री के रूप में अपनी स्थिति को मजबूत करती है, बल्कि एक वास्तविक स्टाइल आइकन के रूप में भी अपनी स्थिति को मजबूत करती है, जिसकी फैशन संवेदनशीलता आने वाली पीढ़ियों को प्रभावित करेगी। सेलिब्रिटी फैशन की लगातार विकसित होती दुनिया में, मानुषी छिल्लर ने साबित कर दिया है कि वह न केवल आगे बढ़ रही हैं - बल्कि उन्हें सेट भी कर रही हैं।

## फिल्म इंडस्ट्री में कई बेहद प्रतिभाशाली लोगों को नहीं मिलते समान अवसरः ईशा मालवीय



टीवी एक्ट्रेस ईशा मालवीय ने कहा कि फिल्म इंडस्ट्री में अपने करियर की शुरुआत के बाद से उन्हें सबसे ज्यादा हैरानी इस बात से हुई है कि कई बेहद प्रतिभाशाली लोगों को बराबर के अवसर नहीं मिलते। साल 2021 में रिलीज हुए टेलीविजन शो उड़ारियां से एक्टिंग की शुरुआत करने वालीं ईशा ने कहा, एक चीज जो मुझे हमेशा हैरान करती है और अब भी करती है, वह यह है कि कितने प्रतिभाशाली लोगों को बराबर के अवसर नहीं मिलते। मैं यह नहीं कह रही कि भाई-भतीजावाद पूरी तरह से गलत है, लेकिन मुझे लगता है कि बाहरी लोगों को कम से कम अपनी काबिलियत साबित करने के लिए एक निष्पक्ष मौका तो मिलना चाहिए। अभिनेत्री ने जोर देकर कहा कि इंडस्ट्री को असली प्रतिभा पर ध्यान देना चाहिए। उन्होंने कहा, उन्हें स्टार किड्स के साथ प्रतिस्पर्धा करने दें और दर्शकों को फैसला करने दें कि कौन वास्तव में चमकने का हकदार है। इंडस्ट्री को किसी की पृष्ठभूमि की परवाह किए बिना असली प्रतिभा पर ज्यादा ध्यान देना चाहिए और बॉलीवुड का भविष्य योग्यता से तय होना चाहिए। उड़ारियां में जैस्मिन का किरदार निभाने के बाद ईशा ने साल 2023 में विवादित रियलिटी शो बिग बॉस के 17वें संस्करण में हिस्सा लिया था।



## स्विमिंग पूल किनारे मोनालिसा का हॉट अंदाज़, डार्क ब्लू बिकिनी में उड़ाए फैंस के होश

**भोजपुरी** फिल्मों की सुपरस्टार और टीवी इंडस्ट्री की पॉपुलर एक्ट्रेस मोनालिसा एक बार फिर अपने ग्लैमरस लुक को लेकर सुर्खियों में हैं। सोशल मीडिया पर वायरल हो रही उनकी लेटेस्ट फोटोज़ में मोनालिसा डार्क ब्लू बिकिनी में कहर बरपाती नजर आ रही हैं। फैंस उनकी अदाओं पर फिदा हैं और कमेंट सेक्शन में फायर और हार्ट इमोजी की बौछार कर रहे हैं। फोटोज़ में मोनालिसा ने फ्लोरल प्रिंटेड डार्क ब्लू बिकिनी पहन रखी है। साथ में उन्होंने पैरों पर स्टाइलिश स्कार्फ और सिर पर हैट पहनकर अपने लुक में एक्स्ट्रा चार्म जोड़ा है। कैमरे के सामने दिए गए पोज़ उनके आत्मविश्वास और स्टाइल स्टेटमेंट को बखूबी बयां कर रहे हैं। मोनालिसा की ये फोटोज़ आते ही सोशल मीडिया पर वायरल हो गईं। एक फैन ने लिखा, वेरी हॉट, तो दूसरे ने कमेंट किया, सुपरब लुक! फोटोज़ में वह कभी स्माइल करती नज़र आ रही हैं, तो कभी साइड पोज़ से कमर फ्लॉन्ट कर रही हैं। एक तस्वीर में वह स्विमिंग पूल के किनारे लेटी नज़र आ रही हैं, जिसमें उनका हुस्न और आत्मविश्वास दोनों झलक रहा है। मोनालिसा का असली नाम अंतरा बिस्वास है। भोजपुरी सिनेमा की ग्लैमरस क्वीन रही मोनालिसा ने टीवी शो बिग बॉस से घर-घर में पहचान बनाई। इसके बाद नज़र जैसे शो में डायन का किरदार निभाकर उन्होंने एक नई पहचान कायम की। ग्लैमरस लुक्स से फैंस को दीवाना बनाने वाली मोनालिसा का ये बिकिनी लुक फिर साबित करता है कि वे स्टाइल और बोल्डनेस के मामले में किसी से कम नहीं हैं।

## पुरी जगन्नाथ की नई फिल्म में तब्बू की एंट्री, संग नजर आएंगे विजय सेतुपति



पुरी जगन्नाथ की अपकमिंग फिल्म में अभिनेत्री तब्बू भी शामिल हो चुकी हैं। फिल्म के निर्माताओं ने इसकी आधिकारिक घोषणा की है। तब्बू फिल्म में एक महत्वपूर्ण भूमिका निभाने के लिए तैयार हैं। चुनिंदा भूमिकाओं के साथ शानदार अभिनय के लिए लोकप्रिय तब्बू अभिनेता विजय सेतुपति के साथ नजर आएंगी। अनटाइटल्ड पैन-इंडिया फिल्म में विजय सेतुपति मुख्य भूमिका में हैं। फिल्म की घोषणा उगादी त्योहार के शुभ अवसर पर की गई थी। पुरी ने स्क्रिप्ट को तैयार किया है, यह सुनिश्चित करते हुए कि फिल्म का हर किरदार महत्व रखता है। तब्बू-विजय सेतुपति स्टारर फिल्म जून में रिलीज होने वाली है। यह तेलुगू, हिंदी के साथ तमिल, कन्नड़, मलयालम समेत अन्य भाषाओं में भी रिलीज होगी। फिल्म निर्माता जल्द ही अन्य कलाकारों और क्रू की घोषणा करेंगे। फिल्म की कहानी में मनोरंजन बढ़ाने में प्रत्येक पात्र अपना सार्थक योगदान देता नजर आएगा। फिल्म का निर्माण पुरी जगन्नाथ और चार्मी कौर ने अपने बैनर पुरी कनेक्ट्स के तहत किया है। विजय सेतुपति के वर्कफ्रंट की बात करें तो उनकी पिछली रिलीज 'विदुथलाई पार्ट 2' थी। साल 2024 में विजय ने तीन फिल्मों में अभिनय किया। उन्होंने साल की शुरुआत श्रीराम राघवन की 'मेरी क्रिसमस' से की, जिसे हिंदी में भी शूट किया गया था और जिसमें उनके साथ मुख्य भूमिका में कैटरीना कैफ थीं। फिल्म क्रिसमस की पूर्व संध्या के इर्द-गिर्द घूमती है, जो दो लोगों की दुनिया में बदलाव लाती है। जब दो अजनबी मिलते हैं, तो उनके बीच रोमांस आता है और फिल्म की कहानी एक अप्रत्याशित मोड़ लेती है। निथिलन स्वामीनाथन के निर्देशन में बनी उनकी 50वीं फिल्म महाराजा भी पिछले साल रिलीज हुई थी जिसमें उनके को-स्टार अनुराग कश्यप हैं। यह फिल्म पिछले साल रिलीज हुई थी और बॉक्स ऑफिस पर हिट रही थी।

साभार एजेंसी

## 'छावा' की पायरेसी मामले में मुंबई पुलिस को मिली बड़ी सफलता

हिंदी फिल्म 'छावा' की पायरेसी के मामले में मुंबई की साउथ साइबर पुलिस को बड़ी सफलता मिली है। इस मामले में पुलिस ने एक शख्स को पुणे से गिरफ्तार किया गया है। मुंबई के साउथ साइबर पुलिस स्टेशन को फिल्म 'छावा' की पायरेसी के खिलाफ चल रही जांच में बड़ी कामयाबी मिली है। इस मामले में एक 26 साल के शख्स को पुणे से गिरफ्तार किया गया है। हाल ही में रिलीज हुई इस फिल्म को कई ऑनलाइन प्लेटफॉर्म्स पर गैरकानूनी तरीके से फैलाया गया था, जिससे निर्माताओं को भारी नुकसान हुआ था।



### पायरेसी से हुआ निर्माताओं को नुकसान

विक्की कौशल स्टारर 'छावा' 14 फरवरी 2025 को सिनेमाघरों में रिलीज हुई थी। इस फिल्म ने बॉक्स ऑफिस पर शानदार प्रदर्शन किया, लेकिन जल्द ही यह पायरेसी की चपेट में आ गई। इसके बाद अगस्त्य एंटरटेनमेंट कंपनी के सीईओ रजत राहुल हक्सर ने साइबर पुलिस में इसको लेकर शिकायत दर्ज की। उन्होंने कहा कि 14 फरवरी से 20 मार्च 2025 के बीच व्हाट्सएप, इंस्टाग्राम, टेलीग्राम, यूट्यूब और गूगल जैसे प्लेटफॉर्म्स पर फिल्म के 1818 अवैध लिंक फैलाए गए। इन लिंक्स ने कॉपीराइट कानून का उल्लंघन करते हुए फिल्म की कमाई को बड़ा नुकसान पहुंचाया।

# चीन का अमेरिका को जवाब, आयात पर शुल्क बढ़ाकर 125 प्रतिशत किया

» बीजिंग, भाषा।

चीन ने ट्रंप प्रशासन की तरफ से सीमा शुल्क में लगातार की जा रही बढ़ोतरी के बीच शुक्रवार को अपना पलटवार जारी रखते हुए अमेरिकी उत्पादों के आयात पर अतिरिक्त शुल्क को बढ़ाकर 125 प्रतिशत कर दिया। इसके पहले अमेरिका ने चीन से आयात होने वाले उत्पादों पर शुल्क को बढ़ाकर 145 प्रतिशत करने की घोषणा की थी। हालांकि चीन ने सीमा शुल्क को लेकर छिड़े व्यापार गतिरोध को दूर करने के लिए अमेरिकी प्रशासन के साथ बातचीत करने में भी दिलचस्पी दिखाई। चीन के सीमा शुल्क आयोग ने अमेरिकी आयात पर अतिरिक्त 125 प्रतिशत शुल्क लगाने की घोषणा करते हुए कहा, अगर अमेरिका इससे भी अधिक शुल्क लगाता है तो उसका आर्थिक रूप से कोई मतलब नहीं होगा और आखिरकार वह विश्व आर्थिक इतिहास में एक मजाक के रूप में दर्ज होगा।




आयोग ने कहा, चीनी बाजार के लिए मौजूदा शुल्क स्तर पर अमेरिकी आयात को स्वीकार करना पहले से ही असंभव है। ऐसे में अगर अमेरिका हमारे उत्पादों पर और शुल्क लगाता है तो फिर चीन इसे अनदेखा कर देगा।इसके साथ ही सीमा शुल्क आयोग ने कहा कि अगर अमेरिका चीन के हितों को कमज़ोर करने में लगा रहता है तो चीन सख्त जवाबी कार्रवाई करेगा और आखिर तक लड़ेगा। अतिरिक्त शुल्क शनिवार से प्रभावी होंगे। यह घोषणा चीनी आयात पर जवाबी शुल्क को 125 प्रतिशत तक बढ़ाने के अमेरिकी कदम के बाद की गई है। अमेरिका ने कहा कि चीनी उत्पादों पर कुल शुल्क 145 प्रतिशत हो गया है जिसमें इस साल जनवरी में ट्रंप सरकार आने के बाद घोषित 20 प्रतिशत शुल्क भी शामिल है। ट्रंप सरकार की तरफ से चीन पर भारी-भरकम शुल्क लगाए जाने और अन्य देशों पर लगाए शुल्क को 90 दिनों के लिए टाल दिए जाने के बाद चीन इस व्यापार युद्ध में अलग-थलग पड़ता हुआ नजर आ रहा है। हालांकि दुनिया की दूसरी बड़ी अर्थव्यवस्था चीन ने भी अमेरिकी आयात पर शुल्क को कई गुना बढ़ाकर 125 प्रतिशत कर दिया है। इसके अलावा चीन के वाणिज्य मंत्रालय ने विश्व व्यापार संगठन (डब्ल्यूटीओ) के विवाद निपटान तंत्र के तहत अमेरिका के खिलाफ मुकदमा भी दायर किया है। इसके साथ ही चीन ने इस मुद्दे को हल करने के लिए बातचीत का दरवाजा खुला रखा है। चीनी विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता लिन जियान ने कहा कि अगर अमेरिका वास्तव में बातचीत और वार्ता के माध्यम से मुद्दों को हल करना चाहता है, तो उसे अपने अधिकतम दबाव की रणनीति और गैर-जिम्मेदाराना हरकतों को रोकना चाहिए। लिन ने यहां एक मीडिया ब्रीफिंग में कहा, शुल्क युद्धों या व्यापार युद्धों में कोई भी विजेता नहीं होता है। चीन ऐसे युद्ध का हिस्सा नहीं बनना चाहता है लेकिन हम ऐसा करने से डरते भी नहीं हैं। उन्होंने कहा कि कोई भी संवाद समानता, आपसी सम्मान एवं लाभ पर आधारित होना चाहिए और अगर अमेरिका शुल्क युद्ध बढ़ाने पर जोर देता है, तो चीन भी इस चुनौती का पुरजोर जवाब देगा।

## चीन के राष्ट्रपति शी चिनफिंग दक्षिण-पूर्व एशिया के तीन देशों की यात्रा करेंगे

**बीजिंग।** चीन के राष्ट्रपति शी चिनफिंग क्षेत्रीय सहयोग को मजबूत करने के मकसद से अगले सप्ताह की शुरुआत में दक्षिण पूर्व एशिया के तीन देशों का दौरा करेंगे। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप द्वारा चीन पर 145 प्रतिशत शुल्क (टैरिफ) लगाए जाने के बाद यह शी का पहला विदेश दौरा होगा। चीन के विदेश मंत्रालय ने शुक्रवार को घोषणा की कि शी 14 से 18 अप्रैल तक वियतनाम, मलेशिया और कंबोडिया की यात्रा पर जाएंगे। ये तीनों देश दक्षिण-पूर्व एशियाई राष्ट्रों के संगठन (आसियान) का हिस्सा हैं, जिसके साथ चीन का पिछले वर्ष सबसे अधिक 962.28 अरब अमेरिकी डॉलर का व्यापार हुआ था और चीन का निर्यात कुल 575 अरब अमेरिकी डॉलर का था।



## भारतीय राजदूत ने चीनी उप विदेश मंत्री सुन वेइदोंग से मुलाकात कर द्विपक्षीय संबंधों पर चर्चा की

**बीजिंग।** चीन में भारत के राजदूत प्रदीप कुमार रावत ने चीन के उप विदेश मंत्री सुन वेइदोंग से मुलाकात कर द्विपक्षीय संबंधों और विभिन्न क्षेत्रों में सहयोग पर चर्चा की। चीन के विदेश मंत्रालय ने यह जानकारी दी। मंत्रालय ने बृहस्पतिवार को एक प्रेस विज्ञप्ति जारी कर बताया कि यह बैठक नौ अप्रैल को हुई थी। प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार, दोनों पक्षों ने चीन-भारत संबंधों, विभिन्न क्षेत्रों में आदान-प्रदान और सहयोग पर चर्चा की। विज्ञप्ति के अनुसार, दोनों पक्षों ने कहा कि चीन और भारत अपने नेताओं के बीच बनी अहम आम सहमति को ईमानदारी से लागू करने और आपसी संबंधों के विकास को स्वस्थ एवं स्थिर गति से बढ़ावा देने के लिए मिलकर काम करेंगे। चीन के राष्ट्रपति शी चिनफिंग और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने पिछले साल अक्टूबर में रूस के कजान में मुलाकात की थी। पूर्वी लद्दाख में सैन्य गतिरोध के कारण चार साल से अधिक समय तक तनावपूर्ण रहे भारत-चीन संबंधों में इस मुलाकात के बाद से सुधार के संकेत दिख रहे हैं।



### सीतारमण की यात्रा का उद्देश्य उच्च स्तरीय वार्ता

## ऑस्ट्रिया के साथ निवेश, वित्त-प्रौद्योगिकी में सहयोग पर सीतारमण ने चर्चा की

» लंदन, भाषा।

वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने ऑस्ट्रिया की अपनी यात्रा के दौरान दोनों देशों की स्टार्टअप कंपनियों के बीच वित्त-प्रौद्योगिकी क्षेत्र में निवेश और सहयोग के अवसरों को लेकर विशेष चर्चा की। ऑस्ट्रिया के वित्त मंत्रालय ने बृहस्पतिवार को वियना में मेजबान देश के वित्त मंत्री मार्कस मार्टरबाउर और सचिव बारबरा ईबिंगर-मिडल के साथ सीतारमण की बैठकों के बारे में जानकारी साझा की। अधिकारियों ने कहा कि सीतारमण की यात्रा का उद्देश्य उच्च स्तरीय वार्ता, द्विपक्षीय बैठकों और सहयोग के अवसरों की खोज के जरिए ऑस्ट्रिया के साथ भारत के आर्थिक और वित्तीय संबंधों को मजबूत बनाना है। ऑस्ट्रिया के वित्त मंत्रालय ने एक बयान में कहा, भारतीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने भारतीय अर्थव्यवस्था के प्रमुख पहलुओं, प्रमुख सुधारों और नीतिगत उपायों के बारे में जानकारी दी।

सीतारमण ने इलेक्ट्रिक परिवहन और सेमीकंडक्टर क्षेत्रों में राष्ट्रीय निवेश और अवसंरचना कोष के जरिए दोनों देशों की स्टार्टअप कंपनियों के बीच खासकर वित्त प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में निवेश एवं व्यापार सहयोग के अवसरों के बारे में बताया। बैठक में मंत्री मार्टरबाउर ने कहा, अमेरिका की शुल्क और व्यापार नीतियां यूरोपीय एवं ऑस्ट्रियाई अर्थव्यवस्थाओं पर दबाव डाल रही हैं। इससे सभी भागीदार देशों के साथ आर्थिक सहयोग को



मजबूत करना और नवोन्मेष-संचालित सहयोग को बढ़ावा देना और भी महत्वपूर्ण हो जाता है।बारबरा ईबिंगर-मिडल ने कहा, भारत जैसी अर्थव्यवस्था के साथ सहयोग और व्यापार संबंध हमारे लिए बहुत महत्वपूर्ण है। सीतारमण के साथ आदान-प्रदान ऑस्ट्रिया और भारत के बीच गहन सहयोग की व्यापक क्षमता को रेखांकित करता है। इस बीच, भारतीय वित्त मंत्रालय ने कहा कि सीतारमण ने मार्टरबाउर को एक व्यापार प्रतिनिधिमंडल के साथ भारत आने के लिए आमंत्रित किया है। सीतारमण यूरोपीय देशों के अपने दौरे के क्रम में इस समय ऑस्ट्रिया पहुंची हुई हैं। इसके पहले वह ब्रिटेन की यात्रा पर थीं।

## बांग्लादेश से पारगमन माल 2024-25 में 46 प्रतिशत बढ़ा, नौ अप्रैल से सुविधा बंद

» ढाका, भाषा।

पश्चिम बंगाल के उत्तर 24 परगना जिले में स्थित पेट्रापोल भूमि बंदरगाह पर भारत के रास्ते दोबारा निर्यात के लिए बांग्लादेश से भेजा जाने वाला पारगमन माल वित्त वर्ष 2023-24 और 2024-25 के दौरान 46 प्रतिशत बढ़ गया। आधिकारिक आंकड़ों से यह जानकारी मिली है। हालांकि, एक अधिकारी ने कहा कि भारत सरकार के पारगमन सुविधा रद्द करने वाले फैसले के बाद बांग्लादेश का पारगमन माल से लदा कोई भी ट्रक नौ अप्रैल से पेट्रापोल सीमा से नहीं आया है। पेट्रापोल क्लियरिंग एजेंट्स स्टाफ वेल्फेयर एसोसिएशन (पीसीएएसडब्ल्यूए) की तरफ से उपलब्ध कराए गए आंकड़ों के मुताबिक, वित्त वर्ष 2023-24 में 2,357.27 करोड़ रुपए मूल्य की 4,733 खेप ले जाने वाले 3,473 ट्रक पेट्रापोल के रास्ते बांग्लादेश से भारतीय सीमा में पहुंचे थे। वित्त वर्ष 2024-25 में 4,861 ट्रकों ने 3,446.66 करोड़ रुपए मूल्य की 7,772 खेपों का परिवहन किया।

यह उससे पहले के साल की तुलना में ट्रक आवाजाही में 36 प्रतिशत और माल के मूल्य में 46 प्रतिशत की उछाल को दर्शाता है। भारत ने 29 जून, 2020 से भारतीय भूमि सीमा शुल्क स्टेशनों के माध्यम से और बाद में भारतीय बंदरगाहों और हवाई अड्डों के माध्यम से बांग्लादेश से तीसरे देशों को भेजे जाने वाले निर्यात माल के पारगमन की अनुमति दी थी। हालांकि, इस साल आठ अप्रैल को, भारत सरकार ने पारगमन सुविधा को रद्द कर दिया। इस फैसले के बाद बांग्लादेश के बेनापोल बंदरगाह ने नौ अप्रैल को



पारगमन माल ढोने वाले चार ट्रकों को लौटा दिया।पेट्रापोल भूमि बंदरगाह के प्रबंधक कमलेश सैनी ने कहा, बांग्लादेश से तीसरे देशों के लिए माल ले जाने वाला कोई भी ट्रक नौ अप्रैल से पेट्रापोल सीमा में नहीं आया है, और अगले आदेश तक स्थिति ऐसी ही रहेगी। हालांकि बांग्लादेश के साथ सामान्य प्रत्यक्ष आयात-निर्यात गतिविधि निर्बाध रूप से जारी है। पीसीएएसडब्ल्यूए के आंकड़ों के अनुसार, नौ अप्रैल से पहले बांग्लादेश से आए लगभग 50-60 ट्रकों में से लगभग 15-20 ट्रक यूरोप और अमेरिका जैसे पश्चिमी बाजारों के लिए तैयार कपड़ों से भरे कंटेनर ले जा रहे थे। दूसरी ओर, लगभग 400 भारतीय ट्रक हर दिन पेट्रापोल-बेनापोल सीमा के रास्ते पड़ोसी देश में प्रवेश करते हैं। पारगमन सुविधा बंद किए जाने पर बांग्लादेश के बेनापोल में क्लियरिंग एजेंट स्टाफ एसोसिएशन के एक अधिकारी ने कहा, वैश्विक मांग के चलते भारी तनाव से गुजर रहे परिधान उद्योग के निर्यातकों के लिए अच्छी खबर नहीं है। इसका असर सीमा व्यापार पर पड़ेगा।

## अमेरिका ने ईरानी तेल का परिवहन करने के लिए भारतीय नागरिक और दो भारतीय कंपनियों पर प्रतिबंध लगाया

**न्यूयॉर्क/वाशिंगटन।** अमेरिका ने ईरान के तेल का परिवहन करने और ईरान के छाया बेड़े के तौर पर काम करने के आरोप में संयुक्त अरब अमीरात में रहने वाले एक भारतीय नागरिक और भारत की दो कंपनियों पर प्रतिबंध लगाया है। अमेरिका के वित्त मंत्रालय ने बृहस्पतिवार को एक बयान जारी करके यह जानकारी दी। बयान में कहा गया कि जुगविंदर सिंह बरार कई पोतपरिवहन कंपनियों के मालिक हैं और उनके पास लगभग 30 जहाजों का बेड़ा है, जिनमें से कई ईरान के छाया बेड़े के हिस्से के रूप में काम करते हैं। बरार का यूएई में व्यवसाय है इसके अलावा वह भारत स्थित पोत परिवहन कंपनी ग्लोबल टैंकर्स प्राइवेट लिमिटेड और पेट्रोकेमिकल बिक्री कंपनी बी एंड पी सॉल्यूशंस प्राइवेट लिमिटेड के मालिक हैं या उनका नियंत्रण भी उनके पास है। वित्त मंत्रालय के विदेशी संपत्ति नियंत्रण कार्यालय (ओएफएसी) ने बरार और भारत-आधारित दो कंपनियों को प्रतिबंधित कर दिया है। ओएफएसी ने कहा कि बरार के जहाज इराक, ईरान, संयुक्त अरब अमीरात और ओमान की खाड़ी के जलक्षेत्र में ईरानी पेट्रोलियम के जहाज-से-जहाज (एसटीएस) स्थानांतरण में लिप्त हैं। इसके बाद ए माल अन्य मददगारों के पास पहुंचता है, जो अन्य देशों के उत्पादों के साथ तेल या ईंधन को मिला देते हैं और ईरान के साथ संबंधों को छिपाने के लिए पोत परिवहन संबंधी दस्तावेजों में हेराफेरी करते हैं जिससे ए माल अंतरराष्ट्रीय बाजार तक पहुंच जाता है। वित्त मंत्री स्कॉट बेसेन्ट ने कहा, ईरानी शासन अपने तेल की बिक्री के लिए और अपनी अस्थिरता पैदा करने वाली गतिविधियों को वित्तपोषित करने के लिए बरार और उसकी कंपनियों जैसे परिवहनकर्ताओं और दलालों के नेटवर्क पर निर्भर करता है। उन्होंने कहा कि अमेरिका ईरान के तेल निर्यात के सभी माध्यमों को बाधित करने पर दृढ़ है, विशेष रूप से उन लोगों को जो इस व्यापार से लाभ कमाना चाहते हैं।



### न्यूज ब्रीफ

## युवराज हैरी अचानक पहुंचे यूक्रेन, युद्ध पीड़ितों से मुलाकात की

» लंदन, भाषा।



ब्रिटेन के महाराजा चार्ल्स तृतीय के छोटे बेटे युवराज हैरी अचानक यूक्रेन पहुंचे और वहां उन्होंने रूस के साथ जारी युद्ध के पीड़ितों से मुलाकात की। एक प्रवक्ता ने यह जानकारी दी। हैरी ने बृहस्पतिवार को लवीव में ऑर्थोपेडिक क्लीनिक सुपरह्यूमन्स सेंटर का दौरा किया जहां घायल सैन्य कर्मियों और नागरिकों का इलाज किया जाता है। युवराज हैरी की यात्रा का मकसद यह सुनिश्चित करना है कि युद्ध के बीच लोगों की शीर्ष-स्तरीय सेवाएं मिलें। इस केंद्र में कृत्रिम अंग, पुनर्निर्माण सर्जरी और मनोवैज्ञानिक सहायता नि:शुल्क प्रदान की जाती हैं। युवराज हैरी की पश्चिमी यूक्रेन की यात्रा के संबंध में जानकारी तब दी गई जब वह वहां से रवाना हो गए।

ब्रिटिश सेना में 10 साल सेवाएं देने वाले हैरी ने घायल सैनिकों की मदद को अपना प्रमुख कार्यक्षेत्र बनाया है। उन्होंने 2014 में इनविक्टस गेम्स की स्थापना की ताकि घायल सैनिकों को पैरालिंपिक जैसे खेल आयोजनों में प्रतिस्पर्धा करने का मौका मिल सके। प्रवक्ता ने कहा कि इनविक्टस सिर्फ़ प्रतिस्पर्धा ही नहीं, बल्कि इससे कहीं बढ़कर है। यह चोट के बाद के जीवन के बारे में हैं, यही वजह है कि हैरी लवीव जैसे पुनर्वास केंद्रों में जाते हैं। यात्रा के दौरान हैरी ने यूक्रेन के पूर्व सैनिकों के मामलों की मंत्री नतालिया कलमीकोवा से मुलाकात की। हैरी (40) यूक्रेन की यात्रा करने वाले शाही परिवार के दूसरे सदस्य हैं। उनकी रिश्तेदार एवं डचेस ऑफ एडिनबर्ग सोफी ने पिछले साल कीव की यात्रा की थी।

## तहव्वुर राणा ने मुंबई हमले के बाद हेडली से कहा था : भारतीयों का यही हश्र होना चाहिए

» वाशिंगटन/न्यूयॉर्क, भाषा।

मुंबई आतंकी हमले के आरोपी तहव्वुर राणा ने कथित तौर पर कहा था कि भारतीयों का यही हश्र होना चाहिए। उसने हमले के दौरान मारे गए लश्कर-ए- तैयबा के नौ आतंकवादियों की सराहना करते हुए उन्हें पाकिस्तान का सर्वोच्च वीरता पुरस्कार निशान-ए-हैदर दिए जाने की हिमायत की थी। अमेरिकी न्याय विभाग ने यह जानकारी दी। अमेरिका ने बुधवार को पाकिस्तानी मूल के कनाडाई नागरिक तहव्वुर हुसैन राणा को भारत में मुकदमे का सामना करने के लिए प्रत्यर्पित कर दिया। उस पर, 2008 के मुंबई आतंकी हमले में कथित भूमिका से जुड़े 10 आपराधिक आरोप हैं।



इस हमले में छह अमेरिकी सहित 166 लोग मारे गए थे। न्याय विभाग ने एक बयान में कहा, राणा का प्रत्यर्पण उन छह अमेरिकियों और अन्य पीड़ितों के लिए न्याय पाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है, जो इस जघन्य हमले में मारे गए थे। भारत का आरोप है कि राणा ने अपने बचपन के दोस्त (डेविड) हेडली को लश्कर ए तैयबा के संभावित हमला स्थलों की टोह लेने के लिए मुंबई की बेरोकटोक यात्रा करने में मदद की थी। बयान के अनुसार, हमले के बाद, राणा ने हेडली से कथित तौर पर कहा था कि भारतीयों का यही हश्र होना चाहिए। बयान में कहा गया है, हेडली के साथ बातचीत में राणा ने हमले में मारे गए लश्कर के नौ आतंकवादियों की कथित तौर पर सराहना करते हुए कहा था कि उन्हें लड़ाई में वीरता पदर्शित करने के लिए पाकिस्तान का सर्वोच्च वीरता पुरस्कार, निशान-ए-हैदर दिया जाना चाहिए, जो युद्ध में जान गंवाने वाले सैनिकों को दिया जाता है। भारत का आरोप है कि हेडली ने पाकिस्तान में लश्कर-ए-तैयबा के सदस्यों से प्रशिक्षण प्राप्त किया था और वह मुंबई हमले की साजिश रचने में आतंकवादी संगठन के साथ सीधे संपर्क में था। राणा अपने आव्रजन व्यवसाय की मुंबई शाखा खोलने और हेडली को कार्यालय का प्रबंधक नियुक्त करने के लिए सहमत हुआ, जबकि हेडली के पास आव्रजन संबंधी कामकाज का कोई अनुभव नहीं था। दो अलग-अलग मौकों पर, राणा ने हेडली को वीजा आवेदन तैयार करने और इसे भारतीय अधिकारियों को सौंपने में कथित तौर पर मदद की थी। मुंबई हमले के लिए लश्कर-ए-तैयबा की संभावित गतिविधियों के बारे में जानकारी दी थी। वर्ष 2008 में 26 से 29 नवंबर के बीच लश्कर-ए-तैयबा के 10 आतंकवादियों ने मुंबई में 12 समन्वित हमलों को अंजाम दिया था।

### खुशी है कि 26/11 हमले के पीड़ितों के लिए न्याय का समय आ गया है: अमेरिकी विदेश मंत्री

**न्यूयॉर्क/वाशिंगटन।** अमेरिकी विदेश मंत्री मार्को रूबियो ने कहा कि भारत और अमेरिका 26/11 मुंबई हमलों के पीड़ितों को न्याय दिलाने के लिए लंबे समय से प्रयास करते आ रहे हैं और तहव्वुर राणा के प्रत्यर्पण के साथ ही वह दिन आ गया है। रूबियो ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा, हमने तहव्वुर हुसैन राणा को भारत प्रत्यर्पित किया है, ताकि 2008 के मुंबई आतंकवादी हमलों की साजिश में भूमिका के लिए उसके खिलाफ मुकदमा चलाया जा सके। हम उन हमलों में जान गंवाने वाले छह अमेरिकी नागरिकों समेत 166 लोगों को न्याय दिलाने के लिए भारत के साथ मिलकर लंबे समय से प्रयास कर रहे हैं। मुझे खुशी है कि वह दिन आ गया है। इससे पहले बृहस्पतिवार को अमेरिकी विदेश मंत्रालय ने कहा था कि नवंबर 2008 में हुए आतंकवादी हमलों ने पूरे विश्व को झकझोर दिया था और अमेरिका इनके लिए जिम्मेदार लोगों को न्याय के कटघरे में लाने के भारत के प्रयासों का लंबे समय से समर्थन करता रहा है। अमेरिकी विदेश मंत्रालय की प्रवक्ता टैमी ब्रूस ने बृहस्पतिवार को कहा कि अमेरिका ने 64 वर्षीय राणा को 2008 के भयानक आतंकवादी हमलों के षड्यंत्र में उसकी भूमिका के कारण न्याय का सामना करने के लिए नौ अप्रैल को भारत प्रत्यर्पित किया। उन्होंने कहा, अमेरिका ने इन हमलों के लिए जिम्मेदार लोगों को न्याय के कटघरे में लाने के भारत के प्रयासों का लंबे समय से समर्थन किया है और जैसा कि राष्ट्रपति ट्रंप ने कहा है, अमेरिका और भारत आतंकवाद के वैश्विक संकट से निपटने के लिए मिलकर काम करते रहेंगे। उन्होंने बताया कि राणा भारत के कब्जे में है।



## दक्षिण कोरिया : अपदस्थ राष्ट्रपति यून ने आधिकारिक आवास छोड़ा

» सियोल, भाषा।

महाभियोग के जरिए पदच्युत किए गए दक्षिण कोरिया के राष्ट्रपति यून सुक एओल ने शुक्रवार को सियोल स्थित अपना आधिकारिक आवास छोड़ दिया। यह कदम दिसंबर में मार्शल लॉ लागू करने के फैसले के कारण संवैधानिक न्यायालय द्वारा उन्हें पद से हटाए जाने के एक सप्ताह बाद उठाया गया है। विद्रोह के आरोपों पर आपराधिक मुकदमे का सामना कर रहे यून को मार्च में सियोल की एक अदालत द्वारा उनकी गिरफ्तारी रद्द किए जाने के बाद हिरासत से रिहा कर दिया गया था। यून और उनकी पत्नी किम किऑन अपने पालतू 11 कुत्तों और बिल्लियों के साथ दक्षिणी सियोल स्थित अपने निजी अपार्टमेंट में चले गए हैं।

यून की काली वैन जैसे ही राष्ट्रपति परिसर के गेट के निकट पहुंची, वह वैन से बाहर निकले, मुस्कुराते हुए अपने समर्थकों की ओर हाथ हिलाया, कुछेक से हाथ मिलाया और कुछ को गले लगाया, फिर वापस गाड़ी में सवार होकर वहां से चले गए। निजी आवास पहुंचने पर भी यून ने वहां मौजूद समर्थकों को निराश नहीं किया और कुछ दूर पहले ही वाहन से उतरकर समर्थकों की भीड़ के बीच से धीरे-धीरे आगे बढ़े, उनसे हाथ मिलाया। यून की पत्नी भी उनके पीछे-पीछे चल रही थीं।

### पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ के वरिष्ठ नेता जुनैद अकबर ने कहा

## इमरान खान पाकिस्तान सरकार या किसी भी संस्था के साथ सुलह वार्ता के लिए तैयार हैं

» पेशावर, भाषा।

पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ के वरिष्ठ नेता जुनैद अकबर ने कहा है कि पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान पाकिस्तान की सरकार या किसी भी संस्था के साथ सुलह वार्ता करने के लिए तैयार हैं, लेकिन उन्हें बंदूक दिखाकर मजबूर नहीं किया जा सकता है। इमरान खान की पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ पार्टी के नेता अकबर ने बृहस्पतिवार को मीडिया से बातचीत में कहा कि पूर्व प्रधानमंत्री ने स्पष्ट कर दिया है कि वह संविधान और कानून की शुचिता के लिए किसी से भी बात करने को तैयार हैं, लेकिन उन्हें बंदूक दिखाकर मजबूर नहीं किया जा सकता। खान अगस्त 2023 से रावलपिंडी की अडियाला जेल में बंद हैं।



अप्रैल, 2022 में उनकी सरकार गिराए जाने के बाद उनके खिलाफ कई मामले दर्ज किए गए हैं। अकबर ने कहा, हमारे दरवाजे बातचीत के लिए हमेशा खुले हैं, लेकिन अगर कोई यह सोचता है कि खान साहब और हमारे कार्यकर्ताओं के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर और उन्हें जेल भेजकर वह अपनी इच्छा जबरन हमारे ऊपर थोपेगा, तो यह उनका भ्रम है। अकबर ने यह भी कहा कि संस्थाओं को अपने कानूनी दायरे में रहकर ही काम करना चाहिए और ऐसा ही राजनीतिक दलों को भी करना चाहिए। उन्होंने कहा, हम संविधान और कानून को बनाए रखने के लिए सरकार अथवा संस्थाओं से बातचीत करने के लिए तैयार हैं। खान की रिहाई के लिए विरोध प्रदर्शन पर अकबर ने कहा, यह सिर्फ खान साहब का मुद्दा नहीं है यह एक राष्ट्रीय मुद्दा है। संस्थाओं और जनता के बीच की खाई काफी बढ़ गई है...हम बार-बार जनता द्वारा समर्थित मजबूत संस्थाओं की जरूरत पर जोर देते हैं।

### इमरान खान की रिहाई की मांग कर रहे 100 से अधिक समर्थक गिरफ्तार

**लाहौर।** जेल में बंद पाकिस्तान के पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान की रिहाई की मांग को लेकर पंजाब प्रांत में रैलियां कर रहे पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ (पीटीआई) के 100 से अधिक कार्यकर्ताओं को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। पीटीआई की पंजाब इकाई की प्रमुख आलिया हमजा मलिक ने कहा कि तमाम बाधाओं और पार्टी पर शिकंजा कसे जाने के बावजूद खान समर्थक उनके साथ एकजुटता व्यक्त करने और स्थानीय तथा विदेशी साजिश के जरिए उनकी सरकार पलटने के खिलाफ प्रदर्शन के लिए सड़कों पर उतरने में कामयाब रहे। मलिक ने कहा, बृहस्पतिवार को संबंधित रैलियों के मार्गों पर अलग-अलग स्थान पर पुलिस ने 100 से अधिक पार्टी नेताओं, कार्यकर्ताओं और समर्थकों को गिरफ्तार किया है। खान की सरकार को 10 अप्रैल 2022 को गिरा दिया गया था। तब पाकिस्तान मुस्लिम लीग-नवाज (पीएमएल-एन) के नेतृत्व में विपक्षी दलों के गठबंधन ने अविश्वास प्रस्ताव पेश किया था। मलिक ने कहा, हम पाकिस्तान में सत्ता परिवर्तन की घटना को नहीं भूले हैं। हम इमरान खान के प्रति वफादार हैं। उन्होंने कहा कि खान को विदेशी और आंतरिक साजिश के तहत 10 अप्रैल 2022 की रात को सत्ता से बेदखल किया गया था। उन्होंने कहा कि कठपुतली सरकार ने खान को अवैध रूप से कैद कर लिया है लेकिन पीटीआई कार्यकर्ता उनकी रिहाई तक चैन से नहीं बैठेंगे। क्रिकेटर से राजनेता बने खान अगस्त 2023 से कई मामलों में जेल में हैं।

## न्यूयार्क : हवा में दोफाड़ हुआ हेलीकॉप्टर नदी में गिरा, सीमेंस के स्पेन के ईओ समेत छह की मौत

» न्यूयॉर्क, भाषा।

न्यूयॉर्क में पर्यटन में इस्तेमाल होने वाला एक हेलीकॉप्टर बृहस्पतिवार को उड़ान के दौरान हवा में ही टूटकर दोफाड़ हो गया और हडसन नदी में जा गिरा। इस हादसे में हेलीकॉप्टर में सवार पायलट और सीमेंस कंपनी के स्पेन के कार्यकारी अधिकारी, उनकी पत्नी व तीन बच्चों की मौत हो गई। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। जांच से जुड़े एक अधिकारी ने एसोसिएटेड प्रेस को बताया कि मृतकों में पायलट के अलावा जानी मानी कंपनी सीमेंस के कार्यकारी अधिकारी (ईओ) ऑगस्टिन एस्कोबार, उनकी पत्नी मर्स कैम्परुबी मोंटाल और तीन बच्चे शामिल हैं। हेलीकॉप्टर कंपनी की वेबसाइट पर जारी की गई तस्वीरों में दंपति और उनके बच्चे हेलीकॉप्टर में सवार होते समय मुस्कुराते हुए दिखाई दे रहे हैं।न्यूयॉर्क के मेयर एरिक एडम्स ने कहा कि शवों को पानी से निकाल लिया गया है। हेलीकॉप्टर ने मैनहट्टन में उत्तर की ओर और फिर स्टैच्यू ऑफ लिबर्टी की ओर 18 मिनट से भी कम समय तक उड़ान भरी।

दुर्घटना के कुछ वीडियो सामने आए हैं जिनमें हेलीकॉप्टर के कुछ हिस्से हवा में उछलकर जर्सी सिटी, न्यू जर्सी के तट के पास पानी में गिरते हुए दिखाई दिए। वहां मौजूद एक प्रत्यक्षदर्शी ब्रूस वॉल ने बताया कि उसने विमान को हवा में ही टूटकर दोफाड़ होते हुए देखा, जिसमें टेल और प्रोपेलर अलग हो गए। न्यू जर्सी के होबोकेन में नदी के किनारे स्थित एक रेस्तरां की संचालिका लेस्ली कैमाचो ने बताया कि हेलीकॉप्टर अनियंत्रित रूप से घूम रहा था और पानी में गिरने से पहले उसमें से धुआं निकल रहा था। अधिकारियों ने बताया कि उड़ान का संचालन न्यूयॉर्क हेलीकॉप्टर्स करता है। न्यूयॉर्क और न्यू जर्सी में कंपनी के कार्यालयों में संपर्क करने की कोशिश की गई लेकिन वहां से कोई उत्तर नहीं मिला। कंपनी के मालिक

